CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 23°C

नई दिल्ली, बुधवार 9 जुलाई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 97 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 13 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में महिला आर्थिक सशक्तिकरण करेगा महिला सशक्तिकरण का मूल्यांकन पेज 2



टी-20 गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान के करीब पहुंची दीप्ति शर्मा खेल टाइम्स



ई-डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान सम्पादकीय



संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान पर प्रस्ताव के मतदान से अलग रहा भारत पेज 12

### यूपी की शिक्षा मंत्री गुलाब देवी का हापुड़ में एक्सीडेंट सिर में गंभीर चोट

**हापुड़।** यूपी की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी (70 साल) का मंगलवार को हापुड़ में एक्सीडेंट हो गया। उनकी एक्सयूवी पुलिस जीप से टकरा गई। सिर में चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हुई हैं। वहीं, ड्राइवर सतबीर के हाथ में चोट लगी है। हादसे के बाद मंत्री की गाड़ी में लगे एयरबैग नहीं खुले। मंत्री और ड्राइवर को रामा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। डीएम अभिषेक पांडे और एसपी ज्ञानंजय सिंह मौके पर पहुंचे। सीएमओ डाक्टर सुनील त्यागी की टीम मंत्री का इलाज कर रही है। मंत्री के सिर की एमआरआई कराई जा रही है।

### ट्रेड यूनियन्स का दावा 25 करोड़ कर्मचारी आज हड़ताल पर

**नई दिल्ली।** बैंक, बीमा, डाक, कोयला खनन, हाईवे, निर्माण, और कई राज्यों में सरकारी परिवहन जैसी अहम सेवाएं बुधवार (आज) 9 जुलाई को प्रभावित हो सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और उनके सहयोगी संगठनों का दावा है कि देशभर में बुधवार को 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। ट्रेड यूनियंस निजीकरण और 4 नए लेबर कोड्स के विरोध में हैं। ये केंद्र की उन नीतियों का विरोध कर रही हैं, जिन्हें वे मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और कॉर्पोरेट समर्थक मानती हैं। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के मुताबिक देश में पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में 56 करोड़ कर्मचारी है। इसमें इनफॉर्मल सेक्टर में 50 करोड़ और फॉर्मल सेक्टर में 6 करोड़ कर्मचारी है। फॉर्मल सेक्टर मतलब वो नौकरियां या बिजनेस जहां सब कुछ साफ-साफ और नियमों के तहत होता है।

### निष्क्रिय जन धन खाते नहीं होंगे बंद: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले वित्तीय सेवा विभाग ने स्पष्ट किया है कि उसने बैंकों को निष्क्रिय पड़े प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने के संबंध में कोई निर्देश नहीं दिया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर मीडिया में आई उन खबरों का खंडन किया जिनमें बैंकों को निष्क्रिय पड़े प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने का निर्देश देने की बात कही गई है। वित्तीय सेवा विभाग ने स्पष्ट किया है कि उसने बैंकों को इस तरह का निर्देश नहीं दिया है।

### उत्तरकाशी में भूकंप के हल्के झटके

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में मंगलवार अपराह्न भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। इस दौरान, किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र और भूकंप एप से मिली जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र तहसील मोरी क्षेत्र के ग्राम जखोल के जंगलों में था। इसकी तीव्रता 3.2 मैग्नीट्यूड और गहराई पांच किलोमीटर दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र 31.22 उत्तरी अक्षांश और 78.22 पूर्वी देशांतर पर स्थित था।

# पुलवामा अटैक के लिए विस्फोटक अमेजन से खरीदा गया

शाह टाइम्स ब्यूरो



फाइल फोटो

■ FATF की रिपोर्ट में खुलासा, गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को PayPal से हुआ था पेमेंट

**नई दिल्ली।** 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल हुआ विस्फोटक ई- कॉमर्स वेबसाइट अमेजन से खरीदा गया था। दुनियाभर में आतंकी फंडिंग पर नजर रखने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। एफएटीएफ ने इस रिपोर्ट में 2022 में यूपी के गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर पर हुए हमले का भी जिक्र किया है।

यहां हमलावर आतंकी को ऑनलाइन मनी ट्रांसफर प्लेटफॉर्म पेपल के जरिये पैसे दिए गए थे। इन दोनों मामलों को उदाहरण के तौर पर पेश करते हुए संगठन ने आगाह किया है कि ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान सेवाएं अगर गलत हाथों में जाएं, तो वे आतंक को बढ़ावा देने का माध्यम बन सकती हैं। एफएटीएफ की इस रिपोर्ट का नाम 'कॉम्प्रिहेंसिव अपडेट ऑन टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क' है। 131 पेज की यह रिपोर्ट बताती है कि कैसे आतंकवाद की फंडिंग के तरीके बदल रहे हैं। रिपोर्ट में यह बताया गया है कि आतंकी संगठन अब पारंपरिक फंडिंग तरीकों के साथ-साथ डिजिटल माध्यमों जैसे ऑनलाइन पेमेंट, गेमिंग प्लेटफॉर्म्स, सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स साइट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आतंकवाद से जुड़ी फंडिंग (टीएफ) की रणनीतियां एक जैसी नहीं होतीं, बल्कि अलग-अलग जगहों पर, अलग परिस्थितियों के हिसाब से अलग तरीके अपनाए जाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुत से देशों में आतंकवाद की फंडिंग को समझने और रोकने की क्षमता में अब भी बड़ी कमियां हैं और अगर इन्हें समय पर ठीक नहीं किया गया, तो आतंकी संगठन मौजूदा कमजोरियों का फायदा उठाते रहेंगे। इसमें यह बताया गया है कि किस तरह आतंकी संगठन अंतर्राष्ट्रीय फाइनेंशियल सिस्टम का इस्तेमाल अपनी गतिविधियों को जारी रखने और हमले करने के लिए करते हैं। एफएटीएफ ने दुनियाभर की सरकारों और डिजिटल कंपनियों को चेतावनी दी है कि वे इन प्लेटफॉर्म्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए ठोस उपाय करें, क्योंकि ये अब आतंकी संगठनों के लिए एक नया और प्रभावशाली जरिया बनते जा रहे हैं।

# क्रिकेटर यश दयाल पर यौन शोषण का मामला दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो



**गाजियाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और उप्र के तेज गेंदबाज यश दयाल पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 के तहत यौन शोषण, शारीरिक हिंसा, मानसिक उत्पीड़न और शादी का झूठा वादा कर धोखाधड़ी करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

उप्र के गाजियाबाद के इंदिरापुरम पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। गाजियाबाद की एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में दयाल के साथ उसके पांच साल के रिश्ते का जिक्र है। उसके अनुसार, क्रिकेटर ने उसे गुमराह करके यह विश्वास दिलाया कि वह उनसे शादी करेंगे और यहां तक कि उसे -शेष पृष्ठ दो पर

# ट्रम्प की टैरिफ स्ट्राइक, 14 देशों को झटका, भारत सुरक्षित

## जापान व स. कोरिया पर 25%, म्यांमार पर 40% टैरिफ, एक अगस्त से होगा लागू

वाशिंगटन, वार्ता



भारत, यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड डील जल्द जापान- साउथ कोरिया से नहीं हुई ट्रेड डील

ट्रम्प बोले- यूएस, भारत के साथ डील करने के करीब, भारत व अमेरिका वाशिंगटन में वार्ता कर रहे

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को बांग्लादेश- जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। ट्रम्प प्रशासन ने सोमवार को सभी प्रभावित देशों को औपचारिक रूप से लेटर भेजकर इस निर्णय की जानकारी दी। टैरिफ बढ़ाने के दायरे में भारत शामिल नहीं है।

इस फैसले के तहत कुछ देशों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाया गया है, जबकि कुछ पर 30प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक का भारी शुल्क लगाया गया है। दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं को ट्रम्प ने सबसे पहले लेटर भेजा और कहा कि उनके देश से आने वाले सामान पर अब 25 प्रतिशत शुल्क लगेगा। उन्होंने लिखा कि ये टैक्स इसलिए जरूरी हैं, ताकि अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार में जो असंतुलन है, उसे सुधारा जा सके। ये टैरिफ एक अगस्त से लागू होंगे। इसके साथ ही ट्रम्प ने एक अगस्त से ग्लोबल टैरिफ लगाने की घोषणा की। पहले ट्रम्प 9 जुलाई को इसका ऐलान करने वाले थे। ट्रम्प ने अप्रैल में पहली बार सभी अमेरिकी आयात पर 10 प्रतिशत बेसलाइन टैक्स और 60 देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाने की बात की थी। उस घोषणा के बाद दुनियाभर के शेयर और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल मच गई थी, इसलिए उन्होंने टैरिफ को कुछ समय के लिए टाल दिया था और देशों को अमेरिका के साथ नई डील करने का मौका दिया था। पहले उन्हें 8 जुलाई तक का वक्त दिया गया था, ताकि 9 जुलाई से नए टैरिफ -शेष पृष्ठ दो पर

# ड्रीमलाइनर क्रैश: 26 दिन बाद आई शुरुआती जांच रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एएआईबी ने सरकार को सौंपी, विस्तृत रिपोर्ट तीन महीने में आने की संभावना

**नई दिल्ली।** एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने अहमदाबाद विमान हादसे के 26 दिन बाद प्राइमरी जांच रिपोर्ट मंगलवार को केंद्र सरकार को सौंपी। प्राइमरी रिपोर्ट शुरुआती जांच में मिले सबूतों और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर तैयार की गई है।

इससे पहले 28 जून को केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया था कि विमान हादसे की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है, जिसमें साजिश (सैबोटाज) की संभावना को भी खंगाला जा रहा है। वहीं, 3 महीने में विस्तृत जांच रिपोर्ट आ सकती है। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि हादसे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह इंजन फेलियर, फ्यूल सप्लाई की समस्या या कोई तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हुआ। ब्लैक बॉक्स भारत में ही है, उसे विदेश नहीं भेजा जाएगा। इसमें मौजूद सीवीआर और एफडीआर की जांच की जा रही है। विस्तृत 3 महीने में रिपोर्ट आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) के आदेश पर एयर इंडिया के सभी 33 ड्रीमलाइनर विमानों की जांच कर ली गई है और सब कुछ सुरक्षित पाया गया है। ये हादसा एक अपवाद था, अब लोग बिना डर के यात्रा कर सकते हैं। एएआईबी इसकी हर एंगल से जांच कर रहा है। सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं और कई एजेंसियां मिलकर जांच में जुटी हैं। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171 ने 12 जून को दोपहर 1.38 बजे उड़ान भरी थी और 1.40 बजे हादसा हो गया। उस समय प्लेन 200 फीट की ऊंचाई पर था। एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर प्लेन हादसे की जांच में संयुक्त राष्ट्र शामिल होगा। संयुक्त राष्ट्र की विमानन संस्था आईसीएओ (इंटरनेशनल सिविल -शेष पृष्ठ दो पर

# खेमका हत्याकांड: शूटर देने वाला अपराधी मारा गया

**पटना।** बिहार के बड़े कारोबारी और मगध अस्पताल के मालिक गोपाल खेमका की हत्या से जुड़ा संदिग्ध अपराधी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि सोमवार को पुलिस ने खेमका हत्याकांड के शूटर उमेश उर्फ विजय को मालसलामी इलाके से गिरफ्तार किया था।

गोपाल खेमका की हत्या से जुड़े एक संदिग्ध विकास उर्फ राजा को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस मंगलवार को जब मालसलामी थाना क्षेत्र स्थित उसके घर पर पहुंची, तभी उसने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। पुलिस ने भी अपनी सुरक्षा में गोली चलाई और इस मुठभेड़ में राजा मारा गया। शूटर उमेश को राजा ने हथियार उपलब्ध कराया था। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि राजा पर पहले से कई मामले दर्ज थे। कई हत्याओं में उसका नाम शामिल है।

### देश में अब तक 254 एमएम बारिश, 15 प्रतिशत ज्यादा

**नई दिल्ली।** देशभर में दक्षिण-पश्चिम मानसून जमकर बरस रहा है। मानसून सीजन में अब तक सामान्य से 15 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। इस समय तक 221.6 एमएम बारिश होनी थी, लेकिन 254एमएम हो चुकी है। मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से बालाघाट, मंडला, सिवनी, इटारसी और कटनी समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। अनूपपुर में पुल टूटने से कार बह गई।

# छांगुर बाबा की आलीशान कोठी जमींदोज

बलरामपुर, वार्ता



**उप्र के बलरामपुर** जिला प्रशासन ने अवैध धर्मांतरण कांड के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की कोठी को बुल्डोजर से नेस्तानाबूद कर दिया।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने मंगलवार को बताया कि धर्मांतरण समेत कई काले कारनामों का मास्टमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की उतरौला तहसील में तीन बीघे में बनी करोड़ों की आलीशान कोठी को बुलडोजर से गिराया जा रहा है। जमालुद्दीन को आंतक निरोधक दस्ता (एटीएस) ने गिरफ्तार किया था। जांचोपरांत आरोपी पाए गए स्वयंभू पीर की संपत्तियों पर शिकंजा कसने के साथ छांगुर बाबा की सभी चल-अचल संपत्तियों का विवरण तत्काल उपलब कराया गया, जिसमें कई संपत्तियां नगर क्षेत्र और देहात में उसके और रिश्तेदारों के नाम पर मिली है। उनकी -शेष पृष्ठ दो पर

### अवैध धर्मांतरण के आरोपियों की संपत्ति होगी जब्त: योगी

**लखनऊ।** धर्मांतरण के आरोपी जमालउद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की गतिविधियों को राष्ट्र विरोधी बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जाएंगी और उन्हें ऐसी सजा दिलाई जाएगी, जो समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत करेगा। योगी ने एक्स पर पोस्ट किया कि हमारी सरकार बहन-बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

# पूर्व आईजी विमला व कर्नल नेगी बने उत्तराखंड में रिवर्स पलायन की नजीर

मौ. फहीम 'तन्हा'

■ सेवानिवृत्ति नहीं सेवा का नया अध्याय जब रिटायरमेंट बना नई शुरुआत का रास्ता

**देहरादून।** उत्तराखंड के पर्वतीय गांव दशकों से पलायन की मार झेलते आ रहे हैं, लेकिन अब वहीं से एक नई कहानी जन्म ले रही है। एक रिवर्स पलायन की कहानी। जहां रिटायरमेंट का अर्थ विश्राम नहीं, बल्कि गांव के लिए समर्पण और पुनर्निर्माण बन चुका है।

पूर्व पुलिस महानिरीक्षक विमला गुंज्याल और पूर्व कर्नल यशपाल सिंह नेगी दो नाम, दो पृष्ठभूमियां, लेकिन एक ही ध्येय: अपने गांव को फिर से जीवंत बनाना। विमला गुंज्याल, जिन्होंने राज्य और देश के लिए सुरक्षा सेवा में 30 वर्षों से अधिक का समय दिया, अब सीमांत गांव गुंजी (पिथौरागढ़) की निर्विरोध ग्राम प्रधान बनी हैं। वहीं, सेना से रिटायर हुए कर्नल यशपाल सिंह नेगी ने बिरगण (पौड़ी) गांव का नेतृत्व संभाला है। उनकी जीत केवल एक चुनावी परिणाम नहीं है, बल्कि यह दर्शाता है कि अब गांवों में योग्य नेतृत्व की वापसी हो रही है।

### गांवों में लौट रहा विश्वास, बनाना होगा टिकाऊ समाधान

यह बदलाव सिर्फ नेतृत्व का नहीं, सोच का भी है। गांव जिन्हें कभी पीछे छोड़ दिया गया था, अब उन्हें 'सपनों का क्षेत्र' बनाने का प्रयास शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि त्रगुंज्याल और नेगी जैसे लोग गांव लौटकर जिस तरह से नेतृत्व कर रहे हैं, वह रिवर्स पलायन की एक मिसाल है। राज्य सरकार ऐसे प्रयासों को हर संभव सहयोग देगी। गुंजी और बिरगण को अब मॉडल ग्राम पंचायतों के रूप में विकसित करने की योजना है। बुनियादी ढांचे से लेकर डिजिटल कनेक्टिविटी, आजीविका से लेकर जैविक खेती तक, नई दिशा में काम शुरू हो चुका है। बिमला गुंज्याल बताती हैं कि गांव की महिलाओं के लिए स्वरोजगार कार्यक्रम, बच्चों के लिए ऑनलाइन शिक्षा, और बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य शिविर जैसे अहम काम उनकी प्राथमिकताओं में हैं। उनका कहना है कि मुझे लगा अब मेरी जरूरत गांव में है। यहां के बच्चों, महिलाओं, किसानों के लिए कुछ ठोस करना है। कर्नल नेगी का फोकस बागवानी और सेना से जुड़े युवाओं को प्रेरित करने पर है। गांव लौटे शिक्षित और अनुभवी लोगों को स्थानीय शासन में लाना, पहाड़ों की सबसे बड़ी ज़रूरत बन गया है। इससे न सिर्फ -शेष पृष्ठ दो पर

# हज-2026 के लिए आवेदन शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ ऑनलाइन आवेदन विंडो 31 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी

**नई दिल्ली।** हज 2026 के लिए आवेदन मंगलवार से शुरू किया गया और ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने कहा कि हज 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है।

हज यात्रा पर जाने वाले इच्छुक यात्री हज पोर्टल एचटीटीपीएस:// हजकमेटी डॉटजीओवीडॉटआईएन या 'हज सुविधा' मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विंडो मंगलवार से 31 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी। आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले जारी किया गया पासपोर्ट होना अनिवार्य है और यह कम से कम 31 दिसम्बर 2026 तक वैध होना चाहिए। हज समिति आवेदकों को आवेदन करने से पहले अपनी तैयारियों पर सावधानीपूर्वक विचार करने की सलाह दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### मनरेगा के जरिए रोपे जाएंगे साढ़े बारह करोड़ पौधे

**लखनऊ( ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश में मनरेगा योजना के माध्यम से साढ़े बारह करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस बार अभियान 'एक पेड़ मां के नाम 2-0' थीम पर आधारित होगा। पूरे प्रदेश में लखीमपुर खीरी को इस अभियान में सबसे बड़ा लक्ष्य मिला है। यहां 42 लाख पौधे लगाने की योजना बनाई गई है। इसके बाद सोनभद्र को दूसरा और हरदोई को तीसरा सबसे बड़ा लक्ष्य सौंपा गया है। इन जिलों में जलवायु और जमीन की उपलब्धता के अनुसार विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे। अधिकृत सूत्रों ने बतायाकि मनरेगा के अंतर्गत पौधरोपण के लिए प्रदेश में 1.89 लाख से अधिक स्थलों का चयन किया गया है। इन स्थलों को चिन्हित कर वहां की भौगोलिक और पर्यावरणीय स्थिति के अनुरूप पौधों का रोपण सुनिश्चित किया जाएगा।

### कश्मीर की पर्यटन क्षमता सुंदर परिदृश्यों तक ही सीमित नहीं

**श्रीनगर।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंगलवार को कहा कि कश्मीर की पर्यटन क्षमता यहां के सुंदर और मनोहारी परिदृश्यों से कहीं आगे तक फैली हुई है। श्री शेखावत ने आज यहां पर्यटन सचिवों की बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर के बारे में आम धारणा काफी हद तक श्रीनगर, डल झील, गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम जैसे प्रतिष्ठित स्थलों तक ही सीमित है। उन्होंने जम्मू -कश्मीर पर्यटन विभाग और अन्य केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों से संस्कृति-संचालित पर्यटन के जरिए अलग वैश्विक पहचान बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रमों का वर्ष भर चलने वाला कैलेंडर तैयार करने का भी आग्रह किया।

# डब्ल्यूईई इंडेक्स करेगा महिला सशक्तिकरण का मूल्यांकन

## सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में महिला आर्थिक सशक्तिकरण सूचकांक (डब्ल्यूईई इंडेक्स) की प्रस्तुति की गई। यह सूचकांक योजना विभाग द्वारा उदयती फाउंडेशन के सहयोग से तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य यह है कि राज्य की योजनाओं और कार्यक्रमों से महिलाओं को कितना लाभ मिल रहा है, इसका सटीक मूल्यांकन किया जा सके और सुधार के लिए दिशा तय की जा सके। मुख्यमंत्री ने इसे 'नारी गरिमा और आत्मनिर्भरता की दिशा में उत्तर प्रदेश का एक ऐतिहासिक कदम' बताया। इस सूचकांक में पांच प्रमुख विषयों, उद्यमिता, रोजगार, शिक्षा और कौशल, आजीविका तथा सुरक्षा और आवागमन से जुड़ी सुविधाओं के आधार पर प्रदेश के सभी 75 जिलों का मूल्यांकन किया गया है। यह सूचकांक यह बताता है कि किस जिले में महिलाओं को योजनाओं का लाभ मिला और कहां अभी और प्रयासों की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश



दिए कि यह सूचकांक मुख्यमंत्री नियंत्रण कक्ष से जोड़ा जाए और सभी संबंधित विभाग इसे नीति निर्माण और निगरानी के एक महत्वपूर्ण आधार के रूप में अपनाएं। प्रत्येक विभाग को निर्देशित किया गया कि वे इस सूचकांक के आधार पर अपने-अपने कार्यक्षेत्र में महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए ठोस कार्य योजनाएं बनाएं। प्रस्तुति में यह भी सामने आया कि कई योजनाओं में कुछ जनपदों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि कुछ जिलों में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही। उदाहरण के लिए, लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी जैसे जिलों में योजनाओं का लाभ महिलाओं तक बेहतर ढंग से पहुंचा है, जबकि श्रावस्ती, संभल, महोबा, बलरामपुर और सिद्धार्थनगर जैसे जनपदों में विशेष प्रयासों की आवश्यकता महसूस की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ओडीओपी मार्जिन मनी योजना के अंतर्गत महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए बांदा, जालौन, जौनपुर, महोबा, श्रावस्ती और सीतापुर सहित सभी जनपदों में विशेष अभियान चलाया जाए। जिन जनपदों में अभी तक महिलाओं को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाया है, वहां विशेष प्रयत्न किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि होमगार्ड एवं शिक्षकों की नई भर्तियों में पुलिस भर्ती की तर्ज पर महिलाओं को वरीयता दी जाए। राज्य सरकार का यह दायित्व है कि महिलाओं को न सिर्फ सम्मान मिले, बल्कि उन्हें सुरक्षा बलों और शासन-प्रशासन की संरचनाओं में भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व प्राप्त हो। यह भी निर्देश दिए गए कि तकनीकी संस्थानों, कौशल प्रशिक्षण केंद्रों और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु विशेष कार्यक्रम चलाए जाएं।

# कांवड़ यात्रा मार्गों पर रहेगा उजाला

## ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पत्रकारों को दी जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पवित्र श्रावण मास में कांवड़ यात्रा और सुगम और निर्बाध बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए-के- शर्मा ने मंगलवार को यहां पत्रकारों को बताया कि सरकार का प्रयास है कि यह यात्रा श्रद्धा, सुरक्षा और स्वच्छता के साथ संपन्न हो।

इस संबंध में ऊर्जा और नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की गई है। उन्होंने बताया कि ऊर्जा विभाग को निर्देशित किया गया है कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर विशेष रूप से रात में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, क्योंकि अधिकतर श्रद्धालु रात्रिकाल में यात्रा करते हैं। पूर्व वर्षों में कुछ स्थानों पर ऊंचे डीजे के बिजली तारों से टकराने की घटनाएं हुई थीं। इस पर नियंत्रण के लिए निर्देश दिए गए हैं कि यात्रा मार्गों पर केवल निर्धारित ऊंचाई वाले डीजे वाहन ही चलें। श्री शर्मा ने बताया कि साथ ही खुले ट्रांसफार्मरों के चारों ओर बाउंड्री बनाने तथा बिजली के खंभों को इंसुलेट करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका समाप्त हो। उन्होंने बताया कि नगर विकास विभाग को निर्देशित किया गया है कि यात्रा मार्गों पर सभी स्ट्रीट लाइट्स को ठीक कराया जाए तथा संपूर्ण मार्ग को गड्ढा मुक्त किया जाए। सभी पॉटहोल्स को समय रहते भर दिया जाए ताकि यात्रा सुगम हो सके। यात्रियों के ठहरने के लिए पंडालों में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और स्वच्छता के लिए कूड़ा निस्तारण की पर्याप्त व्यवस्था हो। साथ ही यात्रा मार्गों पर मोबाइल टॉयलेट लगाए जाएं। नगर विकास मंत्री ने बताया कि महाकुंभ जैसे आयोजनों से प्रेरणा लेते हुए कांवड़ यात्रा मार्गों पर होर्डिंग के माध्यम से श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा और इसे एक 'स्वच्छ त्योहार' के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया है।

# यूपी के हर जिले में अन्नपूर्णा भवनों का होगा निर्माण

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ लगभग दो हजार भवनों का निर्माण जारी

**लखनऊ।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी, सशक्त और जनोन्मुखी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के हर जिले में अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण किया जाएगा।


अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान प्रत्येक जिले में मॉडल के रूप में 75 अन्नपूर्णा भवन बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसी क्रम में प्रदेश में अब तक तीन हजार 534 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूर्ण हो चुका है और लगभग दो हजार भवनों का कार्य निर्माणाधीन है। सरकार द्वारा मॉडल उचित दर दुकानों/अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण में गति लाने के लिए राजकोषीय बचत से भी अन्नपूर्णा भवनों के निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब मनरेगा के अलावा राज्य वित आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वान्चल विकास निधि, बुन्देलखण्ड विकास निधि अथवा अन्य किसी राज्य या केन्द्र सरकार की योजना, जिसमें इनका निर्माण अनुमन्य है, अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा। जहां इन योजनाओं के माध्यम से धनराशि की उपलब्धता नहीं हो सकेगी, वहां खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा बचत से धनराशि की व्यवस्था की जाएगी। इस प्रकार प्रति जिला 75-100 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण प्रति वर्ष कराया जा सकेगा। इसके अलावा इस भवनों के अनुरक्षण इत्यादि की व्यवस्था का भी प्राविधान किया गया है। योगी की अध्यक्षता में बीते दिनों हुए कैबिनेट बैठक में इस पर मुहर भी लगा दी गई है। अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण में कई निधियों से धनराशि का प्रावधान किया जाना है।

## अमेरिकी कंपनी उड़ाकर ले गई करोड़ों रुपये: कांग्रेस

# सेबी की नाक के नीचे हो रहे घपले ही घपले

नई दिल्ली, वार्ता

**कांग्रेस** ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार में प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) जैसी महत्वपूर्ण संस्था भी शिथिल पड़ गई है और उसकी नाक के नीचे हो रहे घोटालों से आम निवेशकों को जबरदस्त चूना लग रहा है लेकिन वह अपने दायित्वों का ठीक तरह से निर्वहन नहीं कर पा रही है।



■ कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घोटाला करने वाली कंपनी देश के नागरिकों की गाढ़ी कमाई लेकर अपने देश भाग गई, लेकिन सेबी ने समय रहते इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की

कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने आज यहां पार्टी के नये मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सेबी की नाक के नीचे एक बड़ा घोटाला हुआ है। घोटाला करने वाली कंपनी एक बार नहीं बार-बार घोटाले करती रही और देश के नागरिकों की गाढ़ी कमाई लेकर अपने देश भाग गई लेकिन सेबी ने समय रहते इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बताना चाहिए कि जो कंपनी बार-बार घोटाला करती रही है उसको लेकर सरकार की नींद क्यों नहीं खुली। उन्होंने कहा कि देश में तमाम संस्थाएं ऐसी हैं, जो मोदी सरकार में लगातार धराशाई होती जा रही हैं। इसमें सबसे आगे सेबी का नाम है जिसकी नाक के नीचे घोटाले-घपले होते हैं और आम निवेशकों को चूना लगाकर लूटा गया है लेकिन सरकार की नींद ही नहीं खुली। जो कंपनी जनता को चूना लगा रही है उसको देखा क्यों नहीं गया, उसकी निगरानी क्यों नहीं हुई। कंपनी ने अवैध मुनाफे के 48 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बाहर भेज दिए लेकिन सरकार की तरफ से उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह सबसे बड़ा सवाल है कि जब देश से पैसा बाहर जा रहा था तो कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। प्रवक्ता ने कहा कि एक कंपनी देश में आती है, पैसा बनाती है और देश की जनता का पैसा लूटकर वापस चली जाती है। कमाल तो यह है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी इसको लेकर बार- बार चेतावनी देते रहे लेकिन सरकार ने कई साल तक इसकी सुध नहीं ली और अब हजारों करोड़ रुपए देश से घोटाला कर बाहर चले गए हैं और उसकी एवज में जो वसूली की गई वह बहुत कम है। उन्होंने कहा कि अल्गो ट्रेड ऑपरेटर अमेरिका की कंपनी है, जो कि भारत के शेयर बाजार और डेरिवेटिव मार्केट में एकसाथ ऑपरेट कर रही थी और अवैध मुनाफा कमा रही थी।

## बिहार में खत्म हो गई कानून-व्यवस्था: खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बिहार की नीतीश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि राज्य में शासन नाम की कोई चीज नहीं रह गई है और अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि खुलेआम हत्याएं की जा रही है और पुलिसकर्मियों पर हमला किया जा रहा है। श्री खड़गे ने आज कहा कि जनता दल यू और भाजपा सरकार में बिहार अपराध की राजधानी बन गया है और अपराधियों के हौसले बढ़ गए हैं। बिहार में अपराधों की बाढ़ को देखते हुए वहां निवेश नहीं हो रहा है और बिहार बदहाल हो रहा है इसलिए वहां इस बार बड़ा बदलाव होना तय है। उन्होंने कहा कि बिहार में अवसरवादी डबल इंजन सरकार ने कानून व्यवस्था तबाह कर दी है। पिछले छह माह में आठ कारोबारियों की हत्या और पांच बार पुलिसकर्मियों की पिटाई की घटनाएं हुई है।



संसेक्स 83712.51
निफ्टी 25522.50



सोना रु. 97195
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 107690
प्रति किलो



# अमेरिकी समझौते की उम्मीद से बाजार में तेजी

मुंबई, वार्ता



**स्थानीय** शेयर बाजारों में मंगलवार को भारत-अमेरिका के बीच एक लघु व्यापार समझौते की उम्मीद के बीच आखिरी दौर के कारोबार में खास कर बैंकिंग, वित्तीय और बिजली क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों को लिवाली के समर्थन से प्रमुख सूचकांकों में हल्का सुधार दर्ज किया गया।

सोमवार की तरह आज भी सीमित और सावधानी भरे कारोबार के कारण बाजार सुस्त चल चल रहा था और प्रमुख सूचकांक पिछले स्तर पर बने हुए थे। आखिरी समय में लिवाली का समर्थन बढ़ गया था। आखिरी दौर की लिवाली के समर्थन से बीएसई संसेक्स 270.01 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,712.51अंक पर तथा नेशलन स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 भी इसी तहर दिन में अधिकांश समय गिरावट में रहने के बाद अंत में 61.20 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की हल्की बढ़त के साथ 25,522.50 पर बंद हुआ। वैश्विक अनिश्चितताओं और स्थानीय स्तर पर किसी ठोक संकेत के अभाव में बाजारों में अब भी नरमी का रुख बरकार है। बीएएसई संसेक्स कल 83,442.50 पर बंद हुआ था। बाजार आज 83,387.03 पर नरमी के साथ खुला था और कारोबार के दौरान संसेक्स ऊपर में 83,812.31 और नीचे में 83,320.95 तक गया था। एनएसई 25,427.85 पर खुलने के बाद ऊपर में 25,548.05 और नीचे में 25,424.15 तक गया था। एनएसई के व्यापक बाजार में कुल 3023 कंपनियों के शेयरों का लेन-देन दर्ज किया गया। इनमें 1352 लाभ में और 1564 घाटे में बंद हुए 108 शेयरों में स्थिरता रही। बीएसई संसेक्स के 30 में से 18 शेयर 0.22 प्रतिशत से 3.61 प्रतिशत तक लाभ में रहे। सबसे अधिक लाभ कोटक बैंक बैंक में हुआ जबकि आईटीसी लाभ वाले शेयरों में सबसे नीचे रहा।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंसियल सर्विसेज के शोध,धन प्रबंधन प्रभाग के प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि आज के सत्र के अधिकांश समय बाजार में मंदी रही, लेकिन ऐसी रिपोर्टों के बीच कि भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित एक छोटे व्यापार सौदे की आज घोषणा की जा सकती है, आखिरी दौर में सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा बंगलादेश पर 35 प्रतिशत आयात शुल्क लगाए जाने की घोषणा के बाद कपड़ा शेयरों में तेजी आई।

## सोना महंगा होकर 97,195 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 599 रुपए बढ़कर 97,195 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। कल इसका दाम 96,596 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,159 रुपए बढ़कर 1,07,690 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। कल चांदी का दाम 1,06,531 रुपए किलो था। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,990 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,840 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,600 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,840 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,600 थी, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,840 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,600 रही। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इजराइल और ईरान के बीच तनातनी से गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है।

# धान का रकबा बढ़ा, दलहन तिलहन के रकबे में दिखाई दी तेजी

नई दिल्ली, वार्ता

देश में इस साल खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों की बुवाई में सरकारी आंकड़ों के अनुसार तेजी देखी जा रही है। कृषि मंत्रालय से मंगलवार को प्राप्त अद्यतन आंकड़ों के अनुसार बीते साल की तुलना में इस साल खरीफ फसलों का रकबा 43.66 लाख हेक्टेयर अधिक है।

आंकड़ों के अनुसार धान का रकबा बीते साल की तुलना में 4.78 लाख हेक्टेयर बढ़ गया। खरीफ 2024-25 में अब तक धान का रकबा 64.52 लाख हेक्टेयर था जो इस समय 69.30 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। दलहन का रकबा भी खासा बढ़ गया है। पिछले वर्ष दलहन की बिजाई 31.48 लाख हेक्टेयर में हुई थी पर अब इसका क्षेत्रफल बढ़ कर 42.57 लाख हेक्टेयर हो चुका है। धान और दलहन के अलावा मोटे अनाजों का रकबा 13.40 लाख हेक्टेयर और तिलहन का 13.31 लाख हेक्टेयर के साथ एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में ज्यादा पर



चल रहा है। नगदी फसलों में ईख का रकबे में मामूली तेजी देखी गई है। पिछले साल इस समय तक 55.16 लाख हेक्टेयर में यह फसल लगी थी पर अब ये क्षेत्रफल बढ़कर 52-51 लाख हेक्टेयर हो गया है। कपास का रकबा भी 0.96 लाख हेक्टेयर बढ़ गया है। इस साल रागी, रामतिल, अरंडी और जूट के रकबे में मामूली गिरावट आई है ।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प की...** लागू हो सकें। अब ये डेडलाइन बढ़ाकर एक अगस्त कर दी गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ट्रम्प इस हफ्ते कई देशों के साथ ट्रेड डील का ऐलान कर सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील बहुत करीब पहुंच चुकी है। यूरोपीय यूनियन भी अमेरिका के साथ समझौता करने के काफी नजदीक है। इसके साथ ही पाकिस्तान, ताइवान और स्विट्जरलैंड जैसे दूसरे देश में अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने का रास्ता तलाश रहे हैं। अब तक अमेरिका ने सिर्फ ब्रिटेन और वियतनाम के साथ दो शुरुआती डील की हैं। हालांकि, इन समझौतों में ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। वियतनाम वाले सौदे में तो किसी भी पक्ष ने यह भी साफ नहीं किया कि वास्तव में किन बातों पर सहमति बनी है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका ने ब्रिटेन पर 10प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। इसके अलावा स्टील और एल्युमीनियम पर अलग से अमेरिका 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। वहीं, ब्रिटेन, अमेरिकी सामानों पर 0 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। वहीं, अमेरिका ने वियतनाम पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। यानी कि वियनताम के सामान अमेरिका में 20 प्रतिशत ज्यादा कीमत पर बिकेंगे। वहीं, वियतनाम ने अमेरिकी सामानों पर 0 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। जापान और साउथ कोरिया अमेरिका के करीबी साथी हैं, लेकिन उनके साथ अमेरिका की ट्रेड डील नहीं हो पाई। इसकी वजह यह भी है कि दोनों देशों में चुनाव होने वाले हैं। साथ ही ट्रम्प इन दोनों देशों के सबसे अहम प्रोडक्ट्स जैसे कि कार, स्टील और इलेक्ट्रॉनिक्स पर अलग से ज्यादा टैरिफ लगाने की बात भी कर रहे हैं। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करते हुए पत्रकारों से भी बात की।

**क्रिकेटर यश...**अपने परिवार से भी मिलवाया, जिन्होंने कथित तौर पर उसे अपनी बहू के रूप में स्वीकार कर लिया। उसका दावा है कि इस कृत्य ने उसके विश्वास को और गहरा कर दिया और वह भावनात्मक रूप से कमजोर हो गई। एफआईआर में लिखा है कि पिछले पांच सालों से शिकायतकर्ता क्रिकेटर के साथ रिलेशनशिप में थी। उसने शादी का झूठा वादा करके उसका भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक शोषण किया। धोखे का एहसास होने पर उसने विरोध किया, जिसके बाद उसे शारीरिक हिंसा और मानसिक शोषण का सामना करना पड़ा। शिकायतकर्ता ने दयाल पर वित्तीय शोषण का भी आरोप लगाया है और खुलासा किया है कि उसने अन्य महिलाओं के साथ भी इसी तरह के संबंध बनाए रखे। 14 जून को महिला हेल्पलाइन (181) से संपर्क करने के बावजूद, उसका दावा है कि स्थानीय पुलिस ने शुरू में कार्रवाई नहीं की। अब, उसने हस्तक्षेप की मांग करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय से संपर्क किया है।

**ड्रीमलाइनर:** एविएशन ऑर्गनाइजेशन) के एक विशेषज्ञ को ऑब्जर्वर के तौर पर शामिल होने की इजाजत भारत सरकार ने दे दी है। आईसीएओ ने जांच में शामिल होने की इजाजत मांगी थी। भारत ने पारदर्शिता के साथ जांच करने के इरादे से संयुक्त राष्ट्र को इसमें शामिल करने का फैसला लिया है। हादसे की जांच 13 जून से ही एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की टीम कर रही है। इसमें विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) अफसर और अमेरिका की एनटीएसबी के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

**छांगुर बाबा...**जब्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है। एटीएस द्वारा आरोपी बाबा संग गिरफ्तार की गई नसरीन उर्फ नीलू की संपत्ति को भी जब्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाबा के झांसे में धर्मांतरण कर फंसी नीतू भी धर्मांतरण में मददगार थी। यूपीएसटीएफ ने लखनऊ में करीब आठ माह पूर्व आरोपी बाबा के विरुद्ध मुकदमा कायम कराया था, जिसमें दस लोगों को नामजद किया गया था। इनमें कई आरोपियों को एटीएस गिरफ्तार कर चुकी है। श्री अग्रवाल ने बताया कि 40 धार्मिक संस्थाओं की स्थापना के नाम पर बाबा को करीब सौ करोड़ रुपये की फंडिंग की गई। उन्होंने बताया कि प्रकाश में आए सीजीएम कोर्ट पर क्लर्क राजेश उपाध्याय और उसकी पत्नी संगीता पर भी कड़ी कार्यवाही की जा रही हैं। अवैध धर्मांतरण के गिरोह का नेटवर्क महाराष्ट्र तक फैला है। एटीएस की एफआईआर में मापुर उतरौला के जलालुद्दीन उर्फ झांगुर बाबा, महबूब, नीतू उर्फ नसरीन, नवीन उर्फ जलालुद्दीन के साथ ही मोहम्मद सवरोज, रशीद, गैंडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के रेहरामाफी निवासी शहाबुद्दीन, गोंडा के गानेपुर थाना क्षेत्र के रेतवागाड़ा निवासी रमजान, महाराष्ट्र के नागपुर शहर के मांगपुर निवासी ईदुल इस्लाम व एक अज्ञात का नाम शामिल हैं। एटीएस का दावा है कि आजमगढ़ में भी एक मुकदमा छांगुर के सहयोगियों पर दर्ज है। यही नहीं अब नामजद के अलावा आठ अन्य लोग भी आरोपित किए गए हैं। इस तरह 18 में चार की ही गिरफ्तारी हो पाई है। 14 लोगों की तलाश के लिए एटीएस ने अलग-अलग टीमें बनाई है, जो संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

**गांवों में...**विकास होगा, बल्कि पलायन भी रुकेगा। यह सिर्फ वापसी नहीं, क्रांति है। आईपीएस विमला गुंज्याल और कर्नल यशपाल सिंह नेगी की यह वापसी भावनात्मक भी है और रणनीतिक भी। यह बताता है कि पहाड़ केवल खूबसूरत नहीं, बल्कि संभावनाओं से भरे हुए हैं। बस उन्हें देखने और संवारने की ज़रूरत है। इन दोनों के कदमों से कई प्रवासी उत्तराखंडियों के मन में भी गांव लौटने की ललक जगी है।।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# फिल्मी स्टाइल में फाइव स्टार होटल में रेड, 30 लाख लूटे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** द अशोका-सम्राट होटल स्थित कार के शोरूम में फिल्म स्पेशल २६ की तर्ज पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की फर्जी रेड में ३० लाख रुपये लूट लिए गए। आरोपियों ने शोरूम मैनेजर अनिल तिवारी को अपनी पहचान ईडी अधिकारी के रूप में दी और उसे बंधक बना लिया। अनिल को कार में ले गए और गुरुग्राम के पास रजोकरी में फेंक दिया।

इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी इनके बारे में कुछ भी बताने से बच रहे हैं। हालांकि दोनों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों में से एक पुलिस की वर्दी में था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि द अशोका होटल में बेंटले कार का शोरूम है। मैनेजर अनिल तिवारी २० जून को अपने घर जा रहे थे। उन्हें शांतिपथ-नीति मार्ग गोलचक्कर के पास हंगरी एंबेसी के नजदीक दो आरोपियों ने रोक लिया। इनमें से एक ने दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर की वर्दी पहन रखी थी। खुद को ईडी का अधिकारी बताते हुए मैनेजर से कहा कि उनके शोरूम में अवैध तरीके से काफी रकम आई है। इसके बाद वे मैनेजर को वापस शोरूम में ले गए। वहां कार की डिग्गी खुलवाकर देखी तो उसमें ३० लाख रुपये रखे थे। आरोपियों ने बैग लिया मैनेजर अनिल को भी साथ ले गए। आरोपियों ने कहा कि ईडी की ओर से नोटिस भेजा जाएगा। इसके बाद ईडी कार्यालय में आना होगा।

नई दिल्ली जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, वारदात २० जून की है, मगर दो जुलाई को चाणक्यपुरी थाना पुलिस को शिकायत दी गई थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार शुरुआती जांच में लग रहा है कि वारदात को तीन से चार आरोपियों ने अंजाम दिया है। साथ ही शोरूम की जानकारी रखने वाले किसी अंदर के व्यक्ति की भूमिका संदिग्ध है। आरोपियों को कैसे पता लगा कि शोरूम में रकम आई है। चाणक्यपुरी थाना पुलिस आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

ठग अक्सर खुद को सीबीआई, ईडी, आयकर या पुलिस का अफसर बताकर आते हैं। अधिकतर मामलों में डराकर कैश, गहने या ऑनलाइन ट्रांसफर से पैसे वसूले जाते हैं। इनके निशाने पर बड़े कारोबारी, डॉक्टर, रियल एस्टेट के कारोबारी और बुजुर्ग होते हैं। ठग बड़े शातिर होते हैं और होमवर्क इतना जबरदस्त होता है कि ऐसे लोगों को निशाना बनाया जाता है जो पुलिस के पास जाने से बचते हैं। कई बार तो पता चला है कि कई व्यापारी तो गई हुई असल रकम को छुपा जाते हैं। इसकी वजह कहीं आगे उनकी कमाई पर असल ईडी या आयकर की नजर न पड़ जाए।

# बारिश थमते ही फिर बढ़ी उमस

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** राजधानी में उमस भरी गर्मी परेशान कर रही है। हालांकि, आज भी हल्की से मध्यम वर्षा होने की आशंका है, यलो अलर्ट भी जारी किया गया है, लेकिन पक्का कुछ नहीं।

पूर्वानुमान दिन भर बादल छाए रहने, गर्जन वाले बादल बनने एवं बिजली चमकने का भी है। अधिकतम तापमान सामान्य से कम ही रहेगा। दिन में तीखी धूप भी खिली रह सकती है। मंगलवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान २७.० डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान ३४ डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। वायु गुणवत्ता लगातार अच्छी ही बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, मंगलवार सुबह ९ बजे दिल्ली का एक्यूआई ८१ दर्ज किया गया। इसे संतोषजनक श्रेणी में रखा जाता है। एनसीआर के शहरों का एक्यूआई भी कहीं संतोषजनक तो कहीं मध्यम श्रेणी में बना हुआ है।

# अंशकालिक व्यावसायिक शिक्षकों को राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सरकारी स्कूलों में ४१० अंशकालिक व्यावसायिक शिक्षकों (पीटीवीटी) की सेवा निरंतरता और बढ़े हुए पारिश्रमिक को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय मार्च २०२६ तक प्रभावी रहेगा, जिससे शिक्षकों को आर्थिक स्थिरता मिलेगी और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक शिक्षा सुनिश्चित होगी।

दिल्ली सरकार ने इसके लिए ३६ करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। यह कदम शिक्षा क्षेत्र में सुधार और कौशल विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सक्सेना ने आतिथ्य और पर्यटन व्यावसायिक स्ट्रीम के तहत नियुक्त ०२ संविदा अंशकालिक व्यावसायिक शिक्षकों के अनुबंध नवीनीकरण को १ मार्च २०२५ से २८ फरवरी २०२६ की अवधि के लिए मंजूरी दी है। इस प्रस्ताव में दिल्ली के ०४ सरकारी सहायता प्राप्त वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में वर्तमान में तैनात ०९ अंशकालिक व्यावसायिक शिक्षकों की शैक्षणिक वर्ष २०२५-२६ के लिए सेवा विस्तार भी शामिल है। पीटीवीटी शिक्षक विभिन्न व्यावसायिक विषयों जैसे कंप्यूटर, रिटेल, और हॉस्पिटैलिटी आदि में छात्रों को प्रशिक्षित करते हैं। इस निर्णय से शिक्षकों का मनोबल बढ़ेगा और स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा का स्तर और मजबूत होगा। उपराज्यपाल ने इस पहल को शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम बताया है।

इस संबंध में विभाग ने बताया कि सेवानिवृत्ति और नई भर्ती न होने के कारण पीटीवीटी की संख्या लगातार घट रही है। इस कारण कौशल शिक्षा में निरंतरता के लिए, मौजूदा शिक्षकों को बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

दिल्ली सरकारी स्कूलों में वर्तमान में कार्यरत ५०५ पीटीवीटी में से ४१० आकस्मिक वेतन पर हैं, जिनकी सेवा निरंतरता को अब मंजूरी मिल गई है। वहीं, शेष ९५ अस्थायी पदों पर कार्यरत हैं, जिनका नवीनीकरण वित्त विभाग की सहमति से प्रतिवर्ष किया जाता है। अंशकालिक व्यावसायिक शिक्षक १९७० के दशक के अंत और २००० के दशक की शुरुआत से दिल्ली के स्कूलों में आकस्मिक या संविदा आधार पर सेवा दे रहे हैं।

# बुराड़ी अस्पताल में डायलिसिस यूनिट्स स्थापित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इस अहम बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार 'स्वास्थ्य दिल्ली, सशक्त दिल्ली' विजन पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

राजधानी के प्रत्येक नागरिकों को सस्ती, सुलभ और विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए दिल्ली सरकार हेल्थ सेक्टर के इंफ्रास्ट्रक्टर से लेकर सभी तरह की बुनियादी ढांचे को लगातार मजबूत करने में जुटी है। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह को बताया कि दिल्ली के बुराड़ी अस्पताल में ५५ डायलिसिस मशीनों को स्थापित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बुराड़ी और उसके आस-पास के सघन इलाकों में रहने वाले हजारों लोगों को ध्यान में रखते हुए इन ५५ डायलिसिस मशीनों को स्थापित किया गया है, स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में अब तक २१ प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र चालू हो चुके हैं। इस महीने के अंत तक दिल्ली के प्रत्येक सरकारी अस्पताल में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापित हो जाएंगे। जिससे दिल्ली के आम नागरिक को सस्ती और सुलभ दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए दिल्ली सरकार बहुत जल्द एक 'मॉडल डायग्नोस्टिक हेल्थ लैब' दिल्ली की जनता को समर्पित करने जा रही है। इस लैब में स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का पता लगाने के लिए मेडिकल जांच से जुड़ी ११८ तरह के जरूरी टेस्ट किए जा सकेंगे। मॉडल डायग्नोस्टिक हेल्थ लैब की स्थापना से समय पूर्व गंभीर बीमारियों की पहचान करने के साथ ही रोगियों को समय पर सटीक उपचार और रोकथाम करने में बेहद मदद मिलेगी।



नगर नियोजन प्रणाली जानने के लिए हुब्बली-धारवाड़ निगम के प्रतिनिधिमंडल का एमसीडी में स्वागत करते हुए।

## एक नजर

### रेखा गुप्ता ने लोगों की परेशानी को समझते हुए प्रतिबंध को स्थगित किया: सचदेवा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की पुरानी गाड़ियों पर प्रदूषण के दृष्टिकोण से लगे एन.जी.टी. प्रतिबंध से राहत दिलाने के लिए दिल्ली सरकार के सर्वोच्च न्यायालय जाने के निर्णय को नाटक बता कर दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी मार्लेना ने एक बार फिर अपनी एवं अपनी पार्टी की आराजक सोच का प्रमाण दिया है। दस साल तक अरविंद केजरीवाल एवं खुद आतिशी मार्लेना की सरकारों ने एन.जी.टी. के २०१५ से लगाये प्रतिबंध से न्यायिक राहत दिलाने का कोई प्रयास नही किया और ऐसी खराब स्थिती ला दी जहां भाजपा सरकार के पास सम्बंधित आदेश के पालन के सिवाय कोई विकल्प नही था। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की न्यायिक पंचाट दबाव में पुराने वाहनों पर प्रतिबंध लगाने के दो दिन में ही दिल्ली की रेखा गुप्ता ने लोगों की परेशानी को समझते हुए संवेदनशीलता से पुन: विचार कर प्रतिबंध को स्थगित किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा की दिल्ली सरकार न्यायालय में लोगों की असुविधा को रखेगी और मुझे पूरा विश्वास है की सभी मैकेनिकली फिट वाहनों को न्यायिक राहत दिलवायेगी।

### विश्व पुलिस व अग्निशमन खेल 2025 में भारत ने बढ़ाया गौरव



**नई दिल्ली।** यूएसए के बर्मिंघम में 30 जून से 6 जुलाई तक चली विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल 2025 में सीआईएसएफ खिलाड़ियों ने 64 पदक जीते। भारत 560 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। आयोजन में इस वर्ष, 70से अधिक देशों के 10 हजार से अधिक एथलीटों ने भाग लिया। सीआईएसएफ टीम ने ६ स्पर्धाओं में भाग लिया और असाधारण प्रदर्शन किया। प्रत्येक खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और शानदार भावना, शक्ति और टीम वर्क दिखाया। उनकी सफलता ने भारत को 560 पदकों के साथ समग्र पदक तालिका में तीसरे स्थान पर लाने में मदद की। सीआईएसएफ अधिकारियों ने अपने खिलाड़ियों की प्रशंसा की और उनके मनोबल को बढ़ाया। जो खिलाड़ी कामयाब नहीं रहे,ऐसे खिलाड़ियों को हार नहीं मानकर वर्तमान में होने वाले आयोजकों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये और ज्यादा मेहनत करने के लिये कहा,अधिकारियों ने बताया कि जवान कभी हार नहीं मानता उस हार से कुछ सीखता है और उसको हराने के लिये मेहनत करता है।

### महावतार नरसिम्हा का ट्रेलर वृंदावन होगा लॉन्च

**नई दिल्ली।** महावतार नरसिम्हा सिनेमा की भव्यता को एक नया आयाम देने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसकी ग्रैंडनेस, दमदार विजुअल्स और जबरदस्त कहानी ने पहले से ही दर्शकों की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। इस तरह से महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स के ऐलान के बाद अब जोश और भी ज्यादा है, क्योंकि महावतार नरसिम्हा का मचनवेटेड ट्रेलर कल रिलीज हो रहा है। मैच अवेटेड ट्रेलर का ग्रैंड लॉन्च अब तय हो गया है। शाम ५:२२ बजे और वो भी पावन भूमि वृंदावन में। मेकर्स ने इस खास मौके की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा है तैयार हो जाइए गर्जना के लिए।न रोके जाने वाला दिव्य प्रकोप अब जाग चुका है होम्बले फिल्म्स और क्लीम प्रोडक्शन्स ने मिलकर इस ग्रैंड एनिमेटेड फ्रैंचाइजी की आधिकारिक लाइनअप जारी कर दी है, जो अगले एक दशक तक भगवान विष्णु के दस दिव्य अवतारों की गाथा बताएगी।

### प्रेमिका के गहने ले फरार हुआ प्रेमी, दबोचा

**नई दिल्ली।** दक्षिण- पूर्व जिले की शाहीनबाग पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर सैफउल्लाह उर्फ सैफ को ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसके पास से युवती से ठगे गए आठ तोला के गहने भी बरामद हो गए हैं। युवती ने बताया कि पेशे से इलेक्ट्रीशियन सैफ से इंस्टाग्राम पर पहले दोस्ती हुई फिर प्यार। पिता की बीमारी के नाम पर सैफ ने गिरवी रखने के लिए गहने ले लिए और गायब हो गया। युवती ने बताया कि ठगे जाने का अहसास होने पुलिस से शिकायत की। दक्षिण-पूर्व जिले की अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ऐश्वर्या शर्मा के अनुसार १९ वर्षीय युवती ने ५ जुलाई, २०२५ को शाहीन बाग पुलिस स्टेशन में ठगे जाने की शिकायत दी थी।

# बिजली न आने से करना पड़ रहा समस्या का सामना, आमजन परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** गाजियाबाद के लोनी कस्बे में बिजली की बड़ी समस्या है। अशोक विहार, मोहन गार्डन,गुलशन गार्डन, मदीना सिटी,रॉयल सिटी, बिजलीघर सादकपुर पावी एवं अमन गार्डन, जानकारी के मुताबिक लोनी देहात क्षेत्र वासियों को बिजली न आने से बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि चौबीस घंटे में लगभग बीस बार बिजली का आना जाना लगा रहता है। बार-बार बिजली के जाने से लोग भारी समस्या से जूझ रहे हैं।इसके अलावा कई कई घंटे तक बिजली गुल हो जाती है। जब लोग १९१२ पर काल करते हैं तो काल कभी-कभी तो काल लगती ही नहीं है और अगर काल करने वाले का मुकद्दर अच्छा हुआ तो काल लग जाने से भी बिजली की समस्या का कोई हल नहीं हो पाता है क्योंकि १९१२ पर बैठे कर्मचारी शिकायत तो ले लेते हैं। लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती है। बहुत बार बिजली जाने से लोग ज्यादा परेशान हैं क्योंकि रात को भीषण गर्मी के चलते लोग रात सो भी नहीं पाते हैं। अगर बिजली कटौती की बात की जाये तो एक या दो घंटे,जितनी भी बिजली कटौती करनी है तो उसका एक टाईम तय किया जाये जिससे हर उपभोक्ता को पहले मालूम रहे कि तय समय पर बिजली नहीं आयेगी।र

ायल सिटी निवासियों का कहना है कि उनके क्षेत्र का ट्रांसफार्मर २८ तारीख को फुक गया था १९१२ पर शिकायत करने पर कई दिन बाद टांसफार्मर आया और वह कुछ घंटे ही चला, और फुक गया। क्षेत्रीय लोगों की शिकायत है कि वह अमन गार्डन,रूप नगर बिजली घरों पर जाकर शिकायत कर चुके हैं लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# हुब्बली-धारवाड़ निगम के प्रतिनिधि मंडल ने एमसीडी का दौरा किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** हुब्बली-धारवाड़ नगर निगम (एच डी एम सी), कर्नाटक के स्थायी समिति के सदस्य और नगर योजनाकार सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय, सिविक सेंटर, नई दिल्ली का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य दिल्ली में विकास कार्यों के लिए अपनाई गई नगर नियोजन प्रक्रियाओं को समझना और अनुभव साझा करना था। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत जितेन्द्र यादव, अतिरिक्त आयुक्त (एमसीडी) ने किया। इस अवसर पर नगर नियोजन विभाग और भवन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। एमसीडी के अधिकारियों ने मास्टर प्लान के नियमों और भवन उपनियम के तहत अपनाई गई योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही, लेआउट और भवन प्लान की स्वीकृति प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए, एमसीडी द्वारा किए गए प्रयासों, विशेषकर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत किए गए सुधारों को भी साझा किया गया।

एचडीएमसी के प्रतिनिधियों ने अपने नगर निगम में अपनाई जा रही प्रक्रियाओं की जानकारी दी और एमसीडी द्वारा प्रक्रियाओं को सरल और नागरिकों के अनुकूल बनाने के कार्यों की सराहना की। यह बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।



निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी पर्यटक स्थलों पर मच्छरों के प्रजनन की जांच करते हुए।

# निगम ने पर्यटक स्थलों पर मच्छरों के प्रजनन की जांच को चलाया अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम का जन स्वास्थ्य विभाग मच्छर जनित बीमारियों डेंगू ,मलेरिया एवं चिकनगुनिया जोकि एडीज एवं एनाफिलीज मच्छर की वजह से फैलता है की रोकथाम हेतु मच्छरों के प्रजनन की जांच के लिए सघन जांच अभियान चला रहा है। दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि एडीज मच्छर ड्रमों, कूलरों, टीन, टायरों,कबाड़,गमलों,मनी प्लांट और पानी की टंकियों इत्यादि में जमा साफ पानी में पनपता है। दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जलजमाव के स्रोत को नष्ट करके मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सकता है।

दिल्ली में स्थित विभिन्न विभागों जैसे निर्माण स्थलों,पार्कों एवं नर्सरी,सरकारी दफ्तर,पुलिस थाने एवं मालखाने, डीटीसी डिपो,डीडीए,दिल्ली जल बोर्ड, नालियां,जल स्रोत, स्मारकों, पर्यटक स्थलों इत्यादि में मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल परिस्थितियां पाई जाती हैं। दिल्ली नगर निगम का जन स्वास्थ्य विभाग मच्छरों के प्रजनन के इन सभी संभावित स्थलों की सघन जांच करता है। इसी दिशा में कार्य करते हुए निगम के जन स्वास्थ्य विभाग ने दिल्ली के स्मारकों एवं पर्यटक स्थलों जैसे हुमायूं का मकबरा,राष्ट्रीय जूलॉजिकल पार्क,कुतुबमीनार कॉम्प्लेक्स, लोटस पौंड सुंदरनगरी नर्सरी इत्यादि स्थलों पर मच्छरों के प्रजनन की जांच की। इस विशेष अभियान के अंतर्गत ५५ स्मारकों एवं पर्यटक स्थलों की जांच की गई। इस दौरान १६ स्थलों पर मच्छरों का प्रजनन पाया गया जिसे स्थल पर ही नष्ट किया गया।

# आरएसवी को मामूली सर्दी-खाँसी समझने की भूल न करें

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत के मेडिकल एक्सपर्ट्स के अनुसार छोटे बच्चों में तेजी से फैलने वाली एक गंभीर बीमारी- रेस्पिरेटरी सिंसिशियल वायरस (आरएसवी) पर ध्यान देने की सख्त जरूरत है।

यह एक ऐसा वायरस है, जो पाँच साल से छोटे बच्चों और नवजातों के सीने में इन्फेक्शन करता है, और बहुत तेजी से फैलता है, यानि छोटे बच्चों के यह फेफड़ों में संक्रमण का बड़ा कारण बनता है। आरएसवी को अक्सर लोग मामूली मौसमी सर्दी-खाँसी समझ बैठते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि हर साल दुनिया भर के पाँच साल से कम उम्र के करीब ३६ लाख बच्चों को इसके कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है और करीब । लाख बच्चों की





जान चली जाती है। भारतीय पीडियाट्रिक्स एकेडमी (आईएपी) के मौजूदा नेशनल प्रेसिडेंट डॉ. वसंत एम. खलटकर ने कहा, "आरएसवी आज भी छोटे बच्चों की सेहत के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। सैनोफी के इंटरनेशनल रीजन मेडिकल हेड डॉ. सीजर मास्करेनस ने कहा, "हम लंबे समय से ऐसे वैज्ञानिक उपायों पर काम कर रहे हैं, जो समय के साथ बदलती अंतर्राष्ट्रीय सिफारिशों- खासकर डब्ल्यूएचओ जैसी संस्थाओं की गाइडलाइंस के अनुरूप हों, ताकि बचाव से जुड़ी जरूरी खामियों को दूर किया जा सके।

डॉ. रेड्डीज में मेडिकल अफेयर्स के प्रमुख, डॉ. भावेश कोटक ने कहा, "दुनियाभर में आरएसवी का जो प्रभाव है, उसमें भारत की हिस्सेदारी काफी ज्यादा है। जहाँ विकसित देशों में पहले से ही बेहतर रोकथाम और समय पर बचाव के उपाय मौजूद हैं, वहीं भारत में अभी-भी समय पर बीमारी की पहचान और बच्चों को सुरक्षित रखने में कई मुश्किलें बनी हुई हैं।

# एम्स के पीएमआर विभाग का होगा विस्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** एम्स के भौतिक चिकित्सा और पुनर्वास (पीएमआर) विभाग में इलाज करवाने आ रहे मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए सेंटर का विस्तार किया जाएगा। इसकी मदद से सभी प्रकार की सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकेंगी।

मौजूद समय में मरीजों की संख्या ज्यादा होने के कारण सुविधाओं का अभाव रह जाता है। एम्स की प्रोफेसर डॉ. गीता हांडा ठकराल ने कहा कि विभाग के लिए नए सेंटर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसकी मदद से मरीजों को एक जगह पर पुनर्वास की सभी सुविधाएं मिल जाएंगी।विभाग में सबसे ज्यादा मरीज स्पाइनल कॉर्ड इंजरी के आते हैं। इनमें अधिकतर मरीजों की रीढ़ की हड्डी में चोट ऊंचाई से गिरकर लगती है। इसमें रीढ़ की हड्डी को नुकसान होता है।

**NAME CHANGE**

I, Riddhima, D/o Sh. Jugal Kishore, R/o 32, Jhuggi Behind 21-A Japath, N.D.M.C., Distt: Central Delhi, Delhi – 110001, hereby declare that my name was earlier recorded as Bhumi in my Aadhaar Card No. 9360-6962-6501 when I was 5 years old.
I have now changed my name from Bhumi to Riddhima and shall henceforth be known as Riddhima for all purposes.
It is certified that Bhumi and Riddhima are names of one and the same person

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### कांवड़ रूट पर गड्ढे भरने और बिजली के पोल पर प्लास्टिक शीट चढ़ाने के

# काम में गति लाने के प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने दिए निर्देश

■ कांवड़ मार्गों पर पेड़ों की टहनियों की छंटाई का भी प्राधिकरण के उद्यान अनुभाग ने किया कार्य





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कांवड यात्रा को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देशन मे गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने भी तैयारियां तेज कर दी है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा कावंड यात्रा के मद्देनज़र प्राधिकरण के अभियंत्रण और विध्युत अनुभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। इस दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि प्राधिकरण के देखरेख वाली कालोनियों में कावंडियों की वापसी के दौरान किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए सडकों को गडढा मुक्त करने के साथ साथ स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत आदि का कार्य पूरा कर लिया जाए। संबंधित अनुभाग के अधिकारियों के द्वारा अवगत कराया गया कि प्राधिकरण के अभियंत्रण अनुभाग के द्वारा राजनगर एक्सटेंशन के खासतौर से आशियाना वाली 24 मीटर रोड के साथ ही वीवीआईपी और देविका स्काईपर्स रोड के आस-पास सडकों को गडढा मुक्त करने का कार्य तेज कर दिया है। इसके अलावा रोड पर तरीके से पिछले सालों की तरह कावंडियों की वापसी के दौरान रात्रि में दूर तक अंधकार न रहे इसके लिए स्ट्रीट लाइटों को भी ठीक कराया जा रहा है। मनन धाम फाटक से मधुबन बापू धाम गोल चक्कर के आस-पास लगभग दो किलो मीटर के हिस्से में अस्थाई लाइटें लगवाई जा रही है, ताकि मनन धाम, मधुबन बापू धाम होते हुए शहर के विभिन्न हिस्सों में लौटने वाले कावंडियों को किसी तरह की असुविधा न हो। इसके अलावा प्राधिकरण के द्वारा टीलामोड से लोनी फ्लाई ओवर के बीच के भी लाइटों को ठीक कराया जा रहा है। इसके साथ साथ प्राधिकरण की देखरेख में आने वाली कालोनियों में बिजली और स्ट्रीट लाइट के पोलों को प्लास्टिक की सीट से कवर कराने का भी कार्य तेज कर दिया गया है, ताकि बरसात के दौरान करंट उतरने से किसी तरह की अनहोनी की आशंका को पहले से दूर किया जा सकें।

## श्रीकृष्ण कॉलेज निवाड़ी में हुआ पौधारोपण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** श्री कृष्ण इण्टर कॉलिज निवाड़ी में 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' कार्यक्रम के तहत विद्यालय को प्राप्त 147 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित भारतीय जनता पार्टी लोक सभा क्षेत्र संचालन समिति सदस्य (अध्यक्ष विशेष सम्पर्क व्यवस्था एवं सामाजिक) रुद्रप्रताप सिंह त्यागी ने 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' के तहत पौधों का रोपण किया।

इस अवसर पर पर प्रधानाचार्य रमेश सिंह ने बच्चों को पौधों से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर एनसीसी ऑफिसर सुखबिन्दर सिंह तेवतिया, सूबेदार नरधोज थापा, हवलदार देवेन्द सिंह, डॉ सतीशचन्द, भगीरथ, विनोद कुमार राहुल और दिनेश कुमार ने भी सहयोग किया।

## प्राथमिक स्कूल बंद करने पर सपा का ज्ञापन




**गाजियाबाद।** सपा छात्र सभा, गाजियाबाद जिला कार्यकारिणी द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से माननीय राज्यपाल महोदय को एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'स्कूल मर्ज' योजना के अंतर्गत प्रदेश के पाँच हजार से अधिक प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने के जनविरोधी निर्णय के विरोध में दिया गया। छात्र सभा के जिला अध्यक्ष अंशु ठाकुर ने बताया कि जिन क्षेत्रों में पहले से ही शिक्षा का अभाव है, वहाँ सरकारी स्कूल ही गरीब और वंचित तबके के बच्चों के लिए शिक्षा का एकमात्र साधन हैं।

सरकार की यह योजना शिक्षा से पलायन को बढ़ावा देती है, जबकि आवश्यकता इस बात की है कि स्कूलों में सुविधाएं बढ़ाई जाएं, शिक्षक नियुक्त किए जाएं, पेयजल, शौचालय, बिजली, फर्नीचर और किताबों जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा किया जाए और सरकारी स्कूलों के प्रति लोगों का विश्वास फिर से कायम किया जाए। यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 21A का भी उल्लंघन है, जो 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार देता है। छात्र सभा ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने यह निर्णय तुरंत वापस नहीं लिया, तो संगठन लोकतांत्रिक तरीकों से आंदोलन करने को बाध्य होगा।

इस अवसर पर मनोज पंडित, किशन यादव, शमशाद, एडवोकेट साजिद टाटा, एडवोकेट अंकुर यादव, फैज, हरि किशन यादव, जितेंद्र जाटव, संजय शर्मा, मोहन यादव, कृष्ण कुमार जाटव, बिट्टू, अमित पाल, सुनील जिंदल, भूरा यादव, अवधेश मौर्य समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ढाबों पर की गई अपनी चेकिंग से चर्चा में आए

## यशवीर महाराज पहुंचे मोहननगर कांवड़ मार्ग, भगवान वाराह की तस्वीर की वितरित

**गाजियाबाद।** कांवड़ यात्रा के दौरान गाजियाबाद में सुरक्षा और धार्मिक मुद्दों को लेकर सक्रियता बढ़ गई है। मुजफ्फरनगर में ढाबों पर की गई अपनी चेकिंग से चर्चा में आए यशवीर महाराज अब गाजियाबाद के मोहन नगर कांवड़ मार्ग पर पहुंचे हैं। यहां उन्होंने विशेष अभियान चलाकर कांवड़ मार्ग के ढाबों पर भगवान वाराह की तस्वीरें वितरित कीं। यशवीर महाराज का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कांवड़ यात्री शुद्ध और सात्विक भोजन ही ग्रहण करें और साथ ही यह पहचान सकें कि कौन सा ढाबा हिंदू संचालित है। उनके मुता. बिक, "कांवड़ियों को जिहादी तत्वों से सावधान रहना चाहिए। इसी के तहत यह पहल की जा रही है।"इस अभियान के तहत ढाबा मालिकों से अपील की जा रही है कि वे भगवान वाराह की तस्वीरें लगाएं, ताकि यात्रियों को भरोसा हो कि उन्हें धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप भोजन दिया जा रहा है। कई ढाबा संच. लकों ने तस्वीरें स्वीकार कर अपने प्रतिष्ठानों में लगाने की सहमति भी दी। गौरतलब है कि हर साल सावन के महीने में कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालु हरिद्वार से गंगाजल लाकर शिवलिंग पर अर्पित करते हैं। इस दौरान यूपी के गाजियाबाद से गुजरने वाले मुख्य कांवड़ मार्गों पर भारी भीड़ होती है। कांवड़ यात्रा को लेकर गाजियाबाद प्रशासन पहले ही हाई अलर्ट पर है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार रूट की निगरानी कर रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। वहीं, धार्मिक संगठनों की ओर से भी सक्रियता तेज हो गई है।

## शिवशक्ति धाम डासना से चलेगा सनातन की रक्षा का सबसे बड़ा धार्मिक आंदोलन

**गाजियाबाद।** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर एवं श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने डासना में राजू सैनी के आवास पर एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान उनके साथ यति अभयानंद, डॉ. उदिता त्यागी, संजय धीमान, प्रवीण महादेव, संदीप जिंदल, चाहत सिंह बलियान, डॉ. योगेंद्र योगी, पंडित सुनील दत्त शर्मा सहित कई प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और संतजन उपस्थित रहे।

प्रेस वार्ता में यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने घोषणा की कि श्राद्ध पक्ष के दौरान 7 से 15 सितंबर 2025 तक मुजफ्फरनगर की पवित्र भूमि पर मां बगलामुखी महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सनातन धर्म की रक्षा और धर्म के शत्रुओं के समूल विनाश की कामना से किया जा रहा है। महायज्ञ के समापन उपरांत 13 और 14 सितंबर को दो दिवसीय 'गीता महाकुंभ' का आयोजन होगा, जिसमें देश-विद. श से संत-महात्मा, गीता मनीषी एवं धर्मप्रेमी भाग लेंगे।



आगे यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि आज सनातन धर्म का अस्तित्व खतरे में है। चारों ओर से हम पर आक्रमण हो रहे हैं और हमें मिटाने के षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। ऐसे समय में सनातन धर्म के अनुयायी आपस में ही बंटते जा रहे हैं। वर्तमान समय में सनातन धर्म की रक्षा के लिए न कोई नेता, न कोई संगठन और न ही कोई धर्मगुरु प्रभावी भूमिका में है। उन्होंने हिन्दू समाज की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि अब केवल मां बगलामुखी और महादेव ही रक्षा कर सकते हैं।

महाराज ने यह स्पष्ट किया कि मां बगलामुखी का सनातन धर्म में शत्रु विनाश और सद्बुद्धि की देवी माना गया है और यही कारण है कि इस महायज्ञ के माध्यम से उनकी सुप्त शक्तियों के जागरण के लिए प्रार्थना की जाएगी। भविष्य में ऐसे आयोजनों को वैश्विक स्तर पर आयोजित कर धर्म रक्षा का संकल्प लिया जाएगा।

## मंडी समिति में आढ़ती भिड़े, सात घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मंडी समिति चन्दौसी में सब्जी और गल्ला आढ़तियों के बीच उस समय झगड़ा हो गया, जब सब्जी आढ़तियों ने शेड के नीचे मक्का सुखाने को लेकर विरोध किया था। उन्हें और गल्ला आढ़तियों को पुलिस ने समझाने का प्रयास किया परंतु वे नहीं माने और दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चल गए। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। बता दें कि मंडी समिति में सब्जी और गल्ला आढ़तियों की अलग-अलग शेड दिए गये हैं।

■ सब्जी आढ़तियों ने अपने शेड के नीचे मक्का सुखाने का विरोध करने पर हुआ विवाद

सोमवार को सब्जी मंडी के आढ़तियों ने आरोप लगाया कि गल्ला आढ़ती सब्जी वाले शेड के नीचे मक्का सुखा रहे हैं, जिससे आने-जाने में दिक्कत हो रही है। मक्का सुखाने को हटाने की बात कहने पर गल्ला आढ़तियों ने उन्हें मक्का बेचने में परेशानी हो रही है। इसी बात पर कहा. सुनी होने लगी। उसी समय दोनों ओर से लोग सामने आ गए और लाठी-डंडे चलने लगे। दोनों पक्षों में मारपीट हुई।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामला शांत कराया। मारपीट में सात से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारपीट में गल्ला मंडी की ओर से धीरज कुमार, ललित कुमार व सब्जी मंडी की ओर से सोनू, विपिन, संजीव व जयवीर घायल हो गये। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मंडी समिति के सचिव से भी शिकायत की।

## पहली बार हर 800 मीटर पर कांवड़ियों के लिए तैनात रहेंगे तीन पुलिसकर्मी

**गाजियाबाद।** बस कुछ दी दिनों बाद सावन महीने में शुरु होने वाली कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ खुद ही कमान अपने हाथों में लेकर लगातार अधिकारियों संग बैठक कर रहे हैं। विशेष रुप से गाजियाबाद जिले में सीएम योगी व्यवस्था का जायजा हेलीकॉप्टर से निरीक्षण कर ले रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गाजियाबाद में कांवड़ रूट पर पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 123 बीटों का निर्धारण किया है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक बीट में एक दारो. गा और दो सिपाहियों की तैनाती होगी। जिनके कंधों पर करीब 800 मीटर के दायरे की जिम्मेदारी होगी।





इस व्यवस्था को लेकर पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड का कहना है कि कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने के लिए तैयारी की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही सीसीटीवी के जरिए कड़ी निगरानी की जा रही है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि मेरठ तिराहे पर भी ट्रैफिक कंट्रोल रूम काम करेगा। साथ ही पीआरवी भी रूट पर कई जगह तैनात रहेंगी। आपको बता दें कि जिले में लगभग 80 किमी का कांवड़ रूट है। जिसकी निगरानी के लिए इस बार बीट व्यवस्था भी लागू की गई है। जो पहली बार होने जा रही है। जिसमें पुलिसकर्मियों की तैनाती 24 घंटे रहेगी।

## लिफ्ट में वकीलों समेत कई लोग फंसे

**गाजियाबाद।** जिला न्यायालय में मंगलवार को एक बड़ा हादसा टल गया जब कोर्ट परिसर में मौजूद एक लिफ्ट अचानक बीच मंजिल में रुक गई। लिफ्ट में वकीलों समेत करीब आधा दर्जन लोग सवार थे। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई, लेकिन बाहर मौजूद अन्य सतर्क वकीलों ने तत्परता दिखाते हुए लिफ्ट का दरवाजा खोलकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, परंतु लिफ्ट के बार-बार फेल होने से कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय वकीलों का कहना है कि यह लिफ्ट पहले भी कई बार तकनीकी खामियों के कारण रुक चुकी है, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। वकीलों ने कोर्ट प्रशासन से मांग की है कि लिफ्ट की जल्द से जल्द तकनीकी जांच और उचित मरम्मत कराई जाए।

### घर के बाहर खड़ी कार पर नकाबपोश बदमाशों का हमला

## आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**गाजियाबाद।** पुलिस प्रशासन के अलर्ट होने के बाद भी बदमाश आए दिन लूट और गाड़ियों में तोड़फोड़ की घटनाओं को अंजाम देते नजर आ रहे है। ताजा मामला कोतवाली के पंचवटी इलाके का है, यहां एक एचआर मैनेजर की घर के बाहर खड़ी गाड़ी पर नकाबपोश हमलावरों ने पहले ईंट बरसाई और फिर ताबड़तोड़ डंडे से हमला किया। जिसमें कार के शीशे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए।

नकाबपोश हमलावरों द्वारा कार पर किए गए इस हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जो घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। फिलहाल, पीड़ित ने इस मामले में पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

वायरल हो रहे वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह से घर के बाहर खड़ी कार के पास आकर नकाबपोश हमलावर ताबड़तोड़ लाठी से वार कर कार के विंडस्क्रीन तोड़ देते है। ये कार एचआर मैनेजर अनूप दुबे की है। पीड़ित ने मामले में शिकायत करते हुए पुलिस को बताया कि टोनी से उनका विवाद चल रहा है। जिसके चलते टोनी के रिश्तेदार ने कार में तोड़फोड़ की।

उधर, घटना का सीसीटीवी सामने आने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश करने में जुटी है। मामले में एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी का कहना है कि थाना पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### टीबी मुक्त भारत अभियान

## रोटरी क्लब न्यू गाजियाबाद 50 क्षय रोगियों को गोद लेकर छह माह तक करेगा पुष्टाहार वितरण

**गाजियाबाद।** पीएम नरेंद्र मोदी के टी. बी. मुक्त भारत अभियान के समर्थन में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रोटरी क्लब न्यू गाजियाबाद द्वारा भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी गाजियाबाद इकाई की प्रेरणा से 50 क्षय रोगियों को गोद लिया जाएगा। इस पहल के तहत शुक्रवार, 11 जुलाई को सुबह 11 बजे संयुक्त जिला चिकित्सालय, संजय नगर, गाजियाबाद में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें चयनित टी.बी. रोगियों को आगामी 6 महीनों तक हर महीने पुष्टाहार पोटली वितरित की जाएगी।

इस प्रयास का उद्देश्य टी.बी. रोगियों के पोषण स्तर को सुधारना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में योगदान देना है। रोटरी क्लब न्यू गाजियाबाद द्वारा किए जा रहे इस समाजसेवी कार्य में रेड क्रॉस सोसायटी की भूमिका प्रेरणादायक रही है। यह आयोजन दानदाताओं और लाभार्थियों के बीच एक सेतु बनाकर समाज में जागरूकता और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करेगा। आयोजकों ने आम नागरिकों से इस कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होकर लाभार्थियों एवं दानदाताओं का मनोबल बढ़ाने की अपील की है।

## आईटीएस में ओरिएंटेशन प्रोग्राम एस्पिरेशन-2025 का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहननगर में पीजीडीएम (2025 -27) बैच के प्रतिभागियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम एस्पिरेशन -2025 का शुभारम्भ किया गया। ओरिएंटेशन प्रोग्राम का उद्घाटन विनोद जुत्शी, सेवा. निवृत्त आई ए एस एवं फॉर्मर सेक्रेटरी, मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म, भारत सरकार, डॉ राधे श्याम मिश्रा, सेवा निवृत्त आई ए एस, फॉर्मर स्पेशल सेक्रेटरी, रेवेन्यू, भारत सरकार, मि सदाफ सईद, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, मुथूट माइक्रोफिन लि, डॉ सुशी सिंह, कोफाउंडर एंड एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, ब्रिक्स चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, मिस पूजा मित्रा चेनॉय, हेड एच आर, एनटी डिजिटल, आई टी एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ अजय कुमार एवं चेयरपर्सन डॉ अनुपा अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत सम्पन्न किया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम डॉ अजय कुमार ने सभी गण मान्य अतिथियों का स्वागत किया साथ ही संस्थान द्वारा प्राप्त सभी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और नव आगंतुक छात्रों का उत्साह वर्धन कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पी जी डी एम की चेयरपर्सन डॉ अनुपा अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। मिस पूजा मित्रा चेनॉय ने अपने संबोधन में छात्रों से नेटवर्किंग, पार्टिसिपेशन एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के महत्व पर छात्रों का ध्यान आकृष्ट किया। डॉ सुशी सिंह ने अपने उद्बोधन में छात्रों को राइट एटीट्यूड, राइट इन्वेस्टमेंट तथा राइट पर्पस का मूल मंत्र दिया। मि सदाफ सईद ने नई जिज्ञासा, अनवरत सीखने की प्रवृत्ति एवं एलुमनाई नेटवर्क की महत्ता पर जोर दिया। डॉ राधे श्याम मिश्रा ने छात्रों से लीडरशिप डेवलपमेंट, वैश्विक स्तर पर कार्य क्षमता विकसित करने और भारत वर्ष को 2047 तक समृद्ध राष्ट्र बनाने हेतु इन छात्रों की भूमिका और उत्तरदायित्व पर ध्यान आकृष्ट किया। मि विनोद जुत्शी ने पोजीशनल पावर के साथ पर्सनल पावर की आवश्यकता पर अपने विचार रखे साथ ही छात्रों से उद्यमिता विकास और स्टार्ट अप हेतु मार्ग दर्शन कर उन्हें रोजगार सृजन करनें हेतु प्रेरित किया।




इस अवसर पर आई टी एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता जाहिर कर सभी नव प्रवेशी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आई टी एस - द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा ने छात्रों को नवीनतम जानकारी, कौशल विकास एवं अधिकतम कार्य क्षमता विकसित करने हेतु संदेश दिया तथा उनके सफलता की मंगलकामना की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को उत्साहित करना, संस्थान के विभिन्न नियमों और कॉरपोरेट जगत के बदलते परिवेश में सफलता के सूत्रों से परिचित कराना है। 11 जुलाई 2025 तक चलने वाले ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दौरान विभिन्न सत्रों में शिक्षा जगत और कॉरपोरेट जगत के एक्सपर्ट्स द्वारा मैनेजमेंट गेम्स, आइस ब्रेकिंग सत्र, बिजनेस इनसाइट्स, कॉरपोरेट टॉक्स, इंडस्ट्रियल विजिट्स एवं स्कॉरपोरेट एक्सपेक्टेशन एंड स्किल्स फॉर एस्पायरिंग प्रोफेशनल्स' विषय पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया जाएगा साथ ही उनके सर्वांगीण विकास हेतु उनका उचित मार्गदर्शन किया जायेगा।

# नाबालिग को मां के सामने मारी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर के एमसीडी कॉलोनी के बाहर आपसी रंजिश में एक १७ साल के नाबालिग को उसकी मां और जानकारों के सामने अज्ञात तीन हमलावरों ने तीन से चार गोलियां चलाई। जिसमें से नाबालिग के पेट और गर्दन के पास दो गोली लगी। वारदात के बाद हमलावर मौके पर से फरार हो गए। नाबालिग की मां और भाईयों ने हमलवारों को पकडने की काफी कोशिश की थी,लेकिन हमलावर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। नाबालिग की अस्पताल में हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या की कोशिश आदि की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वारदात वाली जगह से तीन से चार कारतूस के खोल भी बरामद किये हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है,बेशक नाबालिग की मां ने हमलवारों के नाम भी बताए हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि घायल नाबालिग जहांगीरपुरी में हुई गोलीबारी के एक मामले में वांछित है। नाबालिग का कुछ समय से एक सोशल मीडिया पर एक रील बनाने को लेकर भी जहांगीरपुरी के रहने वाले लडकों से विवाद चल रहा था,जिसमें लडके नाबालिग बताए जा रहे हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आदर्श नगर पुलिस को बीती रात दस बजकर १४ मिनट पर सिविल लाइन्स स्थित ट्रॉमा सेंटर से एक नाबालिग को गोली मारे जाने की जानकारी मिली थी। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने नाबालिग के पेट और गर्दन के नीचे गोली लगने की जानकारी दी। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने आर्यन की हालत गंभीर बताई। नाबालिग की मां नीतू ने पुलिस को बताया कि वह पति संजय और आर्यन के साथ एमसीडी कॉलोनी में रहती है। पति संजय प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। जबकि बेटा आर्यन नौवीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा है। वारदात के वक्त वह आर्यन और जानकार रंजीता और निखिल के साथ एमसीडी कॉलोनी के मुख्य गेट के सामने स्थित फुट ओवर ब्रिज के पास फुटपाथ पर खड़े होकर बातचीत कर रही थी।

अचानक से तीन लडके आए,जिनके हाथ में पिस्टल थी। आते ही आर्यन बेटे को टारगेट करके उसी पर गोलियां चलाई थी। आर्यन के पेट और गर्दन के पास गोली लगी थी। चिल्लाने पर तीनों अंधेरे का फायदा उठाकर बाइक सेफरार हो गए थे। आर्यन खून से लथपथ हालत में वहीं पर गिर गया था। जिसको तुरंत सुश्रुत ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया था। हमला करने वाले शानू,शमशेर और लड्डू थे,तीनों जहांगीरपुरी इलाके में रहते हैं। पुलिस को शुरूआती जांच में जहां नामजद लडकों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है और उनके परिवार वालों से भी पूछताछ कर रही है। यह भी पता चला है कि कुछ दिन पहले ही सोशल मीडिया पर अपलोड वीडियो पर कमेंट करने को लेकर भी दो नाबालिग गुटों में टशनबाजी चल रही थी।

## आंध्रप्रदेश से ड्रग्स लाकर दिल्ली एनसीआर में सप्लाई करने वाला पकड़ा

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश से ड्रग्स लाकर दिल्ली एनसीआर में सप्लाई करने वाले एक वांछित अंतर्राज्जीय तस्कर चंदर शेखर को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। २०२१ से वह अपराध करने के बाद से फरार था। २०२३ में पीओ घोषित कर दिया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हेड कांस्टेबल अशोक कुमार की एक पुख्ता जानकारी के बाद एसीपी नरेन्द्र सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर अजय सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने वीपीओ टिटोली, रोहतक, हरियाणा से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह मामला दर्ज होने के बाद से बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था।

# जेल वार्डर के लिए निकली भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीएसएसएसबी ने २११९ पदों पर भर्ती निकाली है। इसमें सबसे ज्यादा पद जेल वार्डर के लिए हैं। अगर आप इस पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, तो जेल वार्डर की हाइट, उम्र सीमा, सैलरी, फिजिकल टेस्ट से जुड़ी हर अहम जानकारी यहां पा सकते हैं।

दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (कैठ) ने २११९ पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया चालू कर दी है। इनमें सबसे अधिक वैकेंसी जेल वार्डर के पदों पर है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिरकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की आखिरी तारीख ७ अगस्त २०२५ है। आइए जानते हैं इस भर्ती में चयन के लिए जरूरी ऊंचाई, दौड़, हाई जंप, लॉन्ग जंप और मेडिकल फिटनेस से जुड़े सभी महत्वपूर्ण मापदंड। दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (कैठ) द्वारा जेल वार्डर भर्ती २०२५ के तहत कुल १६७६ पद जारी किए गए हैं। इनमें सबसे अधिक ६९० पद अनारक्षित (न्त) श्रेणी के लिए हैं, जबकि व्ठब वर्ग के लिए ४५२ पद आरक्षित हैं। अन्य वर्गों जैसे एससी, एसटी, ईडब्ल्यूएस आदि के लिए भी नियमों के अनुसार आरक्षण लागू किया जाएगा।

अभ्यर्थी को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से १२वीं (सीनियर सेकेंडरी) पास होना चाहिए। भर्ती की यह प्रक्रिया विशेष रूप से पुरुष उम्मीदवारों के लिए है।

इस भर्ती में भाग लेने के लिए उम्मीदवार की ऊंचाई कम से कम १७० सेमी होनी चाहिए। हालांकि, गोरखा, गढ़वाली, डोगरा और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को ५ सेमी की छूट दी जाएगी। छाती का माप बिना फुलाए ८१ सेमी और फुलाकर ८६ सेमी आवश्यक है, जिसमें ५ सेमी का विस्तार अनिवार्य है।

उपरोक्त जातियों को छाती के माप में भी छूट प्राप्त होगी।उम्मीदवार की आंखों की रोशनी ६/६ होनी चाहिए और उसे किसी भी प्रकार की रंग अंधता नहीं होनी चाहिए। साथ ही टेढ़े पैर, चपटे पैर, भेंगापन, वैरिकाज नस आदि जैसी चिकित्सकीय कमियां नहीं होनी चाहिए। च्म्ज यानी शारीरिक दक्षता परीक्षण के तहत उम्मीदवार को १६०० मीटर दौड़ ६ मिनट में पूरी करनी होगी, साथ ही १३ फीट की लॉन्ग जंप और ३ फीट ९ इंच की हाई जंप के तीन-तीन मौके दिए जाएंगे।

# दिल्ली कैबिनेट में मिली एकीकृत जिला परियोजना फंड को हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में बुलाई गई केबिनेट की बैठक में एकीकृत जिला परियोजना निधि/जिला परियोजना निधि (इंटीग्रेटेड डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट फंड/ डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट फंड) को स्वीकृति प्रदान की है। इस निधि से सभी सरकारी जिलों में छोटे लेकिन जरूरी विकास कार्यों को बिना किसी बाधा से पूरा किया जा सकेगा। इन योजनाओं के लिए ५३ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह पहल श्परफॉर्म, रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्मश के स्मार्ट सुशासन मंत्र पर आधारित है। हमारी सरकार सिस्टम का विकेंद्रीकरण करना चाहती है, ताकि हर स्तर पर विकास योजनाओं को तेजी से पूरा किया जा सके।

कैबिनेट की इस बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अलावा अन्य कैबिनेट मंत्री, मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस योजना की जानकारी देते हुए बताया कि ये योजनाएं दिल्ली के जमीनी स्तर पर विकास को गति देंगी और लोगों को बुनियादी सुविधाएं जल्द और प्रभावी रूप से उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इस योजना का उद्देश्य ऐसी विकास परियोजनाओं के लिए फंड उपलब्ध कराना है जो बुनियादी ढांचे, सामुदायिक सुविधाओं और सामाजिक कल्याण पर केंद्रित हों। इस फंड से सड़कों, स्कूलों, डिस्पेंसरियों, सामुदायिक केंद्रों आदि जैसी विभिन्न परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य स्थानीय आवश्यकताओं की पहचान करना, परियोजनाओं की योजना बनाना तथा जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए संसाधनों का आवंटन करना है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में बुलाई गई केबिनेट की बैठक में एकीकृत जिला परियोजना निधि/जिला परियोजना निधि को स्वीकृति प्रदान की गई।

## शादी समारोह में फायरिंग करके दहशत फैलाने वाला बदमाश पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कुछ ही दिन पहले एक शादी समारोह में हवा में फायरिंग करके लोगों को बताया कि वह इलाके में आ गया है। वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया। पवन खत्री उर्फ चाची को पिस्टल और दो कारतूस के साथ बाहरी उत्तरी जिला की एएटीएस और एबीएस सेल ने गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम को उसके बारे में पता चला था कि वह किसी से मिलने के लिए नरेला इलाके में आएगा,जिसके पास अवैध हथियार भी हो सकते हैं। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी करके आरोपी को हथियारों के साथ पकड़ लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं और वह २०२४ में जेल से बाहर आया था।

## पुलिस से बचने के लिए सोनीपत में छिपा, पकड़ा

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने शाहबाद डेयरी के विकास उर्फ पवन उर्फ जूडी को गिरफ्तार किया है,जो पांच मामलों में शामिल रहा था। उसके खिलाफ दो मामलों में गैर-जमानती वारंट जारी किये हुए थे। आरोपी मुकदमे से बच रहा था और बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था। एसीपी नरेन्द्र सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप तुषीर के निर्देशन में पुलिस टीम ने तकनीकी और मैन्युअल दोनों तरह से काम करते हुए आरोपी को गन्नौर, सोनीपत, हरियाणा इलाके से गिरफ्तार किया।

# ट्रेन में बैग चोरी करने वाले गिरोह के चार दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की रेलवे यूनिट ने ट्रेनों और रेलवे परिसरों में सक्रिय बैग चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से यात्रियों के चोरी किए गए १६ बैग बरामद किए गए हैं। आरोपित ट्रेन की एसी कोच में यात्रियों के बैग चोरी करते थे। आरोपितों की पहचान अमित कुमार, करन कुमार, गौरव और पुनित महतो के रूप में हुई है। चारों ही आरोपित बिहार के बेगुसराय और वैशाली के रहने वाले हैं। आरोपित वारदात को अंजाम देने बिहार से दिल्ली आते थे। यहां रेलवे स्टेशन के आसपास होटल में कमरा लेकर चोरी का सामान इकट्ठा करते थे। बाद में कीमती सामान के साथ वापस बिहार भाग जाते थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपित १०० से अधिक वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। पकड़ा गया गौरव २०१९ में इसी तरह के एक मामले में भगोड़ा घोषित है। वहीं अमित व करण के खिलाफ एक-एक और पुनित के खिलाफ पहले से पांच मामले दर्ज हैं। गिरोह के बाकी सदस्यों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। रेलवे पुलिस उपायुक्त केपीएस मल्होत्रा के मुताबिक, तीन जुलाई को माता वेष्णों देवी कटरा एक्सप्रेस में ए-१ कोच से पांच बैग चोरी होने की सूचना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन थाना पुलिस को मिली थी। पुलिस ने शिकायत लेकर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।थाना प्रभारी विश्वनाथ पासवान ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपितों की पहचान की। उनकी तलाश करते हुए टीम पहाड़गंज के होटल क्रिस्टल पहुंच गई। वहां छापेमारी के बाद टीम ने अमित, गौरव व करन को दबोच लिया।

इनके पास से अलग-अलग तरह के कुल १२ बैग व दो मोबाइल और ४७ हजार कैश बरामद हुए। चौथे आरोपित को आनंद विहार रेलवे स्टेशन से दबोच लिया गया। आरोपित पुनित के पास से पुलिस ने चार बैग बरामद किए। पुनित के खिलाफ बिहार, राजस्थान और दिल्ली समेत कई राज्यों में इसी तरह चोरी के मामले दर्ज थे। पुलिस ने इनके पास से चोरी के चार बैग और बरामद किए। पूछताछ में पता चला कि आरोपित बिहार से ट्रेन में सवार होकर दिल्ली आते थे। ट्रेन के एसी कोच इनके निशाने पर रहते थे। तड़के जब लोग गहरी नींद में होते थे यह बैग चोरी कर लेते थे।

# हज-2026 के लिए ऑनलाइन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हज कमेटी ऑफ इंडिया की पूर्व सूचना के अनुक्रम में, राज्य हज समितियों को प्राप्त पत्र के माध्यम से वर्ष २०२६ में हज पर जाने की इच्छा रखने वाले हाजियों के लिए आवेदन फॉर्म जमा करने की घोषणा कर दी गई है। हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यूडब्ल्यू. हजकमेटी.जीओवी.इन और हज सुविधा ऐप पर ऑनलाइन हज आवेदन फॉर्म भरने के लिए ७ जुलाई से ३१ जुलाई तक की तारीख तय की गई है। हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने इस अवसर पर हज २०२६ के हाजियों को अग्रिम मुबारकबाद देते हुए यह आश्वासन दिया कि हज कमेटी फॉर्म भरने में सहयोग से लेकर हर चरण में मार्गदर्शन के लिए हमेशा तैयार रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार द्वारा भारतीय मुसलमानों को कम अवधि वाले हज की सुविधा देना एक सराहनीय कदम है।

दिल्ली स्टेट हज कमेटी के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर अशफाक अहमद आरफी ने हज २०२६ के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जो लोग अगले साल हज करने का इरादा रखते हैं, वे अपनी ऑनलाइन आवेदन में २० दिन की अवधि वाले कम अवधि हज (शॉर्ट टर्म हज) का चयन भी कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें अतिरिक्त राशि चुकानी पड़ सकती है। कम अवधि हज में मदीना मुनव्वरा में ठहरने की अवधि केवल दो से तीन दिन होगी। यह हज केवल ७ एम्बार्केशन पॉइंट्स कृ दिल्ली, अहमदाबाद, बैंगलोर, चेन्नई, कोचीन और हैदराबाद से ही संभव होगा। पिछले साल हज २०२५ की तरह, इस बार भी ७.७.२०२५ को १२ वर्ष से कम उम्र के बच्चों के हज यात्रा पर प्रतिबंध रहेगा। विशेष श्रेणी में हज आवेदन पत्र जमा करने के लिये ७ जुलाई २०२५ को कम से कम ६५ साल की आयु जबकि बिना महरम हज पर जाने वाली महिलाओं की आयु ४५ साल का होना अनिवार्य है।हज २०२६ में हाजियों से खाने का विकल्प (फूड ऑप्शन) भी लिया जाएगा और बाद में उनकी पसंद के आधार पर भोजन की व्यवस्था का अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# मजनू का टीला इलाके में युवती व छह साल की बच्ची की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सिविल लाइन थाना इलाके में दोहरे हत्याकांड की वारदात को अंजाम दिया गया. करीब २२ साल की युवती और एक बच्ची की घर में ही हत्या की गई। आसपास के लोगों को जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई. इसके बाद सिविल लाइन थाना पुलिस फॉरेंसिक टीम और क्राइम टीम मौके पर पहुंच गई. युवती का फ्रेंड मौके से फरार इस पर जताया जा रहा है. उस पर ही हत्या का शक जताया जा रहा है. एक ६ महीने की बच्ची की हत्या भी की गई है।

जिस महिला की बच्ची की हत्या हुई है उन्होंने कहा कि मेरी दो बेटियां हैं। अपनी बड़ी बेटी को स्कूल लेने गई थी. छोटी को फ्रेंड के पास छोडकर गई थी और उसका मर्डर हो गया. पुलिस जांच कर रही है. पूरी गली मे दहशत का माहौल है. हमारी मांग है कि जो भी कार्रवाई हो जल्द हो. ये वारदात को दिल्ली के मजनू का टीला इलाके में दिनदहाड़े अंजाम दिया गया है. दिल्ली पुलिस को तकरीबन १.३० बजे के करीब जानकारी मिली. जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा घर के फर्स्ट फ्लोर पर एक तकरीबन २२ साल की लड़की की लाश और ६ महीने की बच्ची की लाश पड़ी हुई है. दोनों की गला रेत कर हत्या की गई थी. हत्या करने के बाद आरोपी फरार हो गया.पुलिस ने बताया कि दरअसल मृतक लड़की सोनम अपनी दोस्त रश्मि के घर पिछले दो दिन से रह रही थी. वारदात के समय सोनम की दोस्त रश्मि अपने दूसरी बच्ची को लेने के लिए स्कूल गई थी और ६ महीने की बच्ची को सोनम के पास छोड़ गई थी। जब वह वापस आई तो उसने देखा कि घर में उसकी सहेली और उसकी बेटी की लाश पड़ी हुई है।

# बेखौफ क्रिकेट खेलेगी साउथ दिल्ली सुपरस्टार्जः बडोनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग सीजन 2 के लिए मेन्स मेगा ऑक्शन का पहला दिन बेहद रोमांचक रहा, जहाँ कई बड़े नामों की एंट्री हुई, अनुभवी रणजी प्लेयर्स शामिल हुए और उभरते हुए युवा टैलेंट्स पर टीमों ने खुलकर दाँव लगाए।



इस जबरदस्त ऑक्शन में जो टीम सबसे रणनीतिक और संतुलित नजर आई, वह थी साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज, जिन्होंने बेहद सोच-समझकर एक मजबूत स्क्वॉड खड़ा किया है। अब सबकी निगाहें सीजन 2 की धमाकेदार शुरुआत पर टिकी हैं। पिछले सीजन की रनर-अप टीम रही सुपरस्टार्ज इस बार ऑक्शन में पूरी रणनीति और स्पष्ट इरादे के साथ उतरी। उनका पहला बड़ा कदम था आयुष बडोनी को बरकरार रखना। आयुष पिछने सीजन के वही दमदार कप्तान हैं, जिन्होंने टीम को फाइनल तक पहुँचाया था। चूँकि, ऑक्शन से पहले हर टीम को सिर्फ एक प्लेयर को बरकरार रखने की इजाजत थी, ऐसे में सुपरस्टार्ज ने बड़ी ही सूझबूझ से अपने पिछले सीजन के कोर प्लेयर्स को दोबारा खरीद लिया। इस बार सुपरस्टार्ज के लिए खेलने वाले वो प्लेयर्स, जो पिछली बार भी टीम का हिस्सा थे, उनके नाम हैं। आयुष बडोनी, टीम के कप्तान, ऑक्शन से पहले बरकरार रखे गए। दिग्वेश राठी, पिछले सीजन में टीम के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज, इस बार भी मार्की प्लेयर के तौर पर खरीदे गए। तेजस्वी दहिया, ताकतवर विकेटकीपर- बल्लेबाज, जिन्होंने पिछले सीजन में २०० से ज्यादा रन बनाए थे, टीम ने उन्हें इकलौते राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल करके वापस लिया।

# डीयू : सीएसएएस के तहत दाखिले का दूसरा चरण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक कोर्सेज में दाखिले के लिए अब आवेदन व कॉलेज कोर्स चयन की प्रक्रिया साथ-साथ चलेगी।

डीयू में मंगलवार से स्नातक के दाखिले के लिए कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) का दूसरा चरण (कोर्स व कॉलेज का चयन) शुरू हो गया है । इस चरण में पंजीकरण (आवेदन) के साथ-साथ कॉलेज व कोर्स की वरीयता का चयन किया जा सकेगा। छात्र १४ जुलाई की रात ११ बजकर ५९ मिनट तक चयन कर सकेंगे। डीयू की सलाह है कि कॉलेज व प्रोग्राम भरने के लिए छात्रों के पास एक सप्ताह का समय है इसलिए कॉलेज व कोर्स की वरीयताओं को ध्यान से भरना जरूरी है। उनके चयन के आधार पर ही उन्हें सीट का आवंटन होगा। एक बार कॉलेज व कोर्स भरने के बाद यह वरीयताएं 14 जुलाई तक सीएसएएस पर ऑटो लॉक हो जाएंगी। वरीयता भरने की समय सीमा समाप्त होने के बाद छात्रों को कॉलेज व कोर्स बदलने की अनुमति नहीं मिलेगी। डीयू में दाखिले का पहला चरण (आवेदन प्रक्रिया) 17 जून से शुरू हुई था। अभी यह आवेदन प्रक्रिया जारी है जो कि 14 जुलाई तक चलेगी। इस आवेदन प्रक्रिया के तहत देशभर से अब तक २,५५,१८७ छात्रों ने साइन अप किया है जबकि अब तक १,७६,८३७ आवेदन जमा हो चुके हैं। मालूम हो कि डीयू में स्नातक की करीब ७१ हजार सीटें हैं। जिस तरह से आवेदन जमा हुए हैं उससे पहले राउंड में अधिकतर सीटें भरने की उम्मीद है।

# बिना खर्च किए छत पर लगेगा सोलर प्लांट, सीएम ने की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली वाले केवल अपनी छत उपलब्ध करवाकर सौर ऊर्जा की सुविधा हासिल कर सकते हैं। इस योजना में शामिल होने के लिए कोई अग्रिम लागत नहीं लगेगी और कोई पूंजी निवेश नहीं करनी होगी, बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होगी। इसकी मदद से दिल्लीवालों को सस्ती बिजली की सुविधा मिल सकेगी।सरकार ने आरईएससीओ/ यूटिलिटी-लेड एग्रीगेशन मॉडल के तहत पूरी राजधानी में रूफटॉप सोलर लगाने की व्यापक शुरुआत की है।

यह पहल केंद्र सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के दिशा- निर्देशों के अनुरूप है। इसे दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग संचालित कर रहा है। सौर ऊर्जा को लेकर दिल्ली सरकार ने पहले से ही पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना-स्टेट टॉप-अप नामक योजना शुरू की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस योजना की मदद से दिल्ली के नागरिकों को बिना किसी अग्रिम लागत के सौर ऊर्जा की सुविधा मिलेगी। इस मॉडल के तहत अब दिल्लीवाले अपने घरों या संस्थानों पर बिना किसी पूंजी निवेश के रूफटॉप सोलर सिस्टम लगवा सकते हैं। उपभोक्ता को केवल अपनी छत उपलब्ध करानी होगी, जहां सोलर प्लांट लगाया जाएगा। इंस्टॉलेशन का कार्य उन डिवेलपर्स करेंगे। इन्हें संबंधित बिजली कंपनी नियुक्त करेगी।

आरईएससीओ कंपनी उपभोक्ता की संपत्ति पर सौर पैनल स्थापित करती है और उसका प्रबंधन करती है। उपभोक्ता केवल उपयोग की गई बिजली के लिए भुगतान करता है। इस मॉडल में उपभोक्ता को सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने के लिए कोई अग्रिम निवेश नहीं करना पड़ता है। यूटिलिटी-लेड एग्रीगेशन एक मॉडल है जिसमें बिजली वितरण कंपनियां घरों की छतों पर सौर ऊर्जा सिस्टम स्थापित करती हैं। इस योजना के लिए ५० करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। अगले तीन वर्षों में २.३ लाख घरों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। सीएम ने दावा किया कि हर छत एक बिजलीघर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे हर नागरिक स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य का भागीदार बन सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुविधा घरेलू एवं गैर-घरेलू दोनों प्रकार के उपभोक्ताओं को संबंधित डिस्कॉम्स के नेटवर्क के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही सौर ऊर्जा की आपूर्ति डीईआरसी के तरफ से जारी मौजूदा सप्लाई कोड विनियमों के अंतर्गत संचालित होगी। इससे उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित रहेंगे। यह पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना का प्रमुख हिस्सा है। सीएम ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत ३ किलोवाट रूफटॉप सोलर पैनल की स्थापना पर ३० हजार रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी (१०,००० रुपये प्रति किलोवाट) पहले ही मंजूर की जा चुकी है। इससे कुल उपलब्ध सब्सिडी १.०८ लाख रुपये हो गई है।

## रिलेशनशिप को लेकर दोनों ने दी जान

**नई दिल्ली।** नजफगढ़ में एक किशोरी और एक किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों द्वारका में नजफगढ़ के नागली इलाके में किशोरी के घर पर रविवार शाम को मृत पाए गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों का प्रेम प्रसंग था जिसके कारण उनके परिवारों के बीच पहले विवाद भी हुआ था। सूत्रों ने बताया कि मामला कथित तौर पर कानूनी कार्यवाही तक पहुंच गया था, लेकिन बाद में आपसी समझौते से इसे सुलझा लिया गया।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शव किशोरी के घर के एक कमरे में मिले और प्रारंभिक निरीक्षण के दौरान शवों पर कोई बाहरी चोट नहीं देखी गई। कमरा अंदर से बंद था और पुलिस इस मामले को फिलहाल संदिग्ध आत्महत्या मान रही है।

# अमृता विश्वविद्यापीठम् में पीएच.डी. प्रवेश के पहले चरण की प्रक्रिया की अंतिम तिथि 20 जुलाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व के प्रतिष्ठित संस्थानों में शामिल अमृता विश्व विद्यापीठम्ख्र जो द इम्पैक्ट रैंकिंग्स 2025 में विश्व की टॉप 50 यूनिवर्सिटीज में स्थान प्राप्त कर चुका है-जुलाई 2025 सत्र के लिए पीएच.डी. प्रवेश (फेज 1) की प्रक्रिया 20 जुलाई को बंद कर देगा। यह विवि शोध के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। अमृता में पीएच.डी. करने वाले विद्यार्थियों को करीब 20 लाख की समग्र सुविधा दी जाती है। इसमें तीन वर्षों तक मासिक छात्रवृत्ति, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने के लिए आर्थिक सहयोग, शोध प्रकाशनों के लिए फंडिंग, ट्यूशन शुल्क में छूट, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं और विश्व स्तरीय शोधकर्ताओं के साथ काम करने के मौके शामिल हैं। शोध के क्षेत्र इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटिंग, भौतिक विज्ञान, जीवन विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, सामाजिक और व्यवहारिक विज्ञान, कला, मानविकी, वाणिज्य और प्रबंधन तक फैले हुए हैं। विद्यार्थियों को देश-विदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों से मार्गदर्शन प्राप्त होता है। अमरावती, अमृतपुरी, बेंगलुरु, कोयंबटूर, चेन्नई, कोच्चि, मैसूरु और फरीदाबाद स्थित कैंपसों पर प्रवेश खुला है। किसी भी विषय में स्नातकोत्तर में न्यूनतम ६०% अंक प्राप्त अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। नेट, गेट और सी.एस.आई.आर क्वालिफाई करने वाले उम्मीदवारों को सीधे साक्षात्कार का अवसर मिलेगा।

# मुठभेड़ में 20 हजार का इनामी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस की एक बदमाश से मुठभेड़ हो गई, जिसमें 20 हजार रुपये का इनामी अपराधी गुल्लू पुत्र आसू उर्फ आस मोहम्मद घायल हो गया। उसे तुरंत गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि सिम्भवाली थाना प्रभारी सुमित तोमर अपनी टीम के थाना क्षेत्र के बड्डा नहर पुलिया के पास चेकिंग कर रहे थे तभी पुलिस ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रो. कने की कोशिश की, लेकिन बदमाश ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में इनामी बदमाश गुल्लू घायल हो गया और मौके पर ही उसे दबोच लिया



गया। उसके पास से एक तमंचा, एक ज़िंदा कारतूस मय खोखा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश गुल्लू, जो ग्राम शेखपुर खिचरा, थाना धौलाना जनपद हापुड़ का निवासी है, एक कुख्यात अपराधी है। वह थाना सिम्भावली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में फरार था और लंबे समय से फरार चल रहा था। जिस पर 20 हज़ार रूपये का ईनाम भी घोषित है। बदमाश गुल्लु के खिलाफ गोकशी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और गैंगस्टर एक्ट जैसे गंभीर अपराधों में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गुल्लू एक संगठित अपराधी गिरोह से भी जुड़ा हो सकता है, जिसकी जांच अभी चल रही है। घायल बदमाश गुल्लू को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है और वह चिकित्सकीय निगरानी में है। घटना के बाद संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# दो थाना प्रभारी बने प्रेरणा के स्त्रोत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में दो थाना प्रभारियों ने पुलिस की एक नई और सकारात्मक छवि पेश की है। थाना हाफिजपुर प्रभारी आशीष पुंडीर और थाना हापुड़ देहात प्रभारी विजय गुप्ता कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ हापुड़ देहात थाना परिसर स्थित प्राचीन बजरंग. बली मंदिर में स्वैच्छिक सेवा कार्य कर रहे हैं। उनकी यह पहल आम जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास और आत्मीयता बढ़ा रही है।

दोनों अधिकारी हर सुबह मंदिर पहुंचते हैं और वहां साफ-सफाई करते हैं। वे झाड़ू लगाने, मंदिर परिसर को स्वच्छ रखने और श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखते हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह सिर्फ धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि एक सामाजिक संदेश है। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया



कि हमने तय किया कि अपने दिन की शुरुआत सेवा से की जाए। वही हाफिजपुर थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने कहा, मंदिर की सफाई हमारे लिए किसी पूजा से कम नहीं। उनका कहना है कि आमतौर पर पुलिस की छवि सख्त मानी जाती है, लेकिन इन अधिकारियों ने इस सोच को बदला है। यह दर्शाता है कि सामाजिक जुड़ाव से कानून व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा सकता है, और पुलिस का ह्यूमन फेस जनता के दिलों को छू रहा है।

# अवैध ई-टिकट के गोरखधंधे पर आरपीएफ की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आरपीएफ ने मुखबिर की सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए गुलावठी-मसूरी रोड पर एक अवैध ई-टिकट रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में आरपीएफ ने श्याम चौधरी नामक एक व्यक्ति को धौलाना के हसनपुर से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 14 अवैध ई-टिकट, एक लैपटॉप, एक प्रिंटर और अन्य डिजिटल उपकरण बरामद किए गए है। आरपीएफ थाना प्रभारी राकेश यादव ने बताया कि एएसआई अंज. ेश कुमार को मुखबिर के आधार पर सूचना मिली थी कि धौलाना के गुलावठी-मसूरी रोड पर एक व्यक्ति अवैध रूप से ई-टिकटो का गोरखधंदा कर रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने छापेमारी करते



हुए एक व्यक्ति को अवैध रूप से ई-टिकटो का बिज़नेस करने वाले व्यक्ति श्याम चौधरी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि रेलवे नियमों के अनुसार, टिकटों की बिक्री केवल अधिकृत व्यावसायिक आईडी के माध्यम से होनी चाहिए। जबकि श्याम चौधरी अपनी पर्सनल आईडी का उपयोग करके IRCTC वेबसाइट से ई-टिकट बनाता था और उन्हें यात्रियों को दोगुनी कीमत पर बेचता था। जिससे उसे अवैध मुनाफा होता था। उन्होंने बताया कि आरपीएफ ने रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत श्याम चौधरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सुप्रीम कोर्ट के 9 जनवरी 2025 के फैसले के अनुसार, अवैध टिकट बिक्री एक अपराध है। इस तरह की अवैध गति. विधियों से यात्रियों को आर्थिक नुकसान होता है और रेलवे की पारदर्शी टिकटिंग प्रणाली प्रभावित होती है। थाना प्रभारी ने बताया कि बरामद किए गए 14 ई-टिकटों की जांच की जा रही है ताकि यह पता चल सके कि वे किन यात्रियों को बेचे गए थे और कितनी राशि वसूली गई थी। आरपीएफ इस रैकेट में शामिल अन्य संभावित आरोपियों और इसकी अवधि की भी जांच कर रही है।

# सड़क हादसे में शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-9 स्थित छिजारसी चौकी के पास एक सड़क दुर्घटना में योगी सरकार की शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी बाल-बाल बच गईं। इस हादसे में उन्हें मामूली चोटें आई हैं, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार राज्य मंत्री गुलाब देवी दिल्ली से अमरोहा जा रही थीं। छिजारसी चौकी के पास पहुंचते ही उनके काफिले से आगे चल रही तीन गाड़ियां अचानक रुक गईं। इससे एस्कॉर्ट कर रही गाड़ी इन वाहनों से टकरा गई और फिर राज्य मंत्री की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। इस टक्कर में गुलाब देवी को हल्की चोटें आईं। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और राज्य मंत्री को रामा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानजय सिंह भी अस्पताल पहुंचे और गुलाब देवी का हाल जाना। पुलिस ने गाड़ी चालकों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उपचार के बाद राज्य मंत्री का काफिला अमरोहा की ओर रवाना हो गया।

# नशे का इंजेक्शन देकर युवती से गैंगरेप तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र से एक गैंगरेप की वारदात सामने आई है। आरोप है कि तीन युवकों ने एक युवती को बहला-फुसलाकर जंगल में ले गए, उसे इंजेक्शन देकर अर्धचेतन अवस्था में कर दिया और फिर उसके साथ गैंगरेप किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि घटना 5 जुलाई की रात करीब 10 बजे की है। गांव के पास के कस्बे पसवाड़ा निवासी मनीष चौहान ने उसे फोन कर घर के बाहर बुलाया। मनीष अपने दोस्त बाबू के साथ बाइक पर था। दोनों युवती को बहकाकर गांव के बाहर एक सुनसान इलाके में ले गए। पीड़िता के आरोप के मुताबिक, जंगल में पहुंचने के बाद मनीष और बाबू ने अपने एक और साथी को मौके पर बुलाया। तीनों ने युवती के हाथों में इंजेक्शन लगाए, जिससे वह कमजोर होकर अर्धचेतन अवस्था में चली गई। इसके बाद तीनों ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। आरोप है कि दुष्कर्म के बाद आरोपियों ने पीड़िता को धमकी दी कि अगर उसने किसी को इस बारे में बताया तो उसके पूरे परिवार को जान से मार दिया जाएगा। पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपियों ने उसे जातिसूचक गालियां भी दीं। अगले दिन सुबह आरोपी उसे गांव के पास छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता किसी तरह घर पहुंची और अपने परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद परिजनों के साथ वह बहाद. ुरगढ़ थाने पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मनीष चौहान, बाबू और एक अज्ञात युवक के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, एससी,एसटी एक्ट, धमकी और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ वरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और उसका मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# चोरी का माल खरीदने वाला कबाड़ी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड देहात पुलिस ने गांव असौड़ा स्थित मंदिर में हुई चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से चोरी का शेष माल एक जोड़ी मंजीरा, एक फूलदान व एक घंटी बरामद की है।

थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि गांव असोड़ा में स्थित मंदिर में हुई करोड़ों रुपए की चोरी का पुलिस खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार कर पहले ही सलाखों के पीछे भेज चुकी है। मंगलवार को पुलिस ने मंदिर में हुई चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी कबाड़ी वसीम उर्फ मंटू पुत्र बुन्दू निवासी कोटला सादात पीर वाली गली थाना हापुड देहात जनपद हापुड को मुखबिर की सूचना के आधार पर



गांव टियाला में डग के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से चोरी का शेष माल एक जोड़ी मंजीरा, एक फूलदान व एक घंटी बरामद हुई है।

# बारिश के लिए किसानों ने नंगे पैर दूध की धार लगाते हुए की परिक्रमा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मानसून आने के बाद बारिश न होने पर किसानों की फसलों पर बीमारियों का खतरा मंडरा है। एक तरफ गन्ने की फसल पर बीमारी लग रही है। दूसरी तरफ धान की फसल को पानी की जरुरत होती है। बारिश के लिए किसानों ने गांवों में दूध की धार लगाकर नंगे पैर परिक्रमा की। रुठे मानसून को मनाने के लिए गांवों में किसानों ने प्रयास शुरू कर दिए है। गढ़मुक्तेश्वर तहसील के गांव झड़ीना के मां चंडी के मंदिर समेत सारे गांव में दूध की धार लगाते हुए नंगे पैर परिक्रमा की, इसके बाद यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हाईवे पर दो कारों की भिड़ंत, अनियंत्रित होकर खाई में गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर स्थित धनोरा कट के पास दो कारों की टक्कर हो गई। इस घटना में एक स्कॉर्पियो एन गाड़ी का टायर फटने के बाद वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और सड़क से नीचे खाई में जा गिरी। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई, हालांकि दोनों वाहनों को काफी नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो जिसमें पांच लोग कामरान, नदीम फारूक, फरहान, मेहताब और आरिफ सवार थे। कार सवार सिकंदराबाद से मेरठ की ओर जा रहे थी। वहीं एक टाटा हेक्सा जिसमें प्रमोद, प्रदीप कुमार जैन, मुकेश जैन, अरुण जैन और बीना जैन



सवार थे जो कि एटा से सहारनपुर अपने बहनोई के घर जा रहे थे। धनोरा कट के पास टाटा हेक्सा गाड़ी स्कॉर्पियो के आगे चल रही थी। इसी दौरान टाटा हेक्सा के दाि. हने अगले टायर में अचानक ब्लास्ट हो गया। इसके चलते स्कॉर्पियो चालक ने तेजी से ब्रेक लगाए, जिससे स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो गई। गाड़ी डिवाइडर से टकराते हुए दूसरी साइड क्रॉस कर सड़क से नीचे जा गिरी। गनीमत रही कि दोनों गाड़ियों में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। दुर्घटना के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सामान्य किया गया। घटना से मार्ग पर किसी प्रकार का जाम नहीं लगा और स्थिति को तुरंत नियंत्रण में ले लिया गया।

# कावड़ यात्रा के दौरान गड़बड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई: नीरज कुमार

**रोबिन शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता।** सावन माह की कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस-प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। इस बार कांवड़ियों की सुरक्षा के लिहाज से दिल्ली हाईवे और अन्य मार्गों पर सैकड़ो से अधिक कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही पुराने कैमरों को दुरुस्त कराए गए हैं। सड़कों पर होने वाली गतिविधि सीसीटीवी कैमरे में कैद होगी। इस दौरान कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान अगर किसी ने भी गड़बड़ी करने का प्रयास किया तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि कांवड़ियों की सुरक्षा के लिहाज से हाईवे समेत कावड़ यात्रा रूट पर सैकड़ो कैमरे लगवाए गए हैं, और पुलिस-प्रशासन ने मुख्य रूप से जलाभिषेक वाले मंदिरों को भी चिह्नित किया है। यहां पर ड्रोन कैमरे से असामा. जिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी। पूरे महीने चलने वाली कांवड़ यात्रा में हरिद्वार और ब्रजघाट से गंगा जल लेकर करीब पांच से छह लाख शिवभक्त गंतव्य को लौटते हैं। सावन की कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना पुलिस-प्रशासन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। जिले के साथ ही मेरठ, बुलंदशहर, गाजियाबाद, अमरोहा, बरेली, संभल, मुरादाबाद और रामपुर समेत आसपास अन्य कई जिलों के शिवभक्त हरिद्वार व ब्रजघाट से कांवड़ में गंगा जल लेकर जिले से गुजरते हैं। यात्रा के मद्देनजर दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे तक पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। कावड़ यात्रा के दौरान किसी भी शिव भक्त को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े और सब कुछ पुलिस प्रशासन की निगरानी में रहे, इसके साथ-साथ नीरज कुमार ने चेतावनी भरे लहजे में कहां है कि अगर कावड़ यात्रा के दौरान किसी भी तरह से किन्ही भी शरारती तत्वों ने गड़बड़ी करने का प्रयास किया तो उन लोगों पर कठिन से कठिन कार्रवाई की जाएगी। कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिसकर्मी सड़कों पर तैनात रहेंगे ही, साथ ही थाने स्तर पर बने कंट्रोल रूम से भी निगरानी की जाएगी।

# चोरों ने तालाब से पानी निकालने वाला पाइप किया चोरी, जलभराव से ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तालाब की जल निकासी वाला पाइप दबंग लोगों द्वारा चोरी किए जाने से चंडी माता वाले रास्ते पर आबादी के बीच जलभराव होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कत झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है।

गढ़ क्षेत्र के गांव खिलवाई की प्रधान अंजू त्यागी ने कोतवाली में तहरीर दी है, जिसमें उल्लेख किया है कि गांव की आबादी के गंदे पानी के लिए चंडी माता मंदिर के पास सरकारी तालाब बना हुआ है। जिसमें जल निकासी के लिए पाइप बिछवाया हुआ था, परंतु उसे रात के अंधेरे में गांव के ही कुछ दबंग लोग चोरी से काटकर ले गए हैं। जिससे चंडी माता मंदिर वाले रास्ते पर बड़ी मात्रा में जलभराव होने पर ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही हैं।

चंडी माता मंदिर में पूजा अर्चना करने आने जाने के दौरान भी ग्रामीण जलभराव से होकर निकलने को मजबूर हो रहे हैं। ग्राम प्रधान ने पाइप चोरी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के साथ ही पाइप बरामद कराने की मांग की है। सीओ वरुण मिश्रा का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कराकर अग्रिम कार्रवाई कराई जाएगी।

## एक नजर

# कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तेज रफ्तार में फर्राटा भर रही बेलगाम कार ने अपनी सही दिशा में जा रही ई रिक्शा को चपेट में ले लिया, जिससे चालक समेत ई रिक्शा में सवार तीन लोग घायल हो गए।

गढ़ क्षेत्र के गांव बदरखा के सामने स्थित फ्लाई ओवर के सर्विस रोड पर सोमवार की रात में करीब साढ़े दस बजे तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित हुई कार ने आगे जा रही ई रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में चालक विनोद समेत ई रिक्शा में सवार अशोक कुमार सिंभावली और देवेंद्र सिंह बक्सर घायल हो गया। हादसा होने के बाद दोषी चालक अपनी कार को मौके पर ही छोड़कर रफूचक्कर हो गया। राहगीरों की सूचना पर आई पुलिस ने घायलों को स्थानीय अस्पताल में पहुंचा दिया, जहां हालत गंभीर होती देख चालक विनोद को चिकित्सक ने मेरठ के घलिए रेफर कर दिया। सीओ वरुण मिश्रा का कहना है कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच कराई जा रही है। घायलों की तरु से तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# हाईवे किनारे विशालकाय अजगर निकलने से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे किनारे एक विशालकाय अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के सामने हाईवे पर झाड़ियों से करीब 10 फुट लंबा अजगर बाहर आ गया, जिसे देखकर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने अजगर निकालने की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को पकड़ा। टीम ने अजगर का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।

# गंगा स्नान करने के दौरान चोरों ने श्रद्धालु का सामान किया चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के उपाध्याय नगर निवासी आनंद ने बताया कि वह गंगा स्नान करने के लिए ब्रजघाट गए थे। स्नान करने के दौरान उन्होंने अपना मोबाइल समेत नकदी और अन्य सामान एक पिन्नी में रख दिया था। स्नान करने के बाद जब वह वापस आया तो देखा कि उसका सामान को एक बच्चा चोरी कर ले जा रहा है। पीड़ित ने उस बच्चे का पीछा किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ब्रजघाट में प्रेम गौ सेवा संस्थान के पास मिला अज्ञात शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट गंगा नगरी स्थित प्रेम गो सेवा संस्थान के निकट कुछ श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। वहां उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। शव को देखकर लोगों ने पुलिस को मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। जानकारी करने पर मालूम हुआ कि मृतक गंगा नगरी में भिक्षा मांगता था। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ससुराल वालों पर मारपीट करते हुए हत्या का प्रयास करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद बागपत के थाना बलैनी के गांव बढावत निवासी गुड्डू ने बताया कि उसकी पत्नी मायके में रह रही है। उसको अपनी दो साल की बेटी की याद आई तो वह बेटी से मिलने के बाद ससुराल आ गया था। वहां ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ गाली गलौज की। और उसका गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दंपति ने लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव बदरखा निवासी मोनू ने बताया कि वह अपने घर पर सोमवार की शाम को काम कर रहा था। तभी पड़ोसी वहां आया और गाली गलौज करने लगा और उसके साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भुट्टे तोड़ने का विरोध करने पर देवर-भाभी के साथ मारपीट, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी देवर भाभी को ग्रामीण ने पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी धीरदास ने बताया कि उसके खेत से पड़ोसी भुट्टे को तोड़ रहा था। उसकी भाभी ने उसको मना किया तो आरोपी ने उसकी भाभी को गाली गलौज की, विरोध करने पर आरोपी ने उसकी भाभी के साथ पिटाई कर घायल कर दिया। इसको लेकर वह मौके पर पहुंचा तो आरोपी ने उसके साथ भी पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हमने हाइवे पर 4.78 करोड़ पेड़ लगाए: गडकरी

## नोएडा एयरपोर्ट कॉरिडोर का निरीक्षण कर पौधे लगाए, कहा: वाहनों से फैल रहा 40% प्रदूषण






शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को नोएडा पहुंचे। उन्होंने फरीदाबाद-नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कॉरिडोर (फरीदाबाद-जेवर एक्सप्रेसवे) का निरीक्षण भी किया। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की अपील की।

'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान के तहत 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना है। गडकरी ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शुरू किया गया है। पिछले साल विश्व पर्यावरण दिवस पर इसकी शुरुआत हुई थी। इसका मकसद देश को हरित और टिकाऊ अर्थव्यवस्था की ओर ले जाना है। ताकि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से लड़ा जा सके।

उन्होंने बताया कि यह अभियान सिर्फ पर्यावरण को बचाने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह धरती मां और हमारी माताओं के प्रति सम्मान दिखाने का एक खास तरीका है। यह एक सांस्कृतिक और नैतिक आंदोलन है, जो मां के प्यार और प्रकृति की देखभाल को जोड़ता हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि विकास को नैतिकता, अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और पारिस्थितिकी के साथ जोड़कर आगे बढ़ाना चाहिए। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं।

अब तक राष्ट्रीय राजमार्गों पर 4.78 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाए जा चुके हैं और 70,000 पेड़ों को दूसरी जगह स्थानांतरित किया गया है। वर्ष 2024-25 में 60 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य था, लेकिन मंत्रालय ने 67 लाख पौधे लगाकर 112% लक्ष्य हासिल किया।

दिल्ली-एनसीआर में 53 एकड़ जमीन पर 4 लाख पौधे लगाए गए हैं। गडकरी ने सभी लोगों से इस अभियान में हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह अभियान धरती मां और हमारी माताओं के प्रति सम्मान जताने का एक शानदार मौका है।

उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे इस जन आंदोलन का हिस्सा बनें और एक ऐसा भारत बनाएं जो तेजी से विकास करे। पर्यावरण के लिए टिकाऊ हो और हरियाली से भरा हो. यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी बढ़ावा देता है।

पेड़ लगाने से न केवल हवा साफ होती है, बल्कि जलवायु परिवर्तन से लड़ने में भी मदद मिलती है। इस तरह के प्रयास भारतीय रेलवे और अन्य सरक. ारी विभागों के साथ मिलकर देश को हरित और स्वच्छ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

इस दौरान राज्य सड़क परिवहन मंत्री अजय टम्टा और मंत्री हर्ष मल्होत्रा, नोएडा सासंद महेश शर्मा, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह और स्थानीय बीजेपी के बड़े नेता समेत, नोएडा और ल ग्रेटर नोएडा यमुना प्राधिकरण से संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नोएडा में अवैध निर्माण ध्वस्त

■ **4500 वर्गमीटर जमीन पर हो रही थी प्लाटिंग, प्राधिकरण ने चलवाया बुलडोजर**



शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** प्राधिकरण ने बताया कि सोरखा जाहिदाबाद गांव में खसरा नंबर-949, 615, 618 और 612 प्राधिकरण की जमीन है।

निगरानी का काम प्राधिकरण का है। यहां कमरा और प्लाट के चारों ओर बाउंड्री और गेट बना दिया गया था। प्लाट का एरिया करीब 4500 वर्गमीटर है। इस जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए सर्किल-6 की अगुआई में एक टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने प्लाट पर बने पक्के निर्माण को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया। इस दौरान वहां कुछ लोग पहुंचे। पुलिस बल ने उनको शांत कराया और दस्तावेज दिखाए।

**अवैध निर्माण हटाकर की गई फेंसिंग:** करीब आधे घंटे में अवैध निर्माण ध्वस्त किया गया। जिसके बाद टीम वापस आ गई। प्लाट के चारों ओर पिलर लगाकर फेंसिंग कराई जा रही है। सीईओ लोकेश एम के स्पष्ट निर्देश है कि किसी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बता दे नोएडा प्राधिकरण की ओर से अब तक करीब 150 इमारतों पर ये इमारत अवैध है लिखवाया जा चुका है। इसमें कई रिहाइशी इमारत और कॉमर्शियल इमारत शामिल है। जिनको ध्वस्त किया जाएगा। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया नोएडा में किसी भी तरह का अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

## एक नजर

### नोएडा में गोल्फ कोर्स के लिए जमीनी समस्या होगी दूर

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स में 2. 2261 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण धारा-11 के तहत किया जाएगा। इसके लिए जिला कलेक्टर की ओर से प्रारंभिक अधिसूचना जारी कर दी है। 60 दिनों तक आपत्तियां मांगी गई है। इसके बाद जमीन का अधिग्रहण कर लिया जाएगा। ये जमीन नोएडा के कामबख्शपुर गांव की है। जिसमें करीब 11 खसरे शामिल है। तमाम प्रयासों के बाद भी किसानों ने जमीन नहीं दी। इसलिए अब धारा-11 के जरिए जमीन ली जा रही है।

दरअसल ये नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स 113 एकड़ में किया जा रहा है। इसी हिस्से में ये जमीन है। किसान के साथ कई बार की बैठक होने के बाद भी वो सहमत नहीं हुए। ऐसे में कलेक्टर की ओर से धार-11 की कार्यवाही की गई। जमीन मिल जाने के बाद गोल्फ कोर्स का पूरा निर्माण किया जा सकेगा। हालांकि गोल्फ कोर्स का निर्माण कर रही कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जा रहा है। क्योंकि सीईओ के निरीक्षण के दौरान मिला था कि जिस कंपनी को निर्माण का काम आवंटित किया गया था उसने काम बंद कर रखा है।

इन खसरा को किया शामिल: आरएफपी जारी कर नई कंपनी का चयन किया जाएगा। वर्तमान में इसका 65 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। कामबख्शपुर की जमीन नहीं मिलने से निर्माण में बाधा आ रही थी। ऐसे में धारा-11 के तहत खसरा नंबर- 74एम, 75एम, 90एम, 91एम, 96एम, 98एम, 99एम, 101एम, 106एम,107एम, 295एम यानी कुल 2.2261 हेक्टेयर जमीन प्राधिकरण को मिलेगी।

### न्यू नोएडा अवैध निर्माण को चिह्नित करेंगे लेखपाल

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** न्यू नोएडा में अवैध निर्माण को रोकने के लिए प्राधिकरण ने दो लेखपालों को नियुक्त किया है। दोनों लेखपाल के नोएडा के 20 और बुलंदशहर के 60 गांवों को देखेंगे। राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर यहां अवैध निर्माण की गतिविधियों को चिह्नित करेंगे। साथ ही प्रत्येक सप्ताह नोएडा प्राधिकरण को अपनी रिपोर्ट देंगे। 4 जुलाई को इसे संबंधित एक कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है।

शासन की ओर से DNGIRको विकसित करने के लिए 29 जनवरी 2021 को जमीन 80 गांवों की जमीन के लिए अधिसूचना जारी की गई थी। जिसके बाद यहां निर्माण के लिए नोएडा प्राधिकरण की मंजूरी की आवश्यकता है। बिना अनुमति के बनाया गया निर्माण अवैध माना जाएगा। DNGIR शहर करीब 209.11 वर्ग किमी में बसाया जाना है। प्राधिकरण ने बताया कि यहां अवैध निर्माण को रोकने के लिए लेखपाल के तौर पर राजेश कुमार शर्मा व मनोज कुमार दुबे को नियुक्त किया है। राजेश कुमार शर्मा को बुलंदशहर के 30 गांव और गौतमबुद्धनगर के 10 गांवों की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा मनोज कुमार दुबे बुलंदशहर के 30 और नोएडा के 10 गांव दिए गए है। इनका काम इन गांवों में हो रहे अवैध निर्माण को चिह्नित करना और प्रत्येक सप्ताह रिपोर्ट तैयार कर प्राधिकरण को सौंपना है।

चार फेज में पूरा किया जाएगा DNGIR: DNGIR 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। इसके मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है। इससे पहले यहां जमीन अधिग्रहण और मुआवजा के लिए रेट तय किए जाएंगे।

# ग्रेटर नोएडा में पति-पत्नी ने की आत्महत्या की कोशिश

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र के सेक्टर 36 में एक दंपति ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। इस घटना में पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

मृतक की पहचान शिवम सिंह परिहार के रूप में हुई है। वह फतेहपुर जिले के असोनार थाना क्षेत्र के धर्मपुर के रहने वाले थे। वर्तमान में वह किराए के मकान में रह रहे थे और कियान फैक्ट्री साइट-5 में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। पुलिस ने बताया कि दंपति के तीन बच्चे हैं। पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। घटनास्थल पर शांति व्यवस्था बनाए रखी गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# सीआरपीएफ कैंप में पुस्तक का विमोचन

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) कैंप में मंगलवार को कॉफी टेबल बुक रक्षक का विमोचन किया गया। इस पुस्तक को वाहिनी द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसका विमोचन पुलिस महानिरीक्षक केएम यादव ने किया। इस मौके पर पुलिस उपनिरीक्षक अशोक साम्याल, संजय कुमार, कमाडेंट सुमन कुमार झा, अवधेश, आलोक और योगेश आदि मौजूद रहे।

# चार मंजिला निर्माणाधीन मकान गिरा





■ **दो मकान भी हुए क्षतिग्रस्त; करोड़ों रुपये का नुकसान**

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** सोमवार रात में ग्रेटर नोएडा स्थित दादरी कोतवाली क्षेत्र के रेलवे रोड पर वेद विहार कॉलोनी में निर्माणाधीन चार मंजिला मकान अचानक भरभरा कर गिर गया। मकान की चपेट में आने से पड़ोस के दो मकान क्षतिग्रस्त हो गए। मकानों में करोड़ों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। कोई जनहानि नहीं हुई है। मकान रात में खाली था। मकान से आवाजें आने के चलते पड़ोस के मकानों से लोग बाहर आ गए थे। मकान का मलवा हटाने का काम शुरू कर दिया है।

दादरी कोतवाली क्षेत्र के तहत रेलवे रोड पर वेद विहार कॉलोनी में मनिंद्रर बिजली विभाग में संविदा कर्मचारी है। वेद विहार कॉलोनी में ही 100 वर्ग वर्ग के प्लाट पर चार मंजिला मकान का निर्माण चल रहा था। मकान निर्माण अंतिम चरण में था। इन दिनों मकान का प्लास्टर चल रहा था। सोमवार सवेरे तीन बजे से तेज बरसात हुई थी। रात करीब नौ बजे के करीब मकान से कड़ने की आवाज आने लगी। जिसको सुनकर आस-पास के लोग घरों से बाहर निकलकर खुले में आ गए। देखते ही देखते रात करीब एक बजे तक पूरा मकान रेत के ढेर की तरह जमीन पर गिर गया। शुक्र यह रहा कि मकान सिंचाई विभाग की खाली पड़ी जमींन की तरफ गिरा है। मकान के बराबर में प्रमोद और दीपक के मकान का आधा हिस्सा और दूसरी साइड के मकान का छज्जा भी चपट में आने से गिर गया है।

लोगों का कहना है कि अगर मकान कॉलोनी की तरफ गिरता तो बहुत बड़ी जनहानि हो सकती थी। मकानों में करीब एक करोड़ रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। मकान गिरने से मोहल्ले के लोग पूरी रात्रि दहशत में रहे। मकान का मलवा हटाने का कार्य शुरू किया जा रहा है।

**नींव कमजोर होने के कारण गिरा मकान:** मकान पर तेजी से निर्माण किया गया। मकान की नींव मजबूत नहीं होने से गिरा है। मकान के पीछे खाली सिंचाई विभाग की जमीन है। आगे रास्ता है। दोनों साइड में मकान बने हुए हैं। रात में मकान से आवाज आने के बाद लोग सर्तक हो गए थे। लोगों को मकान के गिरने का आशंका बनी हुई थी। अगर मकान साइड में गिरता तो काफी जनहानि होने की आशंका था।

# 25 हजार का इनामी गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** फेज-दो थाने की पुलिस ने 25 दिन पहले एक परिवार पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपए इनामी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में छह आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इलाहाबास गांव में 15 जून को लोकेश के घर में घुसकर कुछ लोगों ने मारपीट की थी।

लोकेश की शिकायत पर गौरव, मोनू, दीपक, गोल्डी उर्फ हरस, रितिक, अंकुर, दीपक, सचिन, बॉबी, अशोक, नंदू और नितिन भाटी के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने चार आरोपियों दीपक, अशोक, रितिक, गौरव, गोल्डी और नमन उर्फ नंदू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने फरार चल रहे आरोपी फरीदाबाद निवासी आरा. ेपी दीपक पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने मारपीट के दौरान पीड़ित परिवार के ऊपर हमला किया था। पुलिस अन्य आरोपियों को खोज रही है।

# पति के शव को लटका देख पत्नी ने लगाया फंदा, गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सेक्टर-36 स्थित मकान में कपड़ा कंपनी के मैनेजर ने सोमवार रात पत्नी से विवाद के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पति को फंदे पर लटका देख परेशान महिला ने भी फंदा लगाकर जान देने का प्रयास किया। आनन-फानन में पहुंचे परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बीटा-2 कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूलरूप से फतेहपुर के थाना असोथर अंतर्गत धर्मपुर निवासी शिवम (40) कासना साइट-5 स्थित कपड़े की कियान फैक्टरी में मैनेजर थे। वह सेक्टर-36 में किराए के कमरे में पत्नी पूजा (38) और तीन बच्चों के साथ पिछले चार माह से रह रहे थे। परिवार में पुत्र गौरव (14), पुत्री साची (12), पुत्र अक्षांश (3) है। सोमवार रात का खाना खाने के बाद दंपती और तीनों बच्चे अपने-अपने कमरे में सोने के लिए चले गए।

रात करीब 11:30 बजे शिवम ने मकान दूसरे कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी जब उन्हें ढूंढती हुए दूसरे कमरे में पहुंची तो देखा कि पति फंदे से लटका है। आनन-फानन में उसने उसे फंदे से उतारा। लेकिन सांस नहीं चलने पर वह परेशान हो गई। तुरंत इसकी सूचना राधाकुंज छपरौला में रहने वाले अपने बहनोई को दी।

**बहनोई के आने से पहले लगाया फंदा:** बहनोई के आने से पहले पूजा ने उसी जगह पर फंदा लगा लिया। रात 12:18 बजे जब बहनोई घर पहुंचे तो महिला फंदे से लटकी मिली। आनन-फानन में परिजन महिला को फंदे से उतारकर आईवरी अस्पताल ले गए। जहां महिला को आईसीयू युक्त वेंटिलेटर पर भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। महिला की हालत गंभीर बताई गई है।

**आत्महत्या के प्रयास से पहले लिखा मैसेज:** घटना के दिन पूजा ने पति को रात करीब नौ बजे मैसेज के साथ वीडियो कर घर जल्दी आने को कहा था। लेकिन शिवम करीब साढ़े नौ बजे घर आए थे। खाने के दौरान दोनों पति पत्नी में विवाद हुआ था। महिला ने आत्महत्या के प्रयास से पहले अपने मोबा. इल पर मैसेज भी लिखा। जिसमें उसने लिखा सॉरी बच्चों मुझे माफ करना। तुम्हारे पापा नहीं तो मैं भी नहीं। उनके लिए तो मैं दुनिया से लड़ सकती थी। लेकिन उनके बिना कुछ नहीं। बड़े पुत्र से कहा, अपनी छोटी बहन और भाई का ध्यान रखना।

**पति के देरी से घर आने पर होता था विवाद:** शिवम की शादी करीब 16 साल पहले हुई थी। वहीं पिछले साल 16 साल से ही कासना स्थित फैक्टरी में कार्यरत थे। जिस घर में उन्होंने आत्महत्या की वह उसमें परिवार के साथ अप्रैल में रहने के लिए आए थे। इससे पहले इसी सेक्टर में दूसरी जगह किराये के मकान पर रहते थे। वह प्राइवेट कंपनी में काम करने के कारण घर से रात को देर आते थे। यही कारण था कि उनका आए दिन पत्नी से विवाद होता था।

# अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ कोर्स परियोजना पूरा न करने पर कंपनी पर केस

**नोएडा।** सेक्टर-151ए स्थित अंतरराष्ट्रीय गोल्फ कोर्स परियोजना का काम पूरा न करने पर निर्माण कंपनी के खिलाफ नोएडा प्राधिकरण की ओर से नॉलेज पार्क कोतवाली में केस दर्ज कराया गया है। पुलिस ने सोमवार को मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

वर्क सर्किल-10 के अवर अभियंता सूरज त्यागी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक जुलाई 2021 को गाजियाबाद की मैसर्स कश्यपी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को सेक्टर-151ए में अंतरराष्ट्रीय गोल्फ कोर्स के निर्माण का जिम्मा सौंपा गया था। लेकिन ठेकेदार काफी धीमी गति से काम कर रहा है। प्राधिकरण ने कई बार पत्रों के माध्यम से गुणवत्ता और समयबद्ध कार्य के निर्देश दिए। बावजूद इसके उसका रवैया नहीं सुधरा। कई पेटी ठेकेदारों ने भी कश्यपी इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ समय पर भुगतान न मिलने की शिकायतें दर्ज कराई हैं। जबकि प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर कार्य की माप के अनुसार भुगतान किया जाता रहा है। इससे संकेत है कि भुगतान में अनियमितता कंपनी स्तर पर है। कार्य रुकने के कारण गोल्फ कोर्स की खुली भूमि अब आवारा पशुओं, झाड़-झंखाड़ और असामाजिक तत्वों के अस्थाई प्रयोग में आ रही है।

**सदस्यता शुल्क वापसी का दबाव बना रहे लोग:** जिन लोगों ने इस अंतरराष्ट्रीय परियोजना की सदस्यता ली थी। वह सदस्यता शुल्क की वापसी और समय पर निर्माण की मांग कर रहे है। अगर जल्द कार्य शुरू नहीं किया गया तो इससे न केवल प्राधिकरण की छवि धूमिल होगी, बल्कि भविष्य में अंतरराष्ट्रीय निवेश और परियोजनाओं पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**140 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण:** बता दे परियोजना जुलाई 2021 में शुरू की गई। इसका 68 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। जून 2025 तक इसका निर्माण पूरा किया जाना था। जमीन नहीं मिलने की वजह से योजना में करीब 11 करोड़ रुपये का वेरिएशन आया।

# दहेज के लिए हत्या का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दनकौर कोतवाली क्षेत्र के जमाल. पुर गांव में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर एक विवाहिता की हत्या करने का आरोप ससुरालियों पर लगा है। आरोप है कि दहेज में स्कॉर्पियो और कैश नहीं देने पर मंगलवार सुबह उसकी फांसी लगाकर हत्या कर दी गई। मामले की जानकारी होने पर मायके वाले और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस में शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में केस दर्ज नहीं हो पाया था। ईकोटेक प्रथम कोतवाली क्षेत्र के बरसात गांव निवासी रिसाल ने करीब 5 वर्ष पहले अपनी बेटी पूजा की शादी जमालपुर गांव में की थी। उनका कहना है की शादी के बाद से ही ससुराली दहेज की खातिर उनकी बेटी को परेशान करते थे।

# 25 लाख की ड्रग्स पकड़ी, चार गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने 25 लाख की ड्रग्स के साथ 4 आरोपियों को धर दबोचा है। आरो. पियों के कब्जे से 600 ग्राम ड्रग्स मिली है। चारों आरोपी की पहचान रोहित कुमार, नकुल, कृष्ण सिंह व लवकुश तेवतिया के रूप में हुई है। रोहितै ठ (सशस्त्र सीमा बल) में जवान में है। वर्तमान में उसकी पोस्टिंग जम्मू कश्मीर बार्डर पर है। चारों आरोपी जारचा क्षेत्र के रहने वाले है।

नॉलेज पार्क कोतवाली प्रभारी सर्वेश चंद ने बताया कि रोहित एसएसबी में तैनात है। वर्तमान में उसकी पोस्टिंग बार्डर पर है। वह बार्डर से ही ड्रग्स लेकर आया था। वहां से ड्रग्स लेकर आने के बाद वह अन्य साथियों की मदद से उसको फुटकर में तस्करी करता था।

तस्करी करने के लिए उसने नकुल, कृष्ण व लवकुश को रखा था। गोपनीय विभाग ने इस मामले में गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। यह पता करने का प्रयास किया जा रहा है कि जवान रोहित के पास ड्रग्स कहां से आई। वह बार्डर पर दुश्मनों के संपर्क में तो नहीं था। उसके पास मिली ड्रग्स बार्डर सुरक्षा पर भी सवाल खड़े कर रही है। हालांकि इसकी पुष्टि करने के लिए गोपनीय जांच की जा रही है।

**नशे पर प्रहार:** गौतमबुद्धनगर जिले में लगातार नशे पर प्रहार किया जा रहा है। दो वर्ष पहले भी 200 करोड़ की ड्रग्स के साथ 10 विदेशी नागरिकों को धर दबोचा गया था। ड्रग्स के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

# नोएडा में अवैध खनन मामले में 40 वाहन सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** जिले में हो रहे अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिस कमिश्नर सख्त हैं। तीनों जोन में पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 21 जून 2025 से शुरू हुए अभियान के तहत अबतक ओवरलोडिंग और अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने पर 40 वाहनों को सीज कर दिया है। अभियान के तहत नोएडा जोन के सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने एक ट्रक जबकि सेक्टर-126 थाने की पुलिस ने चार हाईवा वाहनों को बालू एवं रेत से ओवरलोड पाए जाने पर सीज किया। जोन की पुलिस ने कुल पांच वाहनों को सीज किया है।

**सेंट्रल जोन में छह वाहन सीज:** सेंट्रल नोएडा जोन की बिसरख थाने की पुलिस ने तीन ट्रक को सीज दिया। बादलपुर पुलिस ने एक हाईवा, सेक्टर-142 थाने की पुलिस ने दो डंपर वाहनों को ओवरलोडिंग की स्थिति में पाए जाने पर सीज किया। जोन की पुलिस ने कुल छह वाहनों को सीज किया जबकि अवैध खनन से संबंधित एक मुकदमा इस अवधि में दर्ज किया गया।

**ग्रेटरनोएडा जोन में 29 वाहन सीज:** सबसे ज्यादा कार्रवाई ग्रेटर नोएडा जोन में हुई। बीटा टू पुलिस ने दो डंपर, नॉलेज पार्क पुलिस ने दो डंपर और चार ट्रक, दादरी, जारचा और दनकौर पुलिस क्रमशः दो-दो व पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं चार हाईवा वाहनों को सीज किया। नॉलेज पार्क पुलिस ने इस अवधि में एक केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना कासना पुलिस ने तीन हाईवा सीज किए।

थाना ईकोटेक वन पुलिस ने एक केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और दो हाईवा वाहन सीज किए। इसके अतिरिक्त थाना रबुपूरा पुलिस द्वारा अज्ञात आरो. पियों के विरुद्ध एक केस दर्ज कर दो डंपर वाहनों को सीज किया गया। ग्रेटर नोएडा जोन में कुल 29 वाहनों को सीज किया गया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# डेयरी संचालक की गोली मारकर हत्या, शव हाईवे पर रख किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार देर रात संतोषपुर गांव निवासी डेयरी संचालक विपिन की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार की सुबह उसका शव ईख के खेत में पड़ा मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मौके से गोली व खोखे बरामद कर जांच शुरू की है। इस दौरान सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिचनों ने शव को लेकर बागपत राष्ट्रीय वंदना चौक पर सड़क के बीचों-बीच रखकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान मृतक के भाई ने हत्यारो की गिरफ्तारी ने होने पर चाकू से आत्महत्या करने का प्रयास किया। पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। इस दौरान मौके पर पहुंचे एएसपी ने मृतक के परिजनों को आश्वान दिया की आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



मृतक का फाइल फोटो

सोमवार देर रात जनपद के गांव संतोषपुर निवासी विपिन उर्फ गोधू 30वर्षीय की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार की सुबह उसका शव शुगर मिल के पीछे बाघु मार्ग पर ईख के खेत में पड़ा मिला। इस दौरान बताया गया कि विपिन देर रात बागपत शहर में दूध सप्लाई कर बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में राजेन्द्र के नलकूप के पास बदमाशों ने उसे रोका और खेत की ओर खींच ले गए। वहीं दो गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई। बताया गया कि रातभर विपिन के घर न लौटने पर परिजन चिंतित हो गए और उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार की सुबह खेत में काम करने पहुंचे किसान देवेंद्र ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर जांच की तो सड़क पर एक गोली और खेत में दो खोखे मिले। इससे आशंका जताई जा रही है कि विपिन और हमलावरों के बीच संघर्ष भी हुआ होगा। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा चार छोटे बच्चे हैं। इस दौरान पुलिस ने परिजनों को बहुत समझया और मामला शांत कराया। उन्होनें कहा आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान एएसपी एनपी सिंह ने मौके का निरीक्षण किया और हत्यारों की तलाश में टीम गठित की है।







## अगर आप एक अच्छा संकल्प लेते हो, तो वह आपके साथ दूसरे व्यक्ति को अवश्य बदलेग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कौशल भवन सभागार में आचार्य श्री 108 नयनसागर महाराज ने धर्म सभा में प्रवचन करते हुए कहा कि अगर आप एक अच्छा संकल्प लेते हो तो वह आपके साथ-साथ दूसरे व्यक्ति को भी अवश्य बदलेगा धार्मिक संस्कारों का प्रभाव अगर होगा मित्रता में तो कभी आपका अपने मित्र से साथ नहीं छूटेगा क्योंकि धार्मिक संस्कार गलत करने को नहीं सिखाते अच्छे कर्म ही मनुष्य मनुष्य को मजबूत बनाते हैं। धर्म सभा में प्रवीण जैन, मनोज जैन धनपाल जैन राजेश जैन अलावा काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ससुराल में की साले ने अपने ही जीजा की ईटों से पीट-पीट कर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** नंगलाबड़ी गांव में सोमवार देर रात घर के विवाद के बाद बीच बचाव में आये युवती के पति की साले ने ईंटों से प्रहार कर घायल कर दिया। सूचना पाकर मौकें पर पहुंची पुलिस ने युवक को तुरंत खेकड़ा पीएचसी भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना मिलते ही एडीशनल एसपी व सीओ खेकड़ा मौकें पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

नंगलाबड़ी निवासी कवं.रपाल की पुत्री आरती की शादी किरठल गांव में हुई थी। आरती के आठ साल का बेटा भी है। वहीं उसका ससुराल वालो से दहेज उत्पीड़न को लेकर मुकदमा चल रहा है जिसके चलते उसने दो वर्ष पहले अहैड़ा निवासी 28 वर्षीय विकास पुत्र रामसिंह ने मंदिर में शादी कर ली थी और उसके साथ खेकड़ा किराये के मकान में रह रही थी। आरती ने बताया कि उसके हाथ में दर्द होने के कारण वह नंगलाबड़ी अपने परिजनों के पास आयी हुई थी और तीन दिन से नंगलाबड़ी में ही थी। उसका पति विकास भी रोजाना नंगलाबड़ी आ जाता था। उसने बताया कि सोमवार रात्रि उसका भाई आकाश पुत्र कवं.रपाल माता पिता के साथ मारपीट कर रहा था जिससे वह उन्हें बचाने के लिए दौड़ पड़ी तो भाई ने उस के साथ भी मारपीट कर दी जिससे विकास बीच में आ गया और आरती के साथ मारपीट का विरोध करने लगा जिससे घर के बाहर आरोपी आकाश ने विकास पर ईंटों से प्रहार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया जिसके बाद परिजनों ने तुरंत 112 पर काल कर पुलिस को सूचना दी। मौकें पर पहुंची पुलिस ने युवक को गम्भीर अवस्था में खेकड़ा पीचसी पर भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना मिलते ही एडीशनल एसपी और सीओ खेकड़ा मौकें पर पहुंच गये और घटना की जानकारी ली। वही शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नंगलाबड़ी गांव में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात



मृतक का फाइल फोटो



## एक नजर

### महिला और उसके पुत्र को मारपीट कर किया घायल, गाली मारने की दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा गांव में दो युवकों ने एक महिला और उसके पुत्र को जातिसूचक शब्द बोल मारपीट की है, जिसमे दोनो घायल हुए है। थाने में शिकायत की तो गोली मारने और गांव से भगाने की दी धमकी जिससे युवक ने थाने पहुंच आरोपी युवकों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। लहचौड़ा निवासी बिटटू पुत्र ओमसिंह ने बताया कि वह अपनी माता मूली देवी के साथ ईपीए के पास अपनी रिश्तेदारो से मिलने जा रहे थे। रास्ते में ही उसे गांव के मोहित और अकुंर ने उन्हें जातिसूचक शब्द बोलकर गाली गलौज की उनके विरोध करने पर उसकी माता और उसके साथ खूब मारपीट की गयी, जिसमे उनके सिर और हाथ पैरों में चोटे आयी है। और मूली देवी के कपड़े भी फाड़ दिए गये। और उन्होंने थाने में शिकायत की तो गोली मारने और गांव से भगाने की धमकी दी गयी। पीड़ित ने थानें पहुंच आरोपी युवकों के खिलाफ तहरीर दी है। वही पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में चयनित होकर देश का किया प्रतिनिधित्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सामाजिक कार्यकर्ता और प्रदेश के सर्वोच्च युवा पुरस्कार से सम्मानित युवा अमन कुमार ने करुणा पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम को पूर्ण किया है। सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन द्वारा नई दिल्ली और राजस्थान में आयोजित इस सत्यार्थी समर स्कूल में 8 जून से 5 जुलाई तक दुनियाभर से चयनित 25 यूथ चैंपियन ने भाग लिया। मैक्सिको, लाइबेरिया, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, नेपाल, भूटान, कैमरून, तिमोर लेस्ते, वियतनाम, फिलिस्तीन, तजाकिस्तान सहित अन्य देशों से आए युवाओं ने 30 दिनों तक विशेषज्ञों से प्रशिक्षण पाया और विभिन्न गतिविधियों में शामिल हुए। नई दिल्ली स्थित भारत पर्यावास केंद्र में आयोजित समापन समारोह में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी, रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता डा.किरण बेदी और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अर्जन कुमार सीकरी के कर कमलों से अमन कुमार को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अमन कुमार ने कहा कि उन्होंने विविध क्षेत्रों के विशेषज्ञों और विभिन्न समस्याओं से पीड़ित समुदायों से आए युवाओं से बहुत कुछ सीखा। सबसे बड़ी सीख रही कि करुणा का अर्थ केवल दया अथवा सहानुभूति नहीं है बल्कि यह दूसरों के दु:ख को अपना समझकर समाधान के लिए एकजुट होने का साहस देती है। यही दुनिया में न्याय, समानता, शांति और समृद्धि की कुंजी है।

# कावड़ यात्रा को देखते हुए किया रूट डायवर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में कवड़ियाओं का आवागमन होना शुरू हो गया है। वहीं प्रशासन भी कावड़ मार्ग पर मुस्तेज हो गया है। पुलिस प्रशासन ने कावड़ मार्ग पर पुलिस टीम को बढ़ा दिया है। कावड़ यात्रा हरिद्वार से शिव भक्तों ने शुरू कर दी है। कावड़ियाओं का जन सैलाब सड़कों पर भी उमड़ने लगा है। इसके लिए प्रशासन ने भी सभी तैयारियां पूरी कर ली है। शिव भक्त हरिद्वार एवं अन्य पवित्र स्थलों से गंगाजल लेकर पंजाब हरियाणा राजस्थान दिल्ली के लिए चल दिए हैं। पुलिस प्रशासन ने कावड़ मार्ग का रूट भी डायवर्ट कर दिया है। दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर दिल्ली गाजियाबाद बुलंदशहर वन नोएडा जाने वाले भारी वाहनों का प्रवेश 11 जुलाई से प्रतिबंध रहेगा। वाहनों को ककड़ीपुर चेक पोस्ट पर रोक दिया जाएगा। इस अवधि में वाहनों को शामली से करनाल पानीपत सोनीपत ईवीई से होते हुए गन्तव्य तक भेजा जाएगा। इसके अलावा बडौत-बुढ़ाना मार्ग 11 जुलाई से भारी वालों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा और हल्के वालों को 16 जुलाई से रोका जाएगा। जिनेश शामली से करनाल पानीपत सोनीपत होते हुए भेजा जाएगा। उधर, मुजफ्फरनगर शामली सहारनपुर जाने वाले को बहालगढ़ से पानीपत करनाल मुजफ्फरनगर के रास्ते भेजा जाएगा। मेरठ हापुर वाले वाहनों को बालगढ़ से राई फेरुपेरल होते हुए भेजा जाएगा। इस अवधि में निवाड़ा चेक पोस्ट से आवागमन बंद रहंगे। इसी के साथ-साथ बागपत मेरठ हाईवे 11 जुलाई से 24 जुलाई तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा 16 जुलाई से हवा के वालों को राष्ट्रीय वंदना चौक से मवीकला से ईवीई के रास्ते से भेजा जाएगा और हिंडन नदी से बागपत की तरफ प्रवेश बंद रहेगा। इसके अलावा बडौत-मेरठ मार्ग पर चलने वाले भारी वाहनों कब प्रवेश प्रबंध होने के साथ 14 जुलाई से हल्के वाहन भी रोक दिए जाएंगे। इसमें मेरठ जाने वाले वाहनों के लिए डेरा सच्चा सौदा आश्रम में मेरठ से बडौत की तरफ आने वाले वाहनों को खिंवई तिराहा बरनावा चेक पोस्ट पर रोक दिया जाएगा। इसके अलावा रोहटा खिवाई कल्याणपुर मार्ग मेरठ रोता खिवाई कल्याणपुर पर कांवड़ियों के वाहनों को कल्याणपुर मार्ग पर बनी पार्किंग में रोका जाएगा। वहां पर हिंडन पुल के मंदिर की तरफ से वाहनों को रोका जाएगा। इसके अलावा पुरा महादेव परिसर मेंकावड़ियों की संख्या अधिक बढ़ने से बुढसनी नवादा बालाजी मार्ग रूट का प्रवेश भी प्रतिबंध रहेगा। इस तरीके से सभी रुठो पर प्रतिबंध रास्ते बंद रहेंगे। क्योंकि 11 जुलाई से सावन लग रहा है। भगवान परशुरामेश्वर पुरा महाद.व मंदिर पर 21 जुलाई से 24 जुलाई तक महाशिवरात्रि का मेला लगेगा। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन में पूरी व्यवस्था सुचारू रूप से लागू लागू कर दी है। सभी कावड़ मार्गों पर कावड़ यात्रा को देखते हुए पुलिस प्रशासन चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगा। कावड़ मार्ग पर चिकित्सा शिविर स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए जाएंगे सभी शिविरों में पुलिस भी मौके पर पहुंचकर शिविरों की जानकारी लेती रहेगी।

# नौ साल के बच्चे की तोड़ी जांघ, मां को ट्रेन के आगे फेंकने की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** बड़का गांव में नौ वर्षीय लक्की पर जानलेवा हमला कर उसकी हड्डियां तोड़ी गईं। मां को बचाने दौड़ी तो उसे ट्रेन के आगे फेंकने का प्रयास किया गया। शिकायत पर जान से मारने की धमकी मिली। पुलिस ने 7 आरो.पियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

बड़ौत में बड़का गांव में गली में खेल रहे नौ वर्षीय लक्की पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। हमलावरों ने उसकी जांघ और कुल्हे की हड्डी तोड़ दी। जब बच्चा चीखने लगा तो शोर सुनकर मां मुनेश उसे बचाने दौड़ी, लेकिन आरोपियों ने उसे खींचकर ट्रेन के आगे फेंकने का प्रयास किया। इस दौरान बच्चे के पिता ललित भी मौके पर पहुंचे, जिनके साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। घायल लक्की को लेकर जब ललित बड़ौत के एक निजी अस्पताल जा रहे थे, तो रास्ते में करीब तीन किलोमीटर तक उनका पीछा किया गया और धमकी दी गई कि अगर पुलिस में शिकायत की तो जान से मार देंगे। घटना को लेकर ललित ने पुलिस में तहरीर दी। सीओ विजय कुमार ने बताया कि ललित की शिकायत पर रोहित, रमेश, सोनू, सनी, सागर, बीरमती और प्रमिता के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

### अज्ञात वहान की टक्कर लगने से बाइक सवार एक मौत, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बालैनी।** थाना क्षेत्र में दत्तनगर गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो दोस्तों में से एक की मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

थाना सिंघावली अहीर के रहने वाले विकास और उसका दोस्त आरिफ बालैनी जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान विकास की मौत हो गई। आरुिप की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। मृतक विकास के भाई प्रमोद ने वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन चालक की तलाश जारी है। विकास की मौत से परिवार में शोक की लहर है। स्थानीय लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे हैं।

# नकाबपोश बदमाशों ने मुनीम और चौकीदार के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेड़की गांव में एक भट्टे पर रात करीब 1 बजे नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर दिया। बदमाशों ने भट्टे के मुनीम सुमित और चौकीदार गौरव के साथ मारपीट की। पूरी घटना भट्टे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

घटना के समय मुनीम और चौकीदार भट्टे पर मौजूद थे। पांच नकाबपोश बदमाश वहां पहुंचे और आवाज लगाकर दोनों को बुलाया। इसके बाद उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। मुनीम सुमित का कहना है कि बदमाशों का इरादा सही नहीं था। पीड़ितों का आरोप है कि बदमाश या तो चोरी करने आए थे या फिर जानबूझकर मारपीट करने की नीयत से आए थे। दोनों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। बागपत कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# सहकारी चीनी मिल रमाला के उपसभापति जयदेव को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** मेरठ में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ के संयुक्त तत्वाधान में निर्मित कृषि तकनीकी नवाचार केंद्र के लोकार्पण के अवसर पर क्षेत्र के उद्योगपति एवं रमाला सहकारी चीनी मिल बागपत के उपसभापति जयदेव सिंह को सम्मानित किया गया।



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी रोपड़ एवं सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में स्थापित कृषि तकनीकी नवा चार केंद्र एग्रीटेक इन्नोवेशन हब का लोकार्पण एवं विवरण समारोह के माध्यम से किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत सरकार के मान्य राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जयंत चौधरी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रलय एवं शिक्षा मंत्रालय केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शिक्षा मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग द्वारा जयदेव सिंह आर्य को सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि अनुसंधान के क्षेत्र में यह एक नई शुरुआत है जिससे आईआईटी रोपड़ वी ए एसपी कृषि विश्वविद्यालय मेरठ मिलकर कृषि नवाचार के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार के आदर्शों पर चलने का आहवान करते हुए देश हित में शोध एवं तकनीकी को समर्पित करने की प्रेरणा दी।

### क्रिकेट मैच का फीता काट कर किया गया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के छपरौली चुंगी स्थित कब्रिस्तान में क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया गया जिसका उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता टीवीएस के डायरेक्टर पुष्पेंद्र तोमर ने फिता काट कर किया। कार्यक्रम का संचालन सपा नेता अनीश कुरैशी ने किया।

उद्घाटन के शुभ अवसर पर भाजपा नेता टीवीएस के डायरेक्टर पुष्पेंद्र तोमर ने क्रिकेट टीम का मैच जीतने वाले खिलाड़ियों को 11000 रुपए का नगद पुरस्कार और फाइनल मैच में हारने वाली टीम को 5100रु का इनाम देने की घोषणा की। उद्घाटन के शुभ अवसर पर क्रिकेट प्रेमियों के बीच वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्पेंद्र तोमर ने कहा कि हमारे जनपद बागपत का युवा वर्ग चाहे वे किसी भी खेल के मैदान क्रिकेट के मैदान कबड्ढी के मैदान निशानेबाजी के मैदान में काम कर रहा हो वह आज देश-विदेश में जनपद बागपत का नाम रोशन कर रहा है। हम अपनें युवा वर्गों पर गर्व महसूस करते हैं यह क्रिकेट मैच 12-12 ओवर का खेला गया। क्रिकेट मैच का शुभारंभ करते हुए सिक्का उछाला गया। मैच का टॉस इकराम ने जीता कामिल टॉस हार गया।

इकराम की टीम अपने बल्लेबाजों के साथ मैदान में उतरी और पहले बल्लेबाजी करने लगी। इकराम की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 160 रन बनाए। दूसरी तरफ कामिल की टीम ने ओवर 9 दो बोल में जीत हासिल की। वही क्रिकेट के मैदान पर पहुंचे युवाओं ने क्रिकेट मैच का पूरा आनंद उठाया। तालियों की गड़गड़ाहट से क्रिकेट का मैदान गूंज उठा, जिसमें मौजूद रहे इकराम कुरैशी परवेज सलमानी काशिफ मलिक कमल कसर सचिन फौजी हरि ओम अनुज सनी वरुण और भी कई अन्य लोग शामिल रहे।

# डाक विभाग के कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** कस्बे में एक डाक विभाग के कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। छपरौली डाकघर में एमटीएस के पद पर कार्यरत 54 वर्षीय पवन का शव देव स्थान के पास बने बरामदे में पड़ा मिला।

पवन पट्टी भोजान दोघट के रहने वाले थे। वह एक जुलाई को दो दिन की छुट्टी पर घर आए थे। वह देवताओं पर घूमने के लिए निकले थे। जब काफी देर तक वापस नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। विशाल जैन जब देव स्थान पर दीया जलाने गए तो उन्होंने पवन को बरामदे में पड़ा देखा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची दोघट थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर फॉरेंसिक टीम ने भी जांच की। थाना प्रभारी बच्चू सिंह के अनुसार, शव के पास थोड़ा खून मिला और शरीर हल्का नीला पड़ा था। हालांकि, शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला। मृतक की जेब से उनका सामान, पैसे और मोबाइल बरामद हुए हैं। मृतक की पत्नी की ढाई साल पहले बड़ौत में रेल दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उनकी चार बेटियों की शादी हो चुकी है। दो बेटों में से बड़ा बेटा अंकुर प्राइवेट नौकरी करता है, जबकि छोटा बेटा विकास घर पर रहता है। दोनों अविवाहित हैं। पुलिस के अनुसार मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।



# पानी और गन्ना भुगतान की मांग पूरी न होने पर 11 जुलाई को किया जाएगा थाने का घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले के भड़ल गांव में किसान अधिकार आंदोलन के संयोजक नरेंद्र राणा की अगुवाई में किसान पंचायत का आयोजन हुआ। पंचायत में किसानों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया।

किसानों की प्रमुख मांगों में चौगामा नहरों में नियमित पानी की आपूर्ति, गन्ना भुगतान का मुद्दा और ग्रामीण घरेलू बिजली को अन्य प्रदेशों की तरह यूपी में भी नि:शुल्क करने की मांग शामिल है। पंचायत में वक्ताओं ने सरकार की आला.चना की। उन्होंने कहा कि सरकार उत्तर भारत का पानी गुजरात ले जाना चाहती है। चौगामा नहर चार दशक से पानी की प्रतीक्षा कर रही है। किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक स्थानीय किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिलेगा, वे उत्तर भारत का पानी गुजरात नहीं जाने देंगे। पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 11 जुलाई को दोघट थाने का घेराव किया जाएगा। किसानों ने कहा कि जब तक उच्च अधिकारी मौके पर नहीं आएंगे, थाने का घेराव जारी रहेगा। बाबा यशपाल सिंह की अध्यक्षता और मांगेराम के संचालन में हुई पंचायत में चौ.सुभाष, थांबा चौ.रामकुमार, रमेश फौजी, संजीव तोमर, महेश , चौ.सुधीर तालियान आदि किसान नेता मौजूद रहे।



**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मनीष व पुत्रवूध अंजली से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सुरेशचन्द पुत्र जयप्रकाश निवासी ग्राम माखर थाना बिनौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

### कांवड़ यात्रा की तैयारी व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने...

# मेरठ पहुंचे मुख्य सचिव व डीजीपी, दिए दिशा-निर्देश

- सहारनपुर, अलीगढ़, मुरादाबाद, दिल्ली-हरियाणा व उत्तराखंड के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक
- औघड़नाथ मंदिर पहुंचकर निरीक्षण कर किया जलाभिषेक



**कांवड़ यात्रा को सकुशल कराने की जानकारी लेते मुख्य सचिव व डीजीपी।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने हेतु शासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह एवं डीजीपी राजीव कृष्ण द्वारा कांवड़ यात्रा को लेकर मंडलायुक्त सभागार में, मेरठ, सहारनपुर, अलीगढ, मुरादाबाद मंडल एवं उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान राज्यो के वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियो के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आहूत की गयी। भ्रमण के दौरान मुख्य सचिव एवं डीजीपी ने बाबा औघड़नाथ मंदिर पहुंचकर कांवड़ से संबंधित सुरक्षा व्यवस्थाओ का जायजा लिया तथा जलाभिषेक किया। वर्चुअल माध्यम से जुड़े पश्चिमी उ.प्र. के समस्त जनपदो के अधिकारियो ने कांवड़ यात्रा कार्यवाही से अवगत कराया।

बैठक में पीपीटी के माध्यम से कांवड़ यात्रा के संबंध में आने वाली चुनौतियो एवं उनसे निपटने के लिए की गई तैयारियो के संबंध में मुख्य सचिव व डीजीपी के समक्ष प्रजेन्टेशन दिया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि कांवड़ यात्रा का सकुशल संपन्न कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कांवड़ियो को मूलभूत सुविधाएं यथा-पीने का पानी, खानपान, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था आदि की उपलब्धता सुनिश्चित रहे इसका ध्यान रखा जाये। सिंचाई विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नहर का पानी संतुलित हो इसका विशेष ध्यान रखे। नहर पटरी की मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया जाये, कहीं पर भी कांवड़ मार्ग क्षतिग्रस्त न रहे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई के अधिकारी को कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली सड़को की मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी को कांवड़ मार्ग पर विद्युत तार एवं खंभो को दुरूस्त करने के निर्देश दिये ताकि उससे कोई अप्रिय घटना घटित न हो। बिजली के पोल पूरी तरह से पालिथीन से तथा ट्रांसफार्मर बैरिकेंडिंग से कवर हो। खाद्य विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि होटलो, ढाबो तथा शिविर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच का प्रबंध किया जाये ताकि फूड प्वाइजनिंग जैसी घटनाये न हो। शिविरो में बाहरी व्यक्ति न घुसे इसका ध्यान रखे। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी अपनी डयूटी पर तैनात रहे। डीजे कांवड़ की ऊंचाई के संबंध में उन्होंने कहा कि जहां से डीजे कांवड़ शुरू होती है वहां के अधिकारी तथा कांवड़ समिति की बैठक कर लें तथा पहले ही चैकपोस्ट पर देख लिया जाये। डीजे कांवड़ पर अश्लील गाने न बजाये जाये। शिविर तय किये गये मानको के अनुसार सड़क को छोड़कर नियत दूरी पर लगाये जाये। सांप के काटने पर तुरंत एंटीवेनम इंजेक्शन लगाकर अस्पताल भेजा जाये।

# जेठ पर कार्रवाई की मांग को लेकर महिला ने कमिश्नरी पर किया हंगामा

### मुख्य सचिव व डीजीपी से मिलने की कर रही थी मांग, पुलिस ने थाने भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** किठौर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला कमिश्नरी कार्यालय पर पहुंची, जहां उसने अपने जेठ पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। पीड़िता का कहना है कि उसके पति मेरठ से बाहर नौकरी करते हैं, उनकी गैर मौजूदगी में जेठ उत्पीड़न करता है और अवैध संबंध बनाने पर जोर देता है। हंगामा कर रही महिला को पुलिस कर्मियों ने बमुश्किल शांत कराया और महिला थाने भिजवा दिया। बता दें भटीपुरा की रहने वाली मंजू मंगलवार को कमिश्नरी कार्यालय पहुंची।

महिला को सूचना मिली थी कि मुख्य सचिव और डीजीपी मेरठ आ रहे हैं वह महिला अधिकारियों से मिलने की जिद पर अड़ गई। उसका आरोप है कि उसका जेठ उस पर गंदी निगाह रखता है और उसे काफी परेशान करता है। जिसकी शिकायत उसने स्थानीय पुलिस से भी की लेकिन आरोपी पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। वह ठोकर खा रही है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी पर कार्रवाई का आश्वाशन देकर थाने भेज दिया है।

### शाम को हुई हल्की बारिश

मंगलवार की शाम हल्की बारिश ने मौसम को बदल दिया। काफी समय से जनपद के लोग बारिश को तरस रहे हैं हालाकि कुछ स्थानों पर बारिश हो रही है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो वर्षा होगी।

# करनावल चेयरमैन के अवैध कब्जे के विरोध में सांकेतिक धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना तहसील परिसर के कस्बा करनावल में वर्तमान चेयरमैन के द्वारा अतिक्रमण कर अवैध रूप से कब्जा कराया जा रहा है इसलिए संगठन का सांकेतिक धरना दिया गया है। जिसमें विशेष तौर से कालू प्रधान का नेतृत्व रहा व संचालन की भूमिका भोला चौधरी ने की सभा की अध्यक्षता कंवरपाल संधन ने की। उन्होंने कहा कि कब्जा मुक्त कराने तक धरना जारी रहेगा। धरने में सतीश पूर्व चेयरमैन करनावल, नीरज राठी, अभिलाष हुड्डा, छोटू गेझा, कुश चौधरी मवाना, जितेन्द्र त्यागी, दिनेश तिगरी, अभिलाष हुड्डा, जावेद, फरमान खान, मोनू चौधरी, शकील चौधरी चेयरमैन, मोहित त्यागी, मनजीत धामा, विपुल डिल्लों, अमजद भैसा, निक्की भाटी, दीपक, पुष्पेन्दर आदि मौजूद रहे।

# मुख्य सचिव व डीजीपी से सपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मिलने से रोका, विरोध

### सपा जिलाध्यक्ष को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट, कांग्रेसियों ने कार्यालय पर प्रेसवार्ता कर दी अनुमति न मिलने की जानकारी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश मनोज कुमार व डीजीपी मेरठ पहुंचे थे। इस बीच पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए समा. जवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी को घर में ही कैद कर दिया। जिसका उन्होंने विरोध किया है।

वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में बुढ़ाना गेट कार्यालय पर प्रेसवार्ता कर इसका विरोध किया है। महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने प्रेसवार्ता कर बताया कि आम जनता की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन उन्हें उठाने की कोशिशों को नजरअंदाज किया जा रहा है। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल द्वारा उत्तर प्रदेश के डीजीपी और प्रमुख सचिव गृह से जनहित के मुद्दों पर चर्चा हेतु समय मांगा गया था, किंतु उन्हें समय नहीं दिया गया, जो कि लोकतांत्रिक संवाद की अनदेखी है। वहीं सोशल समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व अधिवक्ता बताने वाली रेनू सिंह राणा ने भी कमिश्नरी चौराहे पर पहुंचकर डीजीपी से मुलाकात कराने की बात कही तो पुलिस ने उन्हे गेट के बाहर रोकते हुए थाने भिजवा दिया। उनका कहना था कि वह जनता की समस्या लेकर नहीं अपनी समस्या लेकर उनसे मिलना चाहती है।

# भाजपा नेता कमल दत्त शर्मा ने दिव्यांग को दी व्हीलचेयर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बस्ती में रह रहे दुर्बल वर्ग के परिवारों की सहायता के लिए मेरठ शहर के भाजपा प्रत्याशी कमल दत्त शर्मा ने बर्न केस में विकलांग हुए युवक के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था कराई तथा पीड़ित विधवा महिला जिसका 90 प्रतिशत विकलांगबेटा है के लिए आर्थिक सहयोग का प्रबंध कराया। व्हील चेयर की व्यवस्था हंस मल्टीस्पेसिलिटी हॉस्पिटल कंकरखेड़ा के प्रबंधक डॉ. विजय शर्मा, डायरेक्टर डॉ. ऋचा शर्मा, डायरेक्टर डॉ. दिव्यांशु सेंगर तथा विशु माहेश्वरी ने की। सेवा भारती के महानगर के अध्यक्ष जनार्दन शर्मा अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह संस्था हमेशा मदद करती है।

# चार युवको ने किशोर को पीटा हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र नैडू गांव में रंजिश के चलते चार युवकों ने किशोर के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। मारपीट में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल अवस्था में किशोर को छोड़कर आरोपी मौके से फरार हो गए। मौके पर पहुंचे परिजनों ने किशोर को बेहा. 'शी की हालत में मेरठ के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया वहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल किशोर व परिजन महकसिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके भतीजे को गांव के ही प्रिंस पुत्र रामवीर, हर्ष पुत्र प्रवीण उसे जामुन खिलाने के बहाने साथ ले गए थे। वहां बैठे लविश, और निखिल पुत्र विनोद ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी।

# शराब पीने के बाद दोस्तो से कहासुनी में हुई मारपीट में हुई थी सतीश की हत्या

- पुलिस ने घटना का खुलासा कर एक आरोपी को भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जानी खुर्द। मंगलवार को सतीश की हत्या का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। एक सप्ताह पूर्व बागपत रोड स्थित जीत फार्म हाउस के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से सतीश की मृत्यु हो गई थी इसमें उसके भाई सोनू ने सड़क दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी लेकिन परिवार वाले इसको हत्या मानकर चल रहे थे और लगातार जानी थाने के चक्कर काट रहे थे।

इसी के चलते अभी करीब चार दिन पूर्व परिवार वालों ने जानी थाने में धरना दिया था। जिसमें परिवार वालों ने बताया था कि सतीश बीस हजार रुपए बैंक से निकालकर घर नहीं लोटा और पुलिस लगातार परिजनों के थाने के चक्कर कटवा रही है तभी मौके पर सीओ सरधना संजय जयसवाल, थानाध्यक्ष महेश कुमार राठौर ने धरना समाप्त किया और जल्द से जल्द खुलासा करने की बात कही थी पुलिस के अनुसार एक सप्ताह पूर्व सतीश गांव कुराली से बीस हजार रुपए निकाल कर घर जा रहा था तभी जानी के भुपगढी ठेके पर सतीश शराब पीने लगा जहां उसकी मुलाकात आकाश और मोनू से हुई और उनकी दोस्ती हो गई लगातार शराब पीने के बाद सतीश ने कहा कि वह उसे घर छोड़ दें जब वह बागपत रोड जीत फार्म हाउस स्थित पहुंचे तो सतीश आकाश और मोनू में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसमें सतीश की बेटी को आकाश और मोनू गलत शब्द प्रयोग करने लगे जिसमें सतीश में इसका विरोध किया तो मोनू ने उसको थप्पड़ मार दिए जिसमें सतीश नीचे गिर पड़ा और उसके कान के नीचे से खून बहने लगा और उसकी मृत्यु हो गई। मोनु और आकाश दोनों ने उसकी जेब से 20 हजार रूपये निकाल कर वहीं पर छोड़ गए। पुलिस ने अतुल उर्फ मोनू पुत्र अमरपाल निवासी जटपुरा के रूप में हुई जहां पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया और चालान कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया की दूसरा साथी आकाश भी जल्द पकड़ा जाएगा।

# पानी नहीं आने पर फूटा क्षेत्रवासियों का गुस्सा, नगर आयुक्त आवास के बाहर पार्षद संग की नारेबाजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पिछले तीन दिनों से पानी की परेशानी झेल रहे वार्ड-44 के क्षेत्रवासियों का गुस्सा उस समय फूट पड़ा, जब दर्जनों महिलाएं अन्य क्षेत्रवासियों के साथ नगर आयुक्त सौरभ गंगवार के आवास पर पहुंची और नगर निगम अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा किया। इस दौरान हंगामा कर रही महिलाओं ने आरोप लगाते हुए बताया कि पिछले तीन दिनों से क्षेत्र की जनता पानी नहीं होने की शिकायत नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों को लगातार कर रही है, बावजूद इसके सब कुछ जानते हुए भी नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी आंखें मूंदे बैठे है। वार्ड-44 से भाजपा पार्षद उत्तम सैनी ने बताया कि, क्षेत्र में न तो सफाई व्यवस्था दुरुस्त है और न ही कूड़ा उठाने का कोई समाधान किया जा रहा है। जबकि, पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में पानी ही नहीं आ रहा है। जिसके चलते क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उत्तम सैनी ने आरोप लगाते हुए बताया कि, वह खुद और क्षेत्र की जनता पिछले तीन दिनों से लगातार नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों से इस समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं। लेकिन, अधिकारी और कर्मचारी क्षेत्रवासियों की बात सुनने के लिए तैयार ही नहीं। जिसके चलते आज उन्हें नगर आयुक्त सौरभ गंगवार के आवास पर प्रदर्शन करना पड़ा। वहीं, क्षेत्रवासियों द्वारा किए गए। हंगामे को बढ़ता देख अपर नगर आयुक्त पंकज सिंह मौके पर पहुंचे और महिलाओं को शांत करने की कोशिश की। लेकिन, काफी देर तक महिलाएं नारेबाजी और हंगामा करती रही। इस दौरान महिलाओं ने साफ कहा कि, जब तक अधिकारी उनके साथ उनके वार्ड में जाकर समस्या को नहीं देखेंगे, तब तक वह यहां से नहीं जाएंगी। इसके बाद खुद अपर नगर आयुक्त पंकज सिंह वार्ड 44 पहुंचे और क्षेत्रवासियों की समस्या को देखते हुए जलकल विभाग में फोन कर पानी की परेशानी को दूर करने के निर्देश दिए।

# आज भाकियू के अलावा कई ट्रेड यूनियन कार्यकर्ता करेंगे धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाकियू के जिलाध्यक्ष ने बुधवार को (आज) किसानों के साथ हो रहे अत्याचारों को लेकर धरना प्रदर्शन करने का एलान किया हुआ है। वहीं सरकार की नीतियों के विरोधों में लगभग 10 ट्रेड यूनियन के कार्यकर्ता भी संयुक्त रूप से धरना प्रदर्शन करेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता संतोष परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 10 ट्रेड यूनियनों के कार्यकर्ता कमिश्नरी पार्क में एकत्र होंगे वहां से जुलूस के रूप में जिला मुख्यालय पहुंचेंगे और कर्मचारियों की समस्या को लेकर सरकार के नाम एक ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपेंगे। बुधवार का दिन हलचल का रहेगा।

### सिसौला कला में दौड़ी खुशी की लहर

# भारत केसरी बाबर पहलवान ने अमेरिका में वर्ल्ड एंड फायर गेम्स में लहराया परचम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** कहते हैं मेहनत एक दिन रंग लाती है और जब इंसान मेहनत करता है तो ऊपर वाला भी इसका फल देता है ऐसा ही जानी ब्लाक के गांव सिसौला कला निवासी बाबर पहलवान ने अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड एंड फायर गेम्स में भारत का प्रचम लहराया। मेरठ जिले के बाबर पहलवान भारत केसरी ने चांदी का पदक जीतकर न केवल सिसोला कला का नाम रोशन किया बल्कि अपने देश का भी किया जब वह अपने गांव पहुंचे तो गांव वालों की खुशी का ठिकाना न था उनके स्वागत में हर जगह फूल माला लेकर लोग खड़े थे। वहीं जिला पंचायत सदस्य नवाजिश चौधरी ने अपने आवास पर उनका स्वागत किया और उनको बधाई दी। जिला पंचायत नवा. जिश चौधरी ने कहा कि देश के हर नौजवान को ऐसे ही अपने गांव और देश का नाम रोशन करना चाहिए और खुशनसीब है वह मां-बाप जिन्होंने ऐसे पहलवान को जन्म दिया। इस मौके पर शाहनवाज प्रधान, बाबू प्रधान, सरफराज चौधरी, मोहम्मद इस्लाम, गुलफाम, अमीर आलम आदि ने फूल माला से स्वागत किया।

# नवाचार केंद्र की स्थापना से छात्रों के लिए खुलेंगे नए दरवाजे: जयंत चौधरी





**कृषि तकनीक नवाचार केंद्र का लोकार्पण करते अतिथिगण। पाबली गांव में आयोजित मैंगों पार्टी में शामिल होते हुए।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आज कृषि तकनीक नवाचार केंद्र का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री भारत सरकार धर्मेंद्र प्रधान एवं अति विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार जयंत चौधरी, विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री कृषि विभाग सूर्य प्रताप शाही एवं उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री साइंस एंड टेक्नोलॉजी अनिल कुमार, कृषि विवि की कुलपति डॉक्टर के.के. सिंह ने गांधी हॉल में आयोजित समारोह को दीप प्रज्जित कर प्रारंभ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा भारत सरकार द्वारा आईआईटी रोपड़ को कृषि के क्षेत्र में नवाचार करने हेतु सहायता प्रदान की गई थी उनके द्वारा कृषि के क्षेत्र में काफी योगदान किया जा रहा है और उसी क्रम में एक सेंटर सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में खोला गया है उन्होंने कहा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के माध्यम से किसान अब अपनी कम लागत में अधिक पैदावार ले सकते हैं।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय जयंत चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा की नई तकनीक की पहुंच अब किसानों तक पहुंच रही है इस समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े हुए बीच स्टार्टअप की एग्जीबिशन किसानों के लिए काफी प्रेरणादायक है। युवा भारत में युवा और आगे बढ़ सके तथा लैब से गांव तक विज्ञान को पहुंचाने का काम भी तेजी से हो रहा है। किसान भी नवाचार की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मेरठ के छात्रों के लिए नई संभावनाएं और नए दरवाजे इस कृषि तकनीक नवाचार केंद्र के माध्यम से खुल सकेंगे। उन्होंने कहा कि गन्ने की 238 प्रजाति काफी अच्छी थी लेकिन रेट रोड डिजीज के कारण इस प्रजाति का नुकसान हुआ है। आने वाले समय में वैज्ञानिकों द्वारा शोध करके नई गन्ने की प्रजातियां का विकास किया जाएगा उनका उत्पादन भी अच्छा होगा। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार में विज्ञान एवं तकनीक मंत्री अनिल कुमार नेभी अपना संबोधन किया।

कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के के सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपण के संयुक्त सहयोग से स्थापित किया जा रहे। इस कार्यक्रम का संचालन प्रेरणा सिकरवार तथा धन्यवाद प्रस्ताव अधिष्ठाता डॉक्टर जयवीर यादव द्वारा दिया गया डॉक्टर जयवीर यादव ने बताया कि इस केंद्र के खुल जाने के बाद पश्चिम उत्तर प्रदेश के युवाओं किसानों के अलावा देश के विभिन्न भागों के युवाओं को लाभ होगा। इस अवसर पर शहर विधायक अमित अग्रवाल, महापौर हरिकांत अहलूवालिया, चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी की कुलपति संगीता शुक्ला, सांसद धर्मेंद्र भारद्वाज, भाजपा जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा, सत्येंद्र सिसोदिया, प्रदेश सचिव रणवीर दहिया, राहुल देव प्रमुख तथा अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर कृषि के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे 10 प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया गया। इसके बाद दोनों नेता पाबली गांव में आयोजित आम पार्टी में भी शामिल हुए।



**जिलाधिकारी कार्यालय पर धरने पर बैठे छात्र।**

# प्राथमिक विद्यालय मर्ज हुए तो होगा बड़ा आंदोलन: अंशु मलिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को समाजवादी छात्र सभा जिला अध्यक्ष अंशु मलिक के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा 5000 प्राथमिक विद्यालयो को बंद व मर्जन के विरोध में राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में सरकार द्वारा रोक नहीं लगी तो एक बड़े आंदोलन किया जाएगा।

### सूचना

मेरी बेटी का जन्म 30 जुलाई 2024 को मेरठ में हुआ था। उसके जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम गलती से निशी शर्मा लिखवा दिया गया था जबकि बेटी को नमस्वी वशिष्ठ के नाम से जाना व पुकारा जाता है और भविष्य में भी नमस्वी वशिष्ठ के नाम से जाना व पहचाना जाएगा। बेटी के जन्म प्रमाण पत्र का अभी तक कोई भी उपयोग नहीं किया गया है। -नितिश वशिष्ठ पुत्र शिवकुमार शर्मा, 247 ऊंचा मौहल्ला, कसेरूखेड़ा, मेरठ।

## खेल विशेष
## अंतर्राष्ट्रीय अफगान अंपायर बिस्मिल्लाह जान शिनवारी का निधन



**काबुल, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय अंपायर बिस्मिल्लाह जान शिनवारी का निधन हो गया है जिससे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट समुदाय शोक में डूब गया है। आईसीसी के अंतर्राष्ट्रीय अंपायर पैनल के सदस्य, शिनवारी ने 25 वनडे और 21 टी-20 मैचों में अंपायरिंग की, उन्होंने दिसंबर 2017 में शारजाह में अफगानिस्तान और आयरलैंड के बीच एकदिवसीय मैच की देखरेख करते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। अफ़ग़ानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को अपनी श्रद्धांजलि पोस्ट की। ''एसीबी के नेतृत्व, कर्मचारी और पूरा अफगानअटलान परिवार अफगानिस्तान के एलीट अंपायरिंग पैनल के सम्मानित सदस्य बिस्मिल्लाह जान शिनवारी के निधन से बहुत स्तब्ध और दुखी है। हम बहुत दुख के साथ शिनवारी के बीमारी के बाद निधन की खबर साझा कर रहे हैं। बिस्मिल्लाह जान अफगान क्रिकेट के महान सेवक थे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड उनके परिवार, दोस्तों और पूरे अफगान क्रिकेट बिरादरी के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और गहरी सहानुभूति व्यक्त करता है। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने बिस्मिल्लाह के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कह कि 'खेल में उनका योगदान बहुत बड़ा था और क्रिकेट समुदाय उन्हें बहुत याद करेगा। हम इस नुकसान से बहुत दुखी हैं और उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।

# भारत को लॉर्ड्स में तेजी और उछाल से मात देने को बेताब इंग्लैंड



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने इस सप्ताह लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी 'जीवंत पिच' की मांग की है। इस मैच में जोप्रफा आर्चर और गस ऐटकिंसन की वापसी हो सकती है। इसके साथ ही वे भारत से एजबस्टन में मिली 336 रन की बुरी हार से भी उबरना चाहते हैं।

इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि एजबस्टन में तैयार की गई 'उपमहाद्वीप जैसी' पिच और टॉस पर गेंदबा. जी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया। वे गुरुवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में घरेलू हालात का बेहतर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। वे अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करने पर भी विचार कर रहे हैं क्योंकि इन गेंदबाजों को पिछले दो टेस्ट के दौरान मैदान पर काफी मेहनत करनी पड़ी है। पिछले महीने लॉर्ड्स में हुए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान तेज गेंदबाजों का दबदबा दिखा था, जहां पैट कमिंस और कैगिसो रबाडा को अच्छी सीम मूवमेंट मिली थी। मैकुलम ने भी ऐसी ही पिच की मांग की है, जिसमें थोड़ी रफ्तार, उछाल और मूवमेंट हो। उन्होंने कह कि यह मैच शानदार होगा, लेकिन अगर पिच में जान रही तो यह और भी जबरदस्त होगा। 2018 में लॉर्ड्स की हरियाली भरी पिच पर भारत बुरी तरह फंस गया था, लेकिन चार साल पहले टीम ने यहां पर एक रोमांचक टेस्ट मैच भी जीता था। भारत बर्मिंघम में आराम दिए गए जसप्रीत बुमराह की वापसी का इंतजार कर रहा है। वह भी एक अलग तरह की पिच की उम्मीद कर रहा है।

उनके कप्तान शुभमन गिल ने कह कि देखते हैं लॉर्ड्स में हमें कैसी पिच मिलती है। मेरा अंदाजा है कि यह सपाट नहीं होगी। आर्चर ने दूसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड के साथ अभ्यास किया था और पूरी तरह से गेंदबाजी भी की थी। वह पिछले महीने ससेक्स के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लौटे और

- **ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि एजबेस्टन में तैयार की गई पिच और टॉस पर गेंदबाजी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया**

धीरे-धीरे अपना वर्कलोड बढ़ा रहे हैं। को. हनी और पीठ की चोटों के चलते वह फरवरी 2021 से टेस्ट क्रिकेट से बाहर हैं। मैकुलम ने इशारा दिया है कि वह वापसी कर सकते हैं। उन्होंने कह कि 'वह (आर्चर) चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। हमारे तेज गेंदबाज लगातार दो टेस्ट खेल चुके हैं और अब हमें मुख्य मैदान पर जाना है। हम इस मैच के बाद हम स्थिति का आकलन करेंगे। वहीं जोफ्रा फिट हैं, मज़बूत हैं, खेलने के लिए तैयार हैं और वह चयन के दायरे में होंगे। यह हमारे लिए एक उत्साहजनक खबर है। वह टीम के साथ रहकर काफी खुश हैं और उनका टीम के साथ होना शानदार है।

# भारतीय अंडर-15 कुश्ती टीमों का बिश्केक में शानदार प्रदर्शन

- **भारतीय दल ने 6 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य सहित 8 पदक जीते**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-15 कुश्ती टीमों ने 4 से 7 जुलाई तक बिश्केक (किर्गिस्तान) में आयोजित 2025 अंडर-15 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला कुश्ती श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की गई।

भारत ने फ्री स्टाइल कुश्ती में टीम चैंपियन का खिताब जीता भारतीय अंडर-15 फ्री स्टाइल कुश्ती टीम कुल 203 अंक हासिल करके टीम चैंपियन बनी, जबकि जापान 166 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय दल ने 6 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य सहित 8 पदक जीते और प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाए रखा। फ्री स्टाइल में पदकों की होड़ की शुरुआत वंश अहलावत से हुई, जिन्होंने रोमांचक मुकाबले में अपने जापानी प्रतिद्वंद्वी को 9-8 के स्कोर से हराकर भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उनकी जीत से प्रेरित होकर, टीम ने अनुकरणीय भावना दिखाई। आर्यन (44 किग्रा) ने तकनीकी श्रेष्ठता (16-6) से किर्गिज पहलवान को हराया प्रथमेश सूर्यकांत पाटिल ने अपने उज्बेक प्रतिद्वंद्वी को 7-4 से हराया। रोहित मान ने ताजिकिस्तान पर 10-0 की तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। सचिन (68 किग्रा) ने अपने उज्बेक प्रतिद्वंद्वी को हराकर जीत हासिल की। कार्तिक (85 किग्रा) ने कजाकिस्तान को 3-1 से हराकर जीत हासिल की। भारतीय महिला पहलवानों ने टीम उपविजेता का खिताब जीता। महिला कुश्ती टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए 202 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही, जो जापान से थोड़ा पीछे है।

# सूची में शीर्ष स्थान के करीब पहुंची दीप्ति



- **दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान से आठ रेटिंग अंक दूर हैं**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा टी-20 क्रिकेट में नंबर 1 गेंदबाज बनने के करीब पहुंच गई हैं। वह आईसीसी महिला टी-20 खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष स्थान से आठ रेटिंग अंक दूर हैं। दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकांश समय टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन 27 वर्षीय दीप्ति कभी भी शीर्ष स्थान पर नहीं रही हैं, जबकि हाल के दिनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। टी-20 रैंकिंग में नवीनतम अपडेट में दीप्ति ने एक स्थान की छलांग लगाई है और ऑस्ट्रेलिया की तेज गें. दबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से केवल आठ रेटिंग अंक पीछे है।

दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। सीरीज के अंतिम दो मुक. ाबलों में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के साथ यह ऑफ स्पिनर अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है। टीम की साथी अरुंधति रेड्डी भी रैंकिंग में सुधार कर रही हैं। इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में सीरीज के सबसे हालिया मैच में तीन विकेट लेने के बाद इस तेज गेंदबाज ने 11 पायदान की छलांग लगाई है और टी-20 गेंदबाजों की सूची में 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

इंग्लैंड की कई गेंदबाजों ने भी लंदन के प्रतिष्ठित मैदान पर पांच रन से मिली जीत के बाद रैंकिंग में सुधार किया है। तेज गेंदबाज इस्सी वोंग (तीन पायदान ऊपर चढ़कर 57वें स्थान पर) और लॉरेन फाइलर (21 पायदान ऊपर चढ़कर 68वें स्थान पर) दो सबसे बड़ी छलांग लगाने वाली गेंदबाज हैं। वहीं तेज गें. दबाज लॉरेन बेल ने रैंकिंग में चौथा स्थान बरकरार रखा है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी मामूली बढ़त बनाए हुए हैं, हालांकि इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों द्वारा अपनी मौजूदा श्रृंखला में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के बाद शीर्ष 10 के बाहर कुछ बदलाव हुए हैं।

भारत की डायनेमो जेमिमा रोड्रिग्स ब्रिस्टल में श्रृंखला के दूसरे मैच में अर्द्धशतक बनाने के बाद दो स्थान की बढ़त हासिल कर 12वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि सलामी बल्लेबाज डैनी वायट-हॉज और सोफिया डंकले ओवल में अपनी शानदार साझेदारी के बाद इंग्लैंड के दृष्टिकोण से बड़ी विजेता हैं। दोनों ने इंग्लैंड की जीत में मदद करने के लिए अच्छे समय में शुरुआती विकेट के लिए 137 रन जोड़े, जिसके परिणामस्वरूप वायट-हॉज टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीन स्थान के सुधार के साथ 14वें स्थान पर पहुंच गई।

डंकले चार स्थान की बढ़त के साथ उसी सूची में 26वें स्थान पर पहुंच गई। इंग्लैंड की प्रमुख स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन को भी कुछ लाभ हुआ है।

## जिम्बाब्वे खिलाड़ी पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगा जुर्माना

**बुलावायो, वार्ता।** जिम्बाब्वे के कुंडाई माटिगिमु को द. अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए दंडित किया गया। कुंडाई माटिगिमु पर बुलावायो में द. अफ्रीका के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना द. अफ्रीका की पहली पारी के 72वें ओवर के दौरान हुई, जब माटिगिमु ने अपने फॉलो-थ्रू में एक गेंद को फील्ड किया और बल्लेबाज लुआन- डी प्रीटोरियस की ओर फेंका, जो काफी नजदीक से उनकी कलाई पर लगी। घटना के आधार पर, मैटिगिमु को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-9 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में ब्रंट करेगी इंग्लैंड की कप्तानी

**लंदन, वार्ता।** ग्रोइन इंजरी से जूझ रहीं नैट सिवर-ब्रंट भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चयनित 15 सदस्यीय इंग्लैंड की टीम की अगुवाई करती दिखेंगी। नैट सिवर-ब्रंट दूसरे टी-20 में बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गई थीं जिसके बाद शेष सीरीज के लिए टैमी बोमॉन्ट को टीम की कमान सौंपी गई थी।

हालांकि चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि पहले वनडे से पहले सिवर-ब्रंट फिट हो जाएंगी। इंग्लैंड की वनडे टीम में सोफी एक्लस्टोन की भी वापसी हुई है जो कि सीजन की शुरुआत में चोट से रिकवरी के चलते वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं बन पाई थीं, एक्लस्टोन को सारा ग्लेन की जगह टीम में शामिल किया

- **नैट सिवर ब्रंट दूसरे टी-20 में बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गई थीं**

गया है। माइया बाउचर जिन्हें सिवर-ब्रंट के रिप्लेसमेंट के तौर पर टी-20 सीरीज़ के लिए बुलावा आया था, उन्हें भी वनडे टीम में शामिल किया गया है। लॉरेन फाइलर जिन्होंने शुक्रवार को स्मृति मंधाना और जेमिमाह रॉड्रिग्स के अहम विकेट चटकाते हुए इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका अदा की उन्हें जनवरी में हुए एशेज टूर के बाद पहली बार इंग्लैंड की वनडे टीम में शामिल किया गया है। टी-20 सीरीज में अब तक भारतीय टीम ने इंग्लैंड टीम को काफी परेशानी में डाला है। भारत पहले दो मैच जीतकर इस समय पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। हालांकि द ओवल में खेले गए तीसरे मैच में नियमित कप्तान सिवर-ब्रंट की अनुपस्थिति में इंग्लैंड ने भारत को एक करीबी मुक़ाबले में शिकस्त दी। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी जिसका आग़ाज़ 16 जुलाई को साउथम्पटन में होगा। सीरीज का दूसरा मैच 19 जुलाई को लॉर्ड्स और जबकि अंतिम मैच 22 जुलाई को चेस्टर-ली-स्ट्रीट में खेला जाएगा।

**इंग्लैंड टीम:** नैट सिवर-ब्रंट (कप्तान), एम आरलट, टैमी, लॉरेन बेल, माइया बाउचर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविड्सन, चार्ली, सोफिया, सोफी, लॉरेन, एमी, एमा लैंब, लिंसी स्मिथ।

# सलमान अली आगा बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज में पाकिस्तान की अगुवाई करेंगे

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह सीरीज इस महीने के आखिर में मीरपुर में खेली जाएगी। पूर्व मुख्य खिलाड़ी बाबर, रिजवान और शाहीन शाह टीम से बाहर रहने वाले उल्लेखनीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। फहीम अशरफ और फखर टी-20 टीम में वापस आ गए हैं। अशरफ ने आखिरी बार 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 मैच खेला था, जबकि जमान ने इस प्रारूप में पिछली बार 2024 में हिस्सा लिया था। इस बीच, अहमद दानियाल ने पीएसएल 2025 में शानदार प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में पहली बार जगह बनाई है। तेज



गेंदबाजों में, नसीम शाह और मोहम्मद वसीम जूनियर अभी भी अपनी-अपनी चोटों से उबर रहे हैं, जबकि हारिस रऊफ यूएसए में एमएलसी 2025 में खेलते समय चोटिल हो गए हैं।

**पाक टीम:** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, अहमद दानियाल, फहीम अशरफ, फखर, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल, अब्बास अफरीदी, हारिस, मोहम्मद नवाज, फरहान, अयूब, सलमान मिर्जा, सुफियान मोकिम।

# सिनर, स्वियाटेक और बेन शेल्टर विंबलडन के क्वार्टरफाइनल में

- **हाल के वर्षों में विंबलडन में सबसे आश्चर्यजनक बदलावों में से एक में, सिनर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे**

**लंदन, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जानिक सिनर, नंबर एक महिला खिलाड़ी इगा स्वियाटेक और बेन शेल्टन ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर विम्बलडन टेनिस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

हाल के वर्षों में विंबलडन में सबसे आश्चर्यजनक बदलावों में से एक में, सिनर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जब ग्रिगोर दिमित्रोव को दो सेट से आगे होने के बावजूद मैच के बीच में ही रिटायर होना पड़ा। यह ड्रामा पहले ही गेम में शुरू हो गया, जब शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर नियमित स्लाइड के दौरान फिसल गए और उनकी कोहनी में चोट लग गई। हालांकि उन्होंने खेलना जारी रखा, लेकिन उनकी खास सर्विस लय ने उनका साथ छोड़ दिया और मैच जल्दी ही दिमित्रोव के पक्ष में झुक गया। बुल्गारियाई खिलाड़ी ने बढ़त हासिल की, पहले दो सेटों में जीत हासिल की और 2014 के बाद से अपने पहले विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए तैयार दिखाई दिए। लेकिन जैसे ही दिमित्रोव एक प्रसिद्ध जीत के करीब पहुंचे, आपदा आ गई। तीसरे सेट में 2-2 की बराबरी पर, नंबर 19 सीड खिलाड़ी ने अचानक अपने दाहिने पेक्टोरल मसल को जकड़ लिया और दर्द से कराहते हुए घास पर गिर पड़ा। हालांकि उसने अभी-अभी सर्विस की थी, लेकिन वह लगभग रोने लगा था। उपचार का प्रयास किया गया, लेकिन यह स्पष्ट हो गया कि वह आगे नहीं खेल सकता। अपनी सर्विसिंग आर्म को मुश्किल से उठा पाने के कारण, दिमित्रोव को रिटायर होना पड़ा, ग्रैंड स्लैम में यह उसका लगातार पांचवां मध्य-मैच रिटायरमेंट था। मैच की शुरुआत बहुत ही जोश के साथ हुई थी, क्योंकि दिमित्रोव ने छह मिनट के शुरुआती गेम में सर्विस को बरकरार रखा। सिनर, जिनकी सर्विस पहले तीन राउंड में 36 सर्विस गेम तक बिना टूटे रही, ने तुरंत ही परेशानी के लक्षण दिखाए। दूसरे सेट की शुरुआत में, उन्होंने पहले आठ अंक गंवा दिए और 2-3 पर मेडिकल टाइमआउट की जरूरत पड़ी। एक दर्द निवारक और मालिश ने कुछ समय के लिए मदद की, लेकिन दिमित्रोव ने अपना दबदबा बनाए रखा।

## वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में अंकित ने 86 किलो भार-वर्ग में जीता रजत पदक

**सोनीपत, वार्ता।** ब्रिटेन के बर्मिंघम शहर में वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा के सोनीपत के लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के अंकित दहिया ने 86 किलो भारवर्ग में खेलते हुए भारत के लिए रजत पदक जीता। बॉक्सिंग कोच रो. हतास कुमार ने बताया कि अंकित दहिया ने क्वार्टरफाइनल मुक़ाबले में कनाडा के टेलर बेयर्ड को 0-5 के स्कोर से हराकर अपने सेमीफाइनल मुक़ाबले में मैक्सिको के जेवियर अलेजांद्रो को 5-0 के स्कोर से हराकर रजत पदक जीतकर अपने देश व एकेडमी का नाम रोशन किया। अंकित दहिया ने इससे पहले लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में भी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी एकेडमी का नाम रोशन किया हैं।

# मैं जोकोविच-अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा: विराट

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने कहा है कि वह नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को विम्बलडन के फाइनल में देखना पसंद करेंगे और उन्हें उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे।

विराट ने स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार विंबलडन 2025 के विशेषज्ञ, दिग्गज विजय अमृतराज से विशेष बातचीत की, जो 7 जुलाई को नोवाक जोकोविच और एलेक्स डी मिनौर के बीच मुकाबला देखने के लिए अनुष्का शर्मा के साथ मौजूद थे। कोहली ने हाल के वर्षों में विंबलडन खेलों में भाग लेने के अपने अनुभव और अपने वर्तमान पसंदीदा टेनिस खिलाड़ी के बारे में बताया। विराट कोहली ने अपने पसंदीदा पुरुष एकल खिलाड़ी के बारे में कह कि मैं पिछले कुछ समय से नोवाक



- **नोवाक निश्चित रूप से सभी समय के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में चर्चा में है**

जोकोविच के संपर्क में हूं। हमने संदेशों का आदान-प्रदान किया है, और वह बहुत दयालु रहे हैं। मैं नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा - और मुझे उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे। पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तान ने कहा कि यह उनके करियर के इस चरण में एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वह निश्चित रूप से सभी समय के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में चर्चा में हैं। यदि महानतम नहीं हैं - सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ। वह वास्तव में अपनी कड़ी मेहनत के लिए इसके हकदार हैं। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि वह फाइनल में कार्लोस से खेलेंगे और जीतेंगे। विराट कोहली ने विंबलडन में भाग लेने के अपने पहले अनुभव पर कहा कि यहां फिर से आना बहुत अच्छा लग रहा है। अनुष्का और मैं 2015 में आए थे। यह शानदार सेंटर कोर्ट में होने का हमारा पहला अनुभव था।

# युवा खिलाड़ियों से जुड़ने और उन्हें प्रोत्साहित करने की धोनी की क्षमता वाकई खास है: रोहित

**नई दिल्ली, वार्ता।** 7 शेड्स ऑफ एमएस धोनी' नामक नए शो में, जियोहॉटस्टार ने क्रिकेटरों और विशेषज्ञों, जैसे विराट कोहली, रोहित शर्मा, जोस बटलर, मैथ्यू हेडन, संजय मांजरेकर और आकाश चोपड़ा से दिल को छू लेने वाले किस्से और दुर्लभ जानकारियां साझा कीं। उन्होंने अपने अनुभव, अविस्मरणीय पल और खेल और अपने जीवन पर धोनी के स्थायी प्रभाव को साझा किया।

जियो हॉटस्टार के विशेष शो '7 शेड्स ऑफ एमएस धोनी' पर विशेष रूप से बोलते हुए, स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2019 के दौरान एमएस धोनी की शांत उपस्थिति और स्थायी नेतृत्व पर विचार किया। विराट ने कहा कि उनका सबसे बड़ा कौशल सबसे कठिन क्षणों में अपना संयम बनाए रखना है। यही कारण है कि वह इतने अच्छे हैं, क्योंकि वह दबाव में सही निर्णय लेने में सक्षम हैं। वह हमेशा शांत और संयमित रहते हैं और वह खुद को उस मानसिक स्थिति में आने देते हैं,



- **माही हमेशा शांत और संयमित रहते हैं और वह खुद को उस मानसिक स्थिति में आपने देते हैं, जहां वह महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं**

जहां वह सबसे महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। उनसे सीखने के लिए बहुत कुछ है। जब मैं भारतीय टीम में आया, तो वह मेरे कप्तान थे और वह हमेशा मेरे कप्तान रहेंगे। धोनी के स्थायी प्रभाव पर, भारत के बल्लेबाज रोहित शर्मा ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2021 के दौरान ड्रेसिंग रूम में एमएसडी की मौजूदगी के बारे में बात की। रोहित ने कहा कि मेरे अपने दृष्टिकोण से, 2007 में, मैंने वास्तव में उनके नेतृत्व में अपना विश्व कप डेब्यू किया था। तब से, हमारा सफर बहुत लंबा रहा और हमने साथ में बहुत क्रिकेट खेला। युवाओं से जुड़ने और उन्हें प्रोत्साहित करने की उनकी क्षमता, चाहे खेल की स्थिति हो या खिलाड़ी का प्रदर्शन, वास्तव में कुछ खास है। वह हमेशा एक खिलाड़ी के आसपास एक शांत माहौल बनाने की को. शिश करते हैं, ताकि वे असुरक्षित महसूस न करें। मेरा मानना है कि यह एक बेहद महत्वपूर्ण गुण है। इंग्लैंड के पूर्व व्हाइट-बॉल कप्तान जोस बटलर ने 2019 में विश्व कप के दौरान धोनी की जमकर तारीफ की बटलर ने कहा,ह्एक साथी विकेटकीपर के रूप में, वह मेरे लिए एक आदर्श रहे हैं। मिस्टर कूल। मुझे हमेशा मैदान पर उनका व्यक्तित्व पसंद रहा है( जब वह बल्लेबाजी करते हैं तो वह बहुत शांत और नियंत्रण में दिखते हैं। स्टंप के पीछे उनके हाथ बिजली की तरह तेज हैं, और उन्हें खेल को गहराई तक ले जाना पसंद है।

# टैरिफ वॉर तेज

सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बांग्लादेश, जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। साथ ही समय सीमा में भी इजाफा किया। जैसाकि हम जानते हैं कि ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर नौ जुलाई डेडलाइन बताई थी, जो अब एक अगस्त तक के लिए बढ़ा दी गई है। इन 14 देशों में भारत शामिल नहीं है। भारत की बातचीत बराबर चल रही है और ऐसी खबरें आ रही हैं कि अमेरिका व भारत ट्रेड डील करने के बेहद करीब पहुंच गए हैं, लेकिन यह भी कहा जा रहा है कि अगर एक अगस्त से पहले समझौता नहीं हुआ तो भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लागू हो सकता है।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा है कि भारत राष्ट्रीय हितों को सबसे ऊपर रखेगा। मतलब साफ है कि भारत अपने हितों के अनुसार ही अमेरिका से व्यापारिक डील करेगा। अब तक अमेरिका ने सिर्फ ब्रिटेन और वियतनाम के साथ दो शुरुआती डील की हैं। अमेरिका ने म्यांमार पर 40 प्रतिशत टैरिफ लगाया है जो एक अगस्त से लागू होगा, जबकि जापान, साउथ कोरिया पर 25 प्रतिशत है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि ट्रम्प टैरिफ को लेकर बेहद गंभीर हैं और किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। ब्रिक्स से जुड़े देशों को वह चेतावनी दे चुके हैं और कह चुके हैं कि अगर ब्रिक्स देशों ने अमेरिका के हितों को चोट पहुंचाई, तो वे उन पर अतिरिक्त टैरिफ लगाएंगे। मतलब साफ है कि ट्रम्प सारे हथकंडे अपना रहे हैं। उनका व्यवहार भी स्थिर नहीं है वह कब क्या कर दें कुछ नहीं कहा जा सकता। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करते हुए जो पत्रकारों से बात की, वह उनके व्यवहार को बताने के लिए काफी है। उनका कहना था कि अमेरिका ने ब्रिटेन और चीन के साथ समझौता किया है। भारत के साथ वह व्यापार समझौते पर पहुंचने के करीब है, लेकिन यह कहते हुए वह दावा करने से नहीं चूके कि उनकी सरकार ने भारत-पाक के बीच बहुत बड़ी लड़ाई रुकवा दी थी। यह दावा पहले ही वह 14 से अधिक बार कर चुके हैं और यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मजे की बात यह है कि वह इस संघर्ष को रुकवाने में जिस धमकी का इस्तेमाल कर रहे हैं वह व्यापार की है। उनके अनुसार व्यापार ही वह शक्ति है जिसके बल पर उन्होंने भारत-पाक के बीच संघर्ष रुकवाया था। चीन ने भी ट्रम्प के रवैये की आलोचना की है, जिस तरह वह व्यापार को लेकर देशों से बात कर रहे हैं। चीन उससे नाखुश है। चीन का कहना है कि वह किसी भी प्रकार के टैरिफ और ट्रेड वॉर का विरोध करता है। टैरिफ लगाने के नाम पर धमकाना अथवा गैर जरूरी दबाव डालने का हर रास्ते पर विरोध करने की बात चीन ने कही है। अब देखना यह है कि डोनाल्ड ट्रम्प अपनी सोच को किस तरह आगे बढ़ाते हैं, लेकिन अब तक जो अमेरिकी राष्ट्रपति की जो छवि बनी है वह कोई विशेष उत्साह नहीं जगाती। उनके फैसलों से दुनिया में उथल पुथल ही अधिक मचती दिखाई दे रही है। सबसे बड़ी दिक्कत तो उनका व्यवहार है, जो किसी के समझ में नहीं आ रहा है। अब देखना है कि एक अगस्त के बाद किस तरह के समझौते सामने आते हैं।

## न्यायपालिका में कार्यपालिका का दखल नहीं होना चाहिए



डा.बीआर आंबेडकर ने संविधान सर्वोपरि की बात की थी, उनका मानना था कि न्यायपालिका को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त होना चाहिए, यानी न्यायपालिका में कार्यपालिका का दखल नहीं होना चाहिए, आंबेडकर ने कहा था कि हम सभी संविधान की सर्वोच्चता में विश्वास करते हैं, जो शांति और युद्ध के दौरान देश को एकजुट रखेगा, संविधान तीनों अंगों कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका को अधिकार देता है, न्यायपालिका को नागरिकों के अधिकारों के प्रहरी और संरक्षक के रूप में काम करना चाहिए, आंबेडकर ने यह भी कहा था कि संविधान स्थिर नहीं रह सकता, इसे जैविक होना चाहिए और निरंतर विकसित होना चाहिए।

**-भूषण रामकृष्ण गवई, मुख्य न्यायाधीश**

# ई डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान

कल्पना कीजिए कि आप किसी जंगल या शहर की सड़क पर चल रहे हैं और आपको दूर-दूर तक किसी जीव या इंसान का नामोनिशान तक न दिखे, फिर भी वैज्ञानिक यह बता दें कि वहां से कौन-कौन से जीव गुजरे चुके हैं, कौन से वायरस मौजूद थे और यह भी बता दें कि वहां से गुजरने वाले लोग किस मूल के हैं और यदि यह कहा जाए कि यह कोई कोरी कल्पना नहीं, बल्कि हकीकत है तो? यह संभव हुआ है पर्यावरणीय डीएनए (ई-डीएनए) का विश्लेषण करने की एक नई तकनीक नैनोपोर सिक्वेंसिंग से। शोधकर्ताओं ने इसका इस्तेमाल किसी क्षेत्र में मौजूद जैव-विविधता की तस्वीर पेश करने में किया है।


गौरतलब है कि हर सजीव, चाहे वह इंसान हो, जानवर हों या वनस्पतियां, अपने आसपास के वातावरण में त्वचा की झिल्ली, लार, बाल या कोशिकाओं जैसे बहुत बारीक कण छोड़ते रहते हैं, जिनमें उनका डीएनए होता है। वैज्ञानिक इन कणों को मिट्टी, पानी या हवा से इकट्ठा कर यह पता लगा सकते हैं कि वहां कौन-कौन से जीव मौजूद हैं या थे। इस तरह प्राप्त डीएनए को पर्यावरणीय डीएनए या ई-डीएनए कहते हैं। पहले वैज्ञानिक मेटाबारकोडिंग नामक तकनीक से ई-डीएनए का अध्ययन करते थे। इससे यह पता चलता था कि किस तरह के जीव वहां थे, लेकिन यह तरीका धीमा, महंगा और सीमित जानकारी वाला था। फिर आई शॉटगन सिक्वेंसिंग तकनीक। इसमें किसी खास डीएनए को ढूंढने की बजाय नमूने के सम्पूर्ण डीएनए के छोटे-छोटे टुकड़ों का अनुक्रमण किया जाता है और उन्हें किसी पजल की तरह कंप्यूटर की मदद से जोड़कर पहचान की जाती है।

अब, एक नई तकनीक (नैनोपोर सिक्वेंसिंग) विकसित की गई है। इसकी मदद से वैज्ञानिक एक बार में डीएनए की लंबी श्रृंखला पढ़ सकते हैं। इससे नतीजे और भी सटीक मिलते हैं और तो और यह तकनीक न सिर्फ तेज और सस्ती है, बल्कि इतनी कॉम्पैक्ट है कि इसे लैपटॉप से जोड़ा जा सकता है। इस तकनीक को आजमाने के लिए वैज्ञानिकों ने अप्रैल 2023 में फ्लोरिडा के वॉशिंगटन ओक्स गार्डन्स स्टेट पार्क में हवा के नमूने इकट्ठा किए। उन नमूनो में डीएनए का विश्लेषण करके बताया कि वहां एक जंगली बिल्ली (बॉबकैट), एक जहरीला सांप, चमगादड़, मच्छर, एक पक्षी (ऑस्प्रे), और अफ्रीकी, यूरोपीय और एशियाई मूल के इंसान मौजूद थे। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने वहां इनमें से कोई जीव नहीं देखा था।

इसी तरह का एक अध्ययन आयरलैंड की राजधानी डबलिन की हवा के नमूने लेकर भी किया गया। यहां वैज्ञानिकों को इंसानों की ज्यादा विविध जेनेटिक जानकारी मिली। उन्हें 221 प्रकार के इंसानी वायरस और बैक्टीरिया के डीएनए मिले जो फ्लोरिडा के मुकाबले 7 गुना अधिक थे। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह तकनीक जंगलों और शहरों में जैव विविधता की निगरानी करने में काफी उपयोगी है। इसके अलावा, बाहरी और संकटग्रस्त प्रजातियों पर नजर रखने, बीमारियां फैलाने वाले वायरस या बैक्टीरिया की पहचान करने और बिना संपर्क के इंसानी उपस्थिति तथा वंश का अध्ययन करने में भी मददगार होगी। इससे किसी भी जगह पर मौजूद जीवन की एक पूरी तस्वीर सिर्फ हवा के विश्लेषण से मिल सकती है, लेकिन इसके साथ एक चिंता भी है। यदि वैज्ञानिक हवा से इंसानी डीएनए पहचान सकते हैं, तो इसका इस्तेमाल किसी व्यक्ति पर नजर रखने के लिए भी किया जा सकता है। हालांकि अब तक के अध्ययनों में सिर्फ सामान्य वंश की जानकारी मिली है, किसी व्यक्ति विशेष की नहीं। लेकिन भविष्य में यह तकनीक इतनी विकसित हो सकती है कि व्यक्ति विशेष की जानकारी भी दे सके। कानून विशेषज्ञ नताली राम का कहना है कि सरकारें या निजी कंपनियां इस तकनीक का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर निगरानी के लिए कर सकती हैं। एक प्राइवेट कंपनी तो ऐसे छोटे ई-डीएनए स्कैनर बना रही है जो चुपचाप किसी कमरे में वायरस या इंसानी डीएनए की निगरानी कर सकता है।

हालांकि, यह तकनीक है तो बहुत रोमांचक, लेकिन अभी इस पर कफी काम किया जाना बाकी है। उदाहरण के तौर पर, वैज्ञानिकों को फ्लोरिडा के समुद्री पानी में काऊपॉक्स वायरस के डीएनए के अंश मिले हैं, जबकि वहां ऐसा वायरस पाया ही नहीं जाता है। इससे यह सवाल उठता है कि कहीं इतने छोटे डीएनए अंश झूठी या भ्रामक जानकारी तो नहीं दे रहे? वैज्ञानिकों को ऐसे नतीजों को बहुत सोच-समझकर देखना चाहिए, क्योंकि सिर्फ डीएनए का मौजूद होना यह नहीं साबित करता कि वह जीव वास्तव में वहीं है या वह सक्रिय है।

**-स्रोत फीचर्स**



## अमेरिकी बच्चों की सेहत पर 'महा' रिपोर्ट

मेक अमेरिका हेल्दी अगैन (महा - MAHA) आयोग ने हाल ही में अमरीकी बच्चों की सेहत को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में अमरीकी बच्चों में तेजी से बढ़ते जीर्ण रोगों पर चिंता व्यक्त की गई है। आयोग ने कहा है कि अमेरिका में बच्चों की सेहत पर सर्वाधिक असर अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खानपान, हवा, पानी व भोजन के जरिए रसायनों से संपर्क, सुस्त जीवन शैली, मोबाइल-लैपटॉप स्क्रीन पर बिताए गए समय और चिकित्सकीय हस्तक्षेप के अतिरेक का हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वास्थ्य सम्बंधी अधिकांश शोध फिलहाल कॉर्पोरेट प्रभाव में किया जा रहा है जिसे बदलने की जरूरत है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 2020 की आहार सम्बंधी सलाहकार समिति में 95 प्रतिशत सदस्यों के कॉर्पोरेट विश्व के साथ वित्तीय सम्बंध थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1970 के दशक के बाद बचपन में मोटापे की स्थिति में तीन गुना वृद्धि हुई है और आज साढ़े तीन लाख से ज्यादा बच्चे मधुमेह से पीड़ित हैं। तंत्रिका विकास सम्बंधी विकार बढ़ रहे हैं और हर 31 में से 1 बच्चा ऑटिज्म से प्रभावित है। वर्ष 2022 में हर 4 में से 1 किशोर लड़की में अवसाद की घटना हुई थी। आश्चर्यजनक खुलासा यह किया गया है कि फिलहाल किशोरों में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण खुदकुशी है। रिपोर्ट बताती है कि एलर्जी, आत्म-प्रतिरक्षा रोग वगैरह भी तेजी से बढ़े हैं। और तो और, रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि कम से कम 40 प्रतिशत अमरीकी बच्चे किसी-न-किसी एक जीर्ण तकलीफ से ग्रस्त हैं। देखा जाए तो शायद रिपोर्ट के कई निष्कर्ष गलत नहीं हैं, लेकिन विशेषज्ञों ने इसे लेकर कई सवाल भी उठाए हैं। मजेदार बात यह है कि महा रिपोर्ट महज 3 माह में तैयार कर ली गई है और यही आलोचना का प्रमुख बिंदु बना है। कई विशेषज्ञों का मत है कि रिपोर्ट एआई (कृत्रिम बुद्धि) द्वारा तैयार करवाई गई है। इसे लेकर कई अन्य प्रमाण भी प्रस्तुत किए गए हैं। बहरहाल, रिपोर्ट को लेकर अन्य दिक्कतें भी सामने आई हैं। जैसे एक संस्था नॉटअस द्वारा विश्लेषण पर पता चला कि इसमें कई ऐसे अध्ययनों का हवाला दिया गया है जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। कई मामलों में शोधकर्ताओं के नाम गलत दिए गए हैं, पूरा संदर्भ नहीं दिया गया है। कई शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि उनके जिस शोध पत्र का हवाला दिया गया है, वह अस्तित्व में ही नहीं है। कई मामलों में अध्ययनों के निष्कर्षों को गलत प्रस्तुत किया गया है। जैसे आईकान स्कूल ऑफ मेडिसिन की मरिआना फिगेरो के पर्चे को इस बात के प्रमाण के रूप में उद्धरित किया गया है कि स्क्रीन पर बिताया गया समय बच्चों की नींद में गड़बड़ी पैदा करता है, हालांकि यह अध्ययन कॉलेज के छात्रों पर किया गया था और इसमें नींद का मापन शामिल नहीं था। विशेषज्ञों का मत है कि ट्रम्प सरकार एक ओर तो विज्ञान में सर्वोच्च मानक स्थापित करने की बात कर रही है, वहीं ऐसे फर्जी संदर्भों, गलतबयानी वाली रिपोर्ट के आधार पर भविष्य की योजना बनाने की बात कर रही है।

# सोनमर्ग जहां हर कदम पर बिखरा है सौंदर्य

**सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं और स्वर्ग जैसी जगह का अनुभव करना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।**

जम्मू और कश्मीर राज्य के गंदरबल जिले में स्थित सोनमर्ग जिसका अर्थ है सोने की घाटी एक सुरम्य पर्यटन स्थल है, जो प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और रोमांचक गतिविधियों का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। समुद्र तल से लगभग 2,800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह जगह गर्मियों के मौसम में हरे-भरे घास के मैदानों और जाड़ों में बर्फीले चादरों से ढकी होती है।



**प्राकृतिक सौंदर्य की अद्भुत झलक**

सोनमर्ग चारों ओर से बर्फ से ढकी ऊंची-ऊंची चोटियों, देवदार और चीड़ के घने जंगलों तथा कलकल बहती नदियों से घिरा हुआ है। यहां की सबसे प्रसिद्ध नदी है सिंध नदी, जो बर्फीले ग्लेशियरों से निकलती है और यहां के जीवन को जीवन्त बनाती है।

**प्रमुख आकर्षण स्थल**

1. **ठाजीवास ग्लेशियर**- यह सोनमर्ग से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित है और यहां का सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल है। पर्यटक यहां घोड़ों पर सवारी करके जाते हैं और बर्फ में खेलते हैं। गर्मियों में भी यहां बर्फ देखने को मिलती है।
2. **जोजिला पास**- यह दर्रा नगर को लेह-लद्दाख से जोड़ता है। साहसिक पर्यटकों के लिए यह स्थान बेहद रोमांचक है। यह रास्ता ऊंचा, घुमावदार और रोमांच से भरपूर होता है।
3. **बालटाल**- यह अमरनाथ यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। सोनमर्ग से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित यह जगह अमरनाथ गुफा तक ट्रेकिंग के लिए जानी जाती है।

**रोमांच और गतिविधियां**

**ट्रेकिंग**- सोनमर्ग से कई खूबसूरत ट्रेक शुरू होते हैं, जैसे गंगाबल झील ट्रेक, किशनसर और विषनसर झील ट्रेक आदि।

**फिशिंग**- सिंध नदी ट्राउट मछली पकड़ने के लिए प्रसिद्ध है।

**कैम्पिंग**- घास के मैदानों में टेंट लगाकर रात बिताने का अनुभव बेहद खास होता है।

**प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग**

सोनमर्ग उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो भीड़भाड़ से दूर, शांतिपूर्ण वातावरण में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेना चाहते हैं। फूलों से ढके मैदान, नीले आसमान के नीचे बर्फ से चमकते पहाड़ और पंछियों की मधुर चहचहाहट यह सब किसी चित्रपटल जैसा लगता है।

**कैसे पहुंचें**- हवाई मार्ग- निकटतम हवाई अड्डा नगर (लगभग 80 किमी) है।

**सड़क मार्ग**- नगर से सोनमर्ग तक का सफर टैक्सी या बस से आसानी से किया जा सकता है। यात्रा के दौरान मनोहारी .श्य मन मोह लेते हैं।

**यात्रा का उपयुक्त समय**- मई से सितंबर तक का समय सोनमर्ग घूमने के लिए सबसे अच्छा होता है। सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण रास्ते बंद हो सकते हैं, पर बर्फ प्रेमियों के लिए यह भी एक अनोखा अनुभव हो सकता है।

सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।

**...साभार प्रभा**

# गुरु जीवन रूपी अंधेरों को मिटाकर उजाला करते हैं



**ललित गर्ग**

भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है-ईश्वर से भी ऊंचा। गुरु न केवल ज्ञानदाता हैं, वे जीवन के वास्तुकार, जीवन-निर्माता एवं संस्कारदाता हैं। वे शिष्य को केवल अक्षरों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि आत्मा के स्वरूप से उसका परिचय कराते हुए उसका जीवन-निर्माण करते हैं। वे न केवल अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं, बल्कि जीवन की दुविधाओं, असमंजसों और भ्रमों को दूर कर उसे सार्थक दिशा देते हैं। ऐसे ही गुरु-तत्व के पूजन का पर्व है-गुरु पूर्णिमा, जो हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को श्रद्धा और समर्पण से मनाया जाता है। हिन्दू धर्म की मान्यता के अनुसार इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते है। वेदव्यास ने चारों वेदों का संकलन किया, पुराणों की रचना की और महाभारत जैसा अद्वितीय महाकाव्य रचा।



वे न केवल ज्ञान के स्रोत थे, बल्कि आत्मबोध के महामार्गदर्शक भी थे। गुरु पूर्णिमा सन्मार्ग एवं सत-मार्ग पर ले जाने वाले महापुरुषों के पूजन का पव हैं, जिन्होंने अपने त्याग, तपस्या, ज्ञान एवं साधना से न केवल व्यक्ति को बल्कि समाज, देश और दुनिया को भवसागर से पार उतारने की राह प्रदान की है। भारतीय लोकचेतना में सत्य की ओर गति कराने एवं जीवन को जीवंतता देने वाले गुरु को ईश्वर माना गया है। इसीलिए पर्वों, त्यौहारों और उत्सवों की श्रृंखला में गुरु पूर्णिमा का सर्वोपरि महत्व माना गया है। यह अध्यात्म-जगत विशेषत: सनातन धर्म का महत्वपूर्ण उत्सव है, इसे अध्यात्म जगत की बड़ी घटना के रूप में जाना जाता है। गुरु एक नाम नहीं, एक स्थिति है। वे केवल शरीरधारी व्यक्ति नहीं, एक दिव्य ऊर्जा हैं, जो हमारे भीतर शक्ति, ज्ञान एवं संस्कार को जागृत करती है। कबीरदास ने कहा-गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाए? यह केवल काव्यात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि भारतीय आध्यात्मिक चेतना की वह आधारशिला है, जिस पर जीवन की संपूर्ण संरचना टिकी है। गुरु वही है जो मैं को गलाकर तू में मिला दे, जो अहंकार को मिटाकर आत्मा को उभार दे। यह केवल पूजा का दिन नहीं, आत्म-प्रेरणा का दिवस हैय गुरु के प्रति कृतज्ञता, मार्गदर्शन और जीवन को नया मोड़ देने वाले उस आधारस्तंभ को नमन करने का दिन है। गुरु पूर्णिमा का पर्व विशेष रूप से सनातन धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म एवं भारतीय ज्ञान परंपरा में अत्यंत पूज्यनीय है। भारत की मनीषा में गुरु केवल धार्मिक या शैक्षणिक संस्था के सदस्य नहीं हैं, बल्कि वे एक आध्यात्मिक बीज हैं, जो शिष्य के अंतर्मन में चेतना का वृक्ष बनकर प्रस्फुटित होते हैं। गुरु-शिष्य का संबंध केवल औपचारिक नहीं, आत्मिक होता है। शिष्य का अर्थ ही है-जो शीघ्र ग्रहण करे, जो समर्पित हो और गुरु का अर्थ है-गु यानी अंधकार और रु यानी प्रकाश-जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए। प्राचीन गुरुकुल परंपरा में यह संबंध अत्यंत पवित्र और जीवनपर्यंत टिकने वाला होता था। शिष्य केवल विद्या ही नहीं, गुरु के जीवन से भी सीखता था।

चरित्र, संयम, श्रद्धा, विनम्रता और सेवा जैसे गुण गुरु के व्यक्तित्व से शिष्य के भीतर स्वत: उतरते थे। महावीर ने गौतम गणधर को, बुद्ध ने आनंद को, नानक ने अंगद को, कृष्ण ने संदीपनि को और फिर स्वयं अर्जुन को शिष्यत्व प्रदान किया। राम ने गुरु वशिष्ठ और विश्वामित्र से जीवन की मर्यादा सीखी, वहीं कृष्ण ने अर्जुन को युद्धभूमि में कर्मयोग का उपदेश देकर जगतगुरु का दर्जा पाया। ये उदाहरण दिखाते हैं कि सच्चा गुरु केवल ज्ञान नहीं देता-वह जीवन का दृष्टिकोण बदल देता है। आज भौतिकतावादी युग में गुरु के प्रति आस्था में गिरावट आई है। शिक्षा संस्थान सूचना का प्रसार कर रहे हैं, लेकिन जीवन मूल्यों का संचार नहीं कर पा रहे। विद्यार्थियों को डिग्रियां तो मिल रही हैं, पर दिशा नहीं। ज्ञान है, पर विवेक नहींय विज्ञान है, पर आत्मा नहींय बुद्धि है, पर करुणा नहीं। इसका मूल कारण है-जीवन में सच्चे गुरु का अभाव। आज ट्यूटर हैं, टीचर हैं, प्रोफेसर हैं-पर गुरु नदारद हैं। ऐसे में गुरु पूर्णिमा हमें याद दिलाती है कि केवल पढ़ना-पढ़ाना पर्याप्त नहीं है, जीवन जीने की कला सिखाने वाला गुरु चाहिए। गुरु जीवन की धार को नया मोड़ देते हैं। जैसे नदी जब किसी घाट से गुजरती है, तो उसका स्वरूप बदलता है, वैसे ही गुरु का सान्निध्य शिष्य के भीतर नई चेतना, नई दृष्टि और नया जीवन का संचार करता है। वे हितचिंतक, मार्गदर्शक, विकास प्रेरक एवं विघ्नविनाशक होते हैं। उनका जीवन शिष्य के लिए आदर्श बनता है। उनकी सीख जीवन का उद्देश्य बनती है। अनुभवी आचार्यों ने भी गुरु की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए लिखा है-गुरु यानी वह अर्हता जो अंधकार में दीप, समुद्र में द्वीप, मरुस्थल में वृक्ष और हिमखण्डों के बीच अग्नि की उपमा को सार्थकता प्रदान कर सके। गुरु केवल उपदेश नहीं देता, वह जीता है। उसकी हर बात, हर चुप्पी, हर दृष्टि, हर मौन एक शिक्षा होती है।

उसका जीवन एक ग्रंथ होता है, जिसकी हर बात शिष्य के जीवन में अमिट छाप छोड़ती है। शास्त्रों में कहा गया है-गुरु बिना गति नहीं, गुरु बिना ज्ञान नहीं, गुरु बिना मोक्ष नहीं। गुरु ही शिष्य के अंतर्मन में आत्मा की चिंगारी प्रज्वलित करता है। आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती है-सच्चे गुरु की पहचान। आज ऐसे कई कथित गुरु हैं जो अपने अनुयायियों की संख्या, चमत्कारों और धन-संपत्ति के आधार पर महान कहलाते हैं। वे गुरु नहीं, व्यापारी हैं-जो मोक्ष, आत्मज्ञान, कुण्डलिनी जागरण, रोग निवारण और चमत्कारों के नाम पर लोगों की भावनाओं का दोहन कर रहे हैं। इनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। ऐसे अज्ञानी, धन-लोलुप और पाखंडी लोगों ने गुरु परंपरा की छवि को धूमिल किया है। सही कहा गया है-पानी पीजै छान के, गुरु कीजै जान के। सच्चा गुरु न विज्ञापन करता है, न दिखावा। वह न चमत्कार दिखाता है, न भीड़ जुटाता है। वह मौन से शिक्षा देता है, दृष्टि से दिशा देता है और आशीर्वाद से शांति देता है। उसका सान्निध्य ही साधना है, उसकी चरण-वंदना ही ऊर्जा है। गुरु पूर्णिमा हमें स्मरण कराती है कि चातुर्मास काल में जब ईश्वर निद्रा में होते हैं तब गुरु ही हमें मार्ग दिखाते हैं। वे हमारे दु:खों का हरण करते हैं, मोह का निवारण करते हैं और जीवन को नई दृष्टि देते हैं। गुरु का सच्चा सम्मान केवल उनकी मूर्ति पर फूल चढ़ाना नहीं है, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलना है। उनके उपदेशों को आत्मसात करना, अपने जीवन में विनम्रता, सेवा, संयम और समर्पण जैसे गुणों को विकसित करना ही सच्ची गुरु-पूजा है। तुलसीदासजी ने हनुमान चालीसा में लिखा है-जय जय जय हनुमान गोसाईं, कृपा करहु गुरुदेव की नाई। जिनके पास कोई गुरु न हो, वे हनुमानजी को गुरु बना सकते हैं-क्योंकि गुरुत्व एक चेतना है, एक भावना है, एक समर्पण है। पश्चिमी देशों में गुरु का कोई महत्व नहीं है, वहां विज्ञान और विज्ञापन का महत्व है परन्तु भारत में सदियों से गुरु का महत्व रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अफगान मुद्दे पर भारत ने बनाई दूरी

## संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान पर प्रस्ताव के मतदान से अलग रहा भारत

**संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान में महिलाओं की दशा और आंतकवाद की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव पर मतदान से खुद को अलग रखते हुए कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने का समन्वित प्रयास करना चाहिए ताकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से घोषित आतंकवादी संगठन और व्यक्ति अपनी करतूतों के लिए अफगान क्षेत्र का दुरुपयोग न कर सकें।



**भारत एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान के निर्माण के प्रयासों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है**

**केवल दंडात्मक कार्रवाई से अफगानिस्तान की स्थिति में सुधार नहीं होगा: पी हरीश**

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि, राजदूत पी हरीश ने प्रस्ताव पर अपने वक्तव्य में 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले की अफगानिस्तान के तालिबान शासकों की ओर से गई कड़ी निंदा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान के निर्माण के प्रयासों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। हरीश ने यह कहते हुए कि केवल दंडात्मक कार्रवाई से अफगानिस्तान की स्थिति में सुधार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इसी दृष्टिकोण से 'भारत ने इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहने का फैसला किया है।

उन्होंने दोहराया कि सभी संबंधित हितधारकों के साथ निरंतर जुड़ाव और एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की। भारत के राजदूत ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने के लिए अपने समन्वित प्रयास इस तरह से करने चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से घोषित संस्थायें और व्यक्ति, अलकायदा और उनके सहयोगी, आईएसआईएल और उनके सहयोगी, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद शामिल हैं, अब आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफ़गानिस्तान की भूमि का दुरुपयोग न करें। इन समूहों में उनके क्षेत्रीय प्रायोजक भी शामिल हैं, जो उनके संचालन में सहायता करते हैं। उन्होंने अफ़गानिस्तान के लोगों के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंधों और उनकी मानवीय और विकास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने की स्थाई प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि भारत सभी प्रासंगिक हितधारकों के साथ निरंतर जुड़ाव के लिए प्रतिबद्ध है और एक स्थिर, शांतिपूर्ण एवं समृद्ध अफ़गानिस्तान की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों का व्यापक रूप से समर्थन करता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सोमवार को अमेरिका की आपत्तियों पर एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें अफ़गानिस्तान के तालिबान शासकों से महिलाओं और लड़कियों के उत्पीड़न को वापस लेने और सभी आतंकवादी संगठनों को खत्म करने का आह्वान किया गया। ग्यारह पृष्ठ के प्रस्ताव के पक्ष में 116 मत पड़े और भारत, रूस, चीन और ईरान सहित 12 लोगों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। प्रस्ताव जर्मनी की ओर से प्रायोजित था।



जम्मू। पंजीकरण केंद्र के बाहर पंजीकरण के लिए प्रतीक्षा कर रहे अमरनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए भोजन तैयार करते हुए।

## ब्रासीलिया पहुंचे पीएम मोदी का शिव तांडव के साथ हुआ स्वागत

**ब्रासीलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों के 8 दिवसीय विदेश यात्रा पर हैं। पीएम मोदी मंगलवार को रियो डी जनेरियो से ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। यहां पर उनका स्वागत शिव तांडव स्तोत्र और भारतीय शास्त्रीय नृत्य से किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 'यादगार स्वागत' बताया और प्रवासियों की अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी आज ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। ब्रासीलिया पहुंचे पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेइरो फिल्हो ने स्वागत किया। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। पीएम मोदी के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत 'भारत माता की जय' के नारों के साथ किया। इसी दौरान पीएम के स्वागत में संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

## केन्या के विरोध प्रदर्शनों में 10 लोगों की मौत, 28 घायल

**नैरोबी।** केन्या में प्रदर्शन के दौरान सोमवार को सुरक्षा अधिकारियों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में कम से कम 10 लोगों की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि अन्य 29 घायल हो गए। इस घटना में देशभर में अशांति फैल गई है।

**इस घटना में देशभर में अशांति फैल गई है**

एक सरकारी मानवाधिकार संस्था ने यह जानकारी दी है। केन्या राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (केएनसीएचआर) ने देश के 17 काउंटियों में 37 लोगों की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी है। केएनसीएचआर ने कहा कि लूटपाट और नुकसान के मद्देजर प्रमुख शहरों में व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। छह काउंटियों में लूटपाट की घटनाएं दर्ज की गई है जबकि मध्य केन्या में संदिग्ध आपराधिक तत्वों द्वारा कुछ सरकारी कार्यालयों में आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। मानवाधिकार संस्था ने एक बयान में कहा कि केएनसीएचआर ने पाया है कि पुलिस उच्च न्यायालय के उस आदेश की लगातार अवहेलना कर रही है, जिसमें कहा गया है कि प्रदर्शनों को रोकने वाले सभी अधिकारी वर्दी में रहें और हर समय पहचाने जाने योग्य बने रहें। पुलिस ने देश के प्रमुख सड़कों और प्रवेश बिंदुओं पर बड़े पैमाने पर पुलिस अवरोधक लगाए गए थे, जिससे लोगों की आवाजाही बुरी तरह बाधित हुई, जबकि सरकार ने 06 जुलाई को निर्देश जारी कर सभी सार्वजनिक कर्मचारियों को बिना किसी बहाने के काम पर आने को कहा था।

# इजरायल-अमेरिका की और बढ़ी नजदीकियां

## इजरायल ने नोबेल के शांति पुरस्कार के लिए ट्रम्प को किया नामित

**वाशिंगटन।** इजरायल सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। अमेरिका के दौरे पर पहुंचे इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए योग्य उम्मीदवार बताते हुए कहा कि उनको (ट्रम्प) पुरस्कार मिलना चाहिए।

नेतन्याहू ने ट्रम्प को वह पत्र भी सौंप दिया है, जिसे उनकी सरकार की ओर से नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा गया है। इस पत्र में ट्रंप की ओर से शांति प्रयासों को बताते हुए उनको नोबेल शांति पुरस्कार देने की सिफारिश की गई है। उन्होंने ट्रम्प से कहा कि आपको यह (शांति का नोबेल) मिलना चाहिए। आप इस सम्मान के लिए पूरी तरह से योग्य हैं। गौरतलब है कि इस साल जनवरी में ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद नेतन्याहू की अमेरिका की यह तीसरी यात्रा है। नेतन्याहू की इस यात्रा का मकसद गाजा में संघर्ष विराम पर चर्चा करना है। नेतन्याहू ने अब्राहम समझौते जैसे शांति समझौतों की मध्यस्थता में ट्रंप की भूमिका की प्रशंसा की, जिसका उद्देश्य इजरायल और विभिन्न अरब देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाना है। इसके साथ ही उन्होंने अन्य वैश्विक संघर्षों में शांति बनाए रखने में अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रयासों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प आप एक के बाद एक देश और एक क्षेत्र में शांति स्थापित कर रहे हैं।

इसलिए, मैं आपको नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा गया पत्र दिखाना चाहता हूँ। इसमें आपको शांति पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है, जिसके आप हकदार हैं। गौरतलब है कि इससे पहले पाकिस्तान भी अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल का शांति पुरस्कार देने की गुजारिश कर चुका है।

### इजरायल को अमेरिका से और हथियारों की खेप मिलने की उम्मीद

**यरूशलेम/वाशिंगटन।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है उन्हें उम्मीद है कि देश को भविष्य में अमेरिका से और हथियारों की खेप मिलेगी। नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ वाशिंगटन में सोमवार को रात्रिभोज के बाद कहा कि देश को भविष्य में पेंटागन से और हथियारों की खेप मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कम से कम कुछ समय के लिए ईरान आक्रामकता नहीं दोहराएगा लेकिन उनका देश ऐसी स्थिति के लिए तैयार है। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट में कहा गया कि दोनों नेताओं ने पिछले महीने ईरान के परमाणु ठिकानों पर इजरायल और अमेरिकी हमलों की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान एक बड़ी सफलता थी। उन्होंने हालांकि इस संभावना को स्वीकार किया कि अगर ईरान शांति बनाए रखना नहीं चाहता है तो शत्रुता फिर से शुरू हो सकती है।

## टेक्सास में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 87 हुई

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 87 हो गई है और कई अन्य लोग अभी भी लापता हैं।

स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। कैंप मिस्टिक ने सोमवार को केर काउंटी में ग्वाडालूप नदी के किनारे 99 साल पुराना ईसाई ग्रीष्मकालीन शिविर के शरणार्थियों और परामर्शदाताओं के निधन पर शोक व्यक्त किया। गौरतलब है कि भारी बारिश के कारण चार और पांच जुलाई को मध्य टेक्सास में अचानक बाढ़ आई। केर काउंटी के शेरिफ लैरी लीथा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कल सुबह तक शिविर की दस बालिकाओं और एक परामर्शदाता का पता नहीं चल पाया। उन्होंने कहा कि कल सुबह तक केर काउंटी में बाढ़ में 48 वयस्कों और 27 बच्चों की मौत की पुष्टि हुई थी, जिनमें से कई की पहचान की जानी बाकी है। मध्य टेक्सास में चार अन्य काउंटियों में 12 लोगों के मरने की रिपोर्ट सामने आई है, जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं।






# सर्बिया में सैकड़ों जंगलों में लगी आग, गर्मी के कारण राष्ट्रीय आपातकाल लागू

**बेलग्रेड।** सर्बिया में भीषण गर्मी और तेज़ हवाओं के कारण जंगलों में लगी तेजी से बढ़ रही है, जिसके कारण कई क्षेत्रों में आपातकाल की स्थिति घोषित की गई है और आग पर काबू पाने के लिए सैन्य बलों को तैनात किया गया है। सर्बिया के गृह मंत्रालय ने रविवार को बताया कि पिछले 24 घंटों में आग लगने की 200 से अधिक घटनाएं सामने आई हैं और इसके कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 14 अन्य लोग जख्मी हुए हैं।

दक्षिणी नगरपालिका कुर्सुमलिजा और पूर्व में बोर में आपातकाल की स्थिति घोषित की गई है। सर्बियाई सशस्त्र बल हेलीकॉप्टर पानी के टैंकरों और विशेष उपकरणों का उपयोग करके आग पर काबू पाने के काम में जुट गए हैं। स्थानीय अधिकारियों, अग्निशामकों और स्वयंसेवकों के साथ काम करते हुए वे दक्षिणी सर्बिया में कई जगहों पर आग पर काबू पाने में कामयाब रहे हैं, हालांकि कई हॉटस्पॉट अभी भी सक्रिय हैं। बोर एक ऐसा शहर है जो अपने खनन उद्योग के लिए जाना जाता है, क्रिवेलज बस्ती के पास 100 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में जंगल की आग जल रही है। चीनी संचालित ज़िजिन माइनिग सहित स्थानीय कंपनियों द्वारा समर्थित आपातकालीन दल चुनौतीपूर्ण, हवादार परिस्थितियों में आग की लपटों से जूझ रहे हैं। बोर झील के पास और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में भी आग लगी है। मध्य सर्बिया में सोमवार को गोर्नजी मिलनोवाक के आसपास आग के 12 घटनाएं सामने आयीं, जिससे कृषि संरचनाओं और वाहनों को नुकसान पहुंचा। क्रागुजेवैक, प्रोकुप्लजे, वलजेवो और निस जैसे शहरों में भी आग लगने की खबरें आई, जिससे घर, खेत और जंगल प्रभावित हुए। सर्बिया के उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री इविका डेसिक ने कहा कि रविवार को जंगल में आग लगने की 197 घटनाएं दर्ज की गईं। उन्होंने पुलिस, बचाव इकाइयों, हेलिकॉप्टरों और स्वयंसेवकों की भागीदारी को देखते हुए कहा कि सभी उपलब्ध संसाधन लगे हुए हैं। सरकार ने नागरिकों से खुली लपटों से बचने और किसी भी आग की सूचना तुरंत देने का आग्रह किया है।



**सर्बियाई सशस्त्र बल हेलीकॉप्टर पानी के टैंकरों और विशेष उपकरणों से आग पर काबू पाने में जुटे**











